लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 05 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 260 www.janexpresslive.com/epaper



मराठी पर गर्व करना गलत नहीं... 12

# ऑपरेशन सिंदूर में 3 दुश्मनों से लड़े : राहुल

## डिप्टी आर्मी चीफ बोले, पाकिस्तान को चीन ने हथियार और लाइव डेटा दिया, तुर्किए ने ड्रोन मुहैया कराए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त बॉर्डर एक और दुश्मन तीन थे। पाकिस्तान मोर्चे पर था। चीन और तुर्किए हथियार और बाकी दूसरे सपोर्ट मुहैया करा रहे थे। उन्होंने बताया, चीन ने पाकिस्तान को हथियार दिए और हमें हथियारों की टेस्टिंग के लिए लैब की तरह इस्तेमाल किया। चीन हमारे हर रणनीतिक कदम की लाइव अपडेट पाकिस्तान के साथ शेयर कर रहा था। तुर्किये ने बैरेक्टर समेत दूसरे ड्रोन दिए। इनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ भी किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने यह बात नई दिल्ली में फिक्की के न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीस इवेंट में बताई। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें कई महत्वपूर्ण सबक सिखाए। यह एक ऐसा संघर्ष था, जिसने मॉडर्न वॉरफेयर की कठिनाइयों को उजागर किया। इसलिए अब हमें और मजबूत एयर डिफेंस चाहिए।



युद्ध शुरू करना आसान है, लेकिन इसे कंट्रोल करना बहुत मुश्किल है। इसलिए यह एक बहुत ही शानदार चाल थी जो युद्ध रोकने सही समय पर खेली गई थी। – लेफ्टि. जन. राहुल आर सिंह उप सेना प्रमुख

### पिछले युद्धों की तरह दर्द बर्दाश्त नहीं कर सकते थे: लेफ्टिनेंट जनरल

लीडरशिप का संदेश साफ था। जिस तरह से हमने कुछ साल पहले बर्दाश्त किया, उस तरह से दर्द को सहने की कोई गुंजाइश नहीं थी। टारगेट की प्लानिंग और सिलेक्शन बहुत सारे डेटा पर बेस्ड था। इसलिए कुल 21 टारगेट की पहचान की गई, जिनमें से 9 को निशाना बनाना समझदारी समझी गई। लास्ट मोमेंट पर इन नौ लक्ष्यों पर निशाना लगाने का फैसला लिया गया। पूरे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस और उसका ऑपरेशन कैसे हुआ, यह बेहद अहम था। इस बार, हमारे पॉपुलेशन सेंटर पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अगली बार, हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। और इसके लिए ज्यादा से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम, काउंटर-रॉकेट आर्टिलरी ड्रोन जैसे सिस्टम तैयार करने होंगे। हमें बहुत तेजी से आगे बढ़ना होगा। हम इजराइल को देख रहे हैं। उनके पास आयरन डोम हैं। दूसरे एयर डिफेंस सिस्टम हैं। हमारे पास वैसी सुविधाएं नहीं है क्योंकि हमारा देश विशाल है। और ऐसी चीजों पर बहुत पैसा खर्च होता है। इसलिए हमें फिर से अपनी तैयारी और सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है।

### चीन-तुर्किए और पाकिस्तान के गठबंधन को किया बेनकाब

अपने संबोधन में उन्होंने चीन-तुर्किए और पाकिस्तान के गठबंधन को बेनकाब करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से जंग लड़ रहे थे। पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था और चीन उसे हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास 81 प्रतिशत सैन्य हार्डवेयर चीनी है। इस अभियान में चीन ने एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण अन्य हथियारों के खिलाफ किया। पाकिस्तान एक तरह से उनके लिए एक प्रयोगशाला की तरह उपलब्ध था। तुर्की ने भी इस प्रकार की सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आबादी वाले क्षेत्रों में एयर डिफेंस करना होगा मजबूत

अपने संबोधन में उन्होंने एक मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है तो वह आबादी वाले क्षेत्रों को निशाना बना सकता है। इस बार पूरे ऑपरेशन के दौरान एयर डिफेंस और उसका संचालन बेहतरीन था, लेकिन इस बार हमने आबादी वाले क्षेत्रों में एयर डिफेंस पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन भविष्य में हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।

### आखिरी घंटे में तय किया कि 21 में से किन नौ ठिकानों को निशाना बनाना है

फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ऑपरेशन सिंदूर के परिणामों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इसे हमें कुछ सबक मिले हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क में टारगेट की योजना और उनका चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था। यह प्रौद्योगिकी और मानव खुफिया जानकारी का उपयोग करके एकत्र किया गया था। हमने पाकिस्तान में कुल 21 टारगेट तय किए थे, जिनको निशाना बनाना था। फिर सेना की कार्रवाई से ठीक पहले आखिरी घंटे में यह तय किया गया कि 21 में से किन नौ ठिकानों को निशाना बनाना है। उसके बाद एक सुविचारित निर्णय लिया गया कि दुनिया को सही संदेश भेजने के लिए तीनों सेनाओं का यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि हम वास्तव में एक एकीकृत बल हैं।

### पहलगाम हमले का जवाब था ऑपरेशन सिंदूर

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम को रणनीतिक कदम करार दिया।

### पाक को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे

फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है।

# मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका खारिज की, वकील बोले, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज/ मथुरा**

मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष की याचिका पर 23 मई को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, 5 मार्च को हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने विवादित ढांचा घोषित करने को लेकर याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने कहा था कि मस्जिद के पास जमीन के कागज नहीं हैं, इन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाए। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी। कहा था, हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। इस मामले में जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की सिंगल बेंच में अब तक चार बार सुनवाई हो चुकी है। इस याचिका के अलावा, हिंदू पक्ष की 18 अन्य याचिकाओं पर भी हाईकोर्ट में सुनवाई अलग से चल रही है।



### हिंदू पक्ष की दलीलें

- भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मस्जिद के नीचे मौजूद है। ऐसे कई संकेत हैं, जो साबित करते हैं कि यह मस्जिद एक हिंदू मंदिर है।
- वहां कमल के आकार का एक स्तंभ है। शेषनाग की एक आकृति है, जो हिंदू देवताओं में से एक हैं और जिन्होंने जन्म की रात भगवान कृष्ण की रक्षा की थी।
- मस्जिद के स्तंभ के आधार पर हिंदू धार्मिक प्रतीक हैं और नक्काशी में यह साफ दिखते हैं।
- मुगलों ने यहां बने मंदिर को तोड़कर मस्जिद का निर्माण कराया था।
- अमीन का स्वामित्व कटरा केशव देव का है। बिना स्वामित्व अधिकार के वक्फ बोर्ड ने इसको वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया है।
- यह जगह पुरातत्व विभाग से संरक्षित है। स्द्ध ने इसको नजूल भूमि माना है। इसे वक्फ संपत्ति नहीं कह सकते हैं।
- बाई एकड़ में फैली शाही ईदगाह कोई मस्जिद नहीं है। ईदगाह में साल भर में केवल 2 बार नमाज पढ़ी जाती है।

### हिंदू पक्ष का दावा, मस्जिद की जगह पहले मंदिर था

हिंदू पक्ष ने याचिका में कहा था- शाही ईदगाह की जगह पहले मंदिर था। वहां पर मस्जिद होने का कोई भी साक्ष्य आज तक मुस्लिम पक्ष कोर्ट में पेश नहीं कर सका। जिसे मस्जिद कहा जा रहा है, उस की दीवारों पर हिंदू देवी देवताओं के प्रतीक चिह्न मौजूद हैं। किसी की जमीन पर अतिक्रमण करके बैठ जाने से, वह जमीन उसकी नहीं हो जाती है। न ही जमीन से जुड़ी खसरा-खतौनी में मस्जिद का नाम है। न नगर निगम में कोई रिकॉर्ड है और न ही टैक्स दिया जा रहा है। यहां तक की बिजली चोरी की रिपोर्ट भी शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ हो चुकी है। फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? जो प्रकरण अयोध्या में राम मंदिर और बाबरी मस्जिद का था। ठीक वही मामला मथुरा में भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि का है। कोर्ट ने अयोध्या मामले में अपना निर्णय देने से पहले बाबरी मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया था, इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाए।

### मुस्लिम पक्ष ने कहा था, 400 सालों से यह शाही ईदगाह

मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति में कहा था- हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। 400 सालों से यह शाही ईदगाह है, इसलिए इसे विवादित ढांचा घोषित करने की मांग कठोर दंड के साथ खारिज किया जाना चाहिए।

### जानिए कोर्ट ने जो कुछ कहा

कोर्ट ने कहा कि मूल वाद चल रहा है। हाईकोर्ट में ट्रायल चल रहा है। ऐसे में एक एप्लिकेशन पर विवादित ढांचा घोषित करने का कोई औचित्य नहीं। फिर जो मूल वाद है, उस पर असर पड़ेगा। मूल वाद ही इससे से जुड़ा है, इसलिए विवादित ढांचा का फैसला नहीं दिया जा सकता। वहीं, हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप ने इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाने की बात कही है।

### क्या है श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद

- पूरा विवाद मथुरा में 13.37 एकड़ जमीन को लेकर है
- करीब 11 एकड़ पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर बना है
- 2.37 एकड़ जमीन पर शाही ईदगाह मस्जिद है
- याचिका में ईदगाह मस्जिद हटाकर जमीन हिंदू पक्ष को देने की मांग
- 1968 में जमीन को लेकर हुए समझौते को भी रद्द करने की मांग

## लखनऊ में आम की मिठास और प्रगति का संगम!

# सीएम योगी ने 'यूपी आम महोत्सव 2025' का किया भव्य शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर-9, अमर शहीद पथ पर आम की खुशबू और किसानों की मेहनत का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज दिनांक 04 जुलाई 2025 को 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' का भव्य उद्घाटन किया। महोत्सव का आयोजन 04 से 06 जुलाई तक चलेगा, जिसमें आम की विविध किस्में, नवाचार, और बागवानी में हुई प्रगति को प्रदर्शित किया जा रहा है।




### मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील बागवानों को किया सम्मानित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रगतिशील बागवानों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि, उत्तर प्रदेश आज आम उत्पादन में देश का सिरमौर बन चुका है। यह केवल कृषि नहीं, हमारी संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने बागवानी और फल उत्पादन को रोजगार और निर्यात से जोड़ने की दिशा में राज्य सरकार की योजनाओं को भी विस्तार से बताया।

### देश-विदेश के खरीददार और विशेषज्ञ भी हुए शामिल

आम महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से आए विशेषज्ञ और खरीददार भी शामिल हुए। दशहरी, लंगड़ा, चौसा, आम्रपाली जैसी किस्मों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। साथ ही आम आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी और लाइव कार्यशालाओं ने भी लोगों को खूब आकर्षित किया।

### 'एक ज़िला, एक उत्पाद' योजना को मिला नया आयाम

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में एक जिला, एक उत्पाद योजना के तहत आम को बढ़ावा देने और ग्रामीण किसानों को वैश्विक बाज़ार से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, आम के माध्यम से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और किसानों की आमदनी में क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सकता है

### विशेष आकर्षण

- आम की 200 से अधिक किस्में प्रदर्शित
- बागवानी तकनीक पर विशेषज्ञ सत्र
- किसानों के लिए प्रशिक्षण और सरकार की नई योजनाओं की जानकारी
- आम पर आधारित व्यंजन और उत्पादों की प्रदर्शनी
- 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि यह राज्य की कृषि समृद्धि, परंपरा और आत्मनिर्भरता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश एक बार फिर से कृषि क्षेत्र में स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहा है।

# सीतापुर में स्कूल बस पलटने से नीचे दबकर एक बच्चे की मौत, कई घायल



**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

यूपी के सीतापुर में थानगांव के सुजातपुर गांव के पास एक स्कूली बस शुक्रवार दोपहर अनियंत्रित होकर पलट गई। इसकी चपेट में एक मासूम आ गया। वह बस के नीचे दब गया। वहीं बस अनियंत्रित होकर पलटने से बस सवार स्कूली बच्चे घायल हो गए। सूचना पर आई पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बस सवार बच्चो को सीएचसी भेजा। वहीं, बस के नीचे दबे मासूम को निकाला, उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महमूदाबाद के गोडैचा चौराहा पर सपा सरकार में मंत्री रहे नरेन्द्र वर्मा का सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान है। दोपहर करीब ढाई बजे बस वाहन सँख्या यूपी 34 टी 7620 छुट्टी होने के बाद बच्चों को लेकर हलीमनगर की तरफ जा रही थी।तभी अचानक मियांपुरवा से रसूलपुर जाने वाले मार्ग पर ललकपुरवा के पास ललकपुरवा के मजरा ग्वारी निवासी शहनवाज ( 8 ) सड़क पार कर रहा था। यह क्षेत्र थानगांव थाना क्षेत्र में आता है। शहनवाज को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई। बस शाहनवाज को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे खड्ड में जा गिरी। शहनवाज बस के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर थानगांव थानाध्यक्ष अतुल शुक्ला, रेउसा एसओ हनुमन्त तिवारी, सदरपुर इंस्पेक्टर मुकुल प्रकाश वर्मा, रामपुर मथुरा इंस्पेक्टर कृष्ण नन्दन तिवारी पहुंचे। शहनवाज के शव को थानगांव पुलिस ने अपनी गाड़ी से पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बस में सवार कई बच्चे भी घायल हुए हैं। जिनको सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया गया है।

# सिविल अस्पताल बना भ्रष्टाचार का अड्डा!

## वार्ड बॉय से लैब टेस्ट, ऑपरेटर से एलटी... मरीज भगवान भरोसे!





- शिवकुमार चौरसिया नाम का एक कथित दलाल खुलेआम मरीजों से पैसे वसूल कर रहा है
- जब जांच वार्ड बॉय करेगा तो सोचिए रिपोर्ट कितनी सही होगी!

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सिविल अस्पताल में मरीजों की जान अब राम भरोसे है! ऐसा तब महसूस होता है जब पैथोलॉजी जैसी संवेदनशील जगह पर वार्ड बॉय से एलटी (ब्लड टेस्ट) कराया जा रहा है। एलटी विभाग में ट्रेनिंग न पाने वाले लोग सिस्टम चला रहे हैं और जिनकी जिम्मेदारी मरीजों की देखभाल की है, वो कंप्यूटर पर 'सिस्टम' चला रहे हैं! राजकुमार, जो कि अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेटर है, एलटी एक्सपर्ट बन बैठा है। वहीं प्रेमलता महिला, जो वार्ड इंचार्ज हैं, वो भी एलटी विभाग का काम देख रही हैं। सवाल ये उठता है कि जब पेशेवर लोग हटा दिए जाएंगे और गैर प्रशिक्षित कर्मचारी तकनीकी काम करेंगे, तो मरीजों की जान की कीमत कौन चुकाएगा? मरीज गोविंद ने खुद कहा कि यहां सब राम भरोसे चल रहा है। जब जांच वार्ड बॉय करेगा तो सोचिए रिपोर्ट कितनी सही होगी! इतना ही नहीं, सिविल अस्पताल में दलालों का साम्राज्य भी फल-फूल रहा है। शिवकुमार चौरसिया नाम का एक कथित दलाल खुलेआम मरीजों से पैसे वसूल कर रहा है। कहते हैं, बगैर चौरसिया को चढ़ावा चढ़ाए यहां इलाज भी नहीं मिलता! हर किसी की जेब पर हाथ और मरीजों की तकलीफ पर व्यापार - यही सच्चाई है इस सरकारी अस्पताल की। प्रशासन बना मूकदर्शक, जैसे कोई तमाशा देख रहा हो। सिस्टम की नाकामी और लापरवाही ने इस अस्पताल को मौत का कुआं बना दिया है।

### जनता पूछ रही है

- क्या अब अस्पतालों में सिर्फ जुगाड़ से काम होगा?
- कब जागेगा प्रशासन?
- मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कब रुकेगा?
- जांच हो, कार्रवाई हो - और हो जवाबदेही!



# हरकी पैड़ी पर नदी उत्सव कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ने किया गंगा का पूजन, बोले, आज का दिन मेरे लिए खास

**जन एक्सप्रेस। हरिद्वार**

हरिद्वार में हरकी पैड़ी पर नदी उत्सव कार्यक्रम का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम ने मां गंगा की पूजा अर्चना कर राष्ट्र समाज के लिए सुख समृद्धि की कामना की। धामी ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए विशेष है। आज से चार वर्ष पूर्व मुझे उत्तराखंड राज्य के मुख्य सेवक के रूप में मेरी पार्टी ने मेरे लिए यह जिम्मेदारी तय की थी। इन चार वर्षों में अनेक चुनौतियां हमारे सामने आईं और हर बार वो चुनौतियां हमारे लिए अवसर बन गईं। इस मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए इसी भावना के साथ उत्तराखंड के स्वाभिमान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का हमने निरंतर प्रयास किया है।

# पौड़ी के साधना स्वायत्त सहकारिता को पीएम मोदी करेंगे सम्मानित, मिलेगा आत्मनिर्भर संगठन पुरस्कार

**जन एक्सप्रेस। पौड़ी**

जिला मुख्यालय पौड़ी के साधना स्वायत्त सहकारिता को आत्मनिर्भर संगठन पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया जाएगा। इस साल के स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साधना स्वायत्त को सम्मानित करेंगे। साधना स्वायत्त सहकारिता ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, सही दिशा, सहयोगी साथ हो तो विकास व परिवर्तन होना तय है। पौड़ी ब्लॉक के समीप संचाजिल हो रहे साधना स्वायत्त सहकारिता और दीदी कैफे काफी प्रचलित हो गया है। ग्रामीण महिलाओं ने स्वयं को सशक्त बनाते हुए आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। कैफे में समूह की महिलाएं स्थानीय लोगों और पर्यटकों को पारंपरिक पहाड़ी व्यंजनों को परोसती हैं। इससे महिला समूह को एक नया स्वरोजगार प्राप्त हुआ है। सहकारिता के माध्यम से फेडरेशन की 206 महिलाएं प्रतिदिन दूध संग्रहण कर डेयरी यूनिट का भी संचालन कर रही हैं। बताया कि कैफे यूनिट के संचालन से वर्ष 2023 से अब तक 9 लाख रुपये की आय हुई जिसमें 3.20 लाख का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। साधना स्वायत्त सहकारिता की अध्यक्ष मंजू देवी ने बताया कि इस पुरस्कार के लिए चयनित होने पर पूरी टीम ने लगन और मेहनत से कार्य किया। उन्होंने विभागीय मार्गदर्शन और सहायता के लिए उनका आभार जताया।



### आजीविका संवर्द्धन के लिए नई दिशा प्रदान की

कैफे को एनआरएलएम एवं सहयोगी संस्था हिमोथान सोसाइटी, टाटा ट्रस्ट्स के संयुक्त प्रयासों से वर्ष 2021 में स्थापित किया गया। विकासखंड पौड़ी में छह क्लस्टर लेवल फेडरेशन का गठन किया गया। इन्हीं में से एक साधना स्वायत्त सहकारिता जिसने आजीविका संवर्द्धन के नई दिशा प्रदान की।

# सहायक चकबंदी अधिकारी की लापरवाही पर खफा हुए डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता मे कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने चकबंदी कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सहायक चकबंदी अधिकारी श्याम लाल गौतम द्वारा चकबंदी कार्यों में लापरवाही बरतनें पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने चकबन्दी निदेशालय से निर्गत एक से नौ प्रारूपों पर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि जनपद में भूचित्र पुनरीक्षण अंतर्गत आठ ग्रामों में कार्य किया जा रहा है, लेकिन ग्राम औदहा में जन विरोध के कारण अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसी प्रकार धारा आठ पड़ताल के स्तर पर कुल 12 ग्राम है, जिनमें से दो ग्रामों में पड़ताल का कार्य चल रहा है तथा शेष ग्रामों के चकबन्दीकर्ता के कब्जा परिवर्तन में लगे होने के कारण पड़ताल कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। इसके अलावा ग्राम ऐंचवारा, मिर्जापुर, डुडौली तथा महरुच में चक सीमांकन कराया जा रहा है, जिनमें से ग्राम महरुछ का कब्जा परिवर्तन पूर्ण किया जा चुका है। इस पर डीएम ने संबंधित चकबन्दी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कब्जा परिवर्तन प्रत्येक दशा में 15 जुलाई तक पूर्ण कराएं। डीएम ने समीक्षा में पाया कि चकबन्दी न्यायालयों में जनपद के पांच वर्ष से अधिक अवधि के मुकदमें विचाराधीन नहीं है। बताया कि जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा 52 के अन्तर्गत ग्राम खरौंध लक्षित है, जिसमें ग्राम के अंतिम अभिलेख तैयार कराये जा रहे है। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मनोहर लाल वर्धन, चकबंदी अधिकारी संजय शुक्ला, शरद चंद्र यादव, धीरेन्द्र शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# इस्कॉन की भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा जिला मुख्यालय के नगर क्षेत्र में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के रथ को खीचा और प्रसाद ग्रहण किया।

भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा का शुभारंभ इस्कॉन के प्रदेश प्रमुख प्रेम हरिनाम व जिला प्रमुख अनन्तबलदेव अरविंद ने रथ की रस्सी खींच कर किया। सखा निताई एवं उनकी मण्डली द्वारा रथ यात्रा के दौरान श्रीकृष्ण नाम का संकीर्तन किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस्कॉन के संस्थसापक संस्थापक एसी भक्तिवेदांत प्रभुपाद की प्रेरणा से प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में हजारों शहरों में भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। चित्रकूट जनपद में भी विगत तीन वर्षों से इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह रथ यात्रा जिला मुख्यालय स्थित अग्रवाल धर्मशाला से शुरु की गई। जो नगर भ्रमण करते हुए धतुराहा चैराहा में समाप्त की गई। इस दौरान इस्कॉन के प्रदेश प्रमुख प्रेम हरिनाम ने सभी भक्तों को श्री जगन्नाथ कथा में रथ यात्रा का महत्व बताया। रथ यात्रा भ्रमण के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, समाजसेवी रामबाबू गुप्ता, गयाप्रसाद द्विवेदी, डॉ विभांशु गुप्ता, गजेन्द्र सिंह, गोपीकिशन अग्रवाल, रोहित जायसवाल, पुनीत अग्रवाल, शिवम गुप्ता, महेंद्र केशरवानी, शुभम तिवारी, अनूप गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, पवन कुमार, डॉ सौरभ गुप्ता, डॉ सुरुचि आर्य, सुनील सुहाने, डॉ अंकुश केशरवानी, डॉ रचित पांडेय, नवल पाण्डेय, दिशांत गुप्ता, भरत सिंह, जितेंद्र सिंह, राहुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# नाना ले लो सलाम अब हमारा, सुए करबल जा रहा हुसैन अब तुम्हारा

जन एक्सप्रेस । उरई



नाना ले लो सलाम अब हमारा, सुए करबल जा रहा हुसैन अब तुम्हारा, छह माह का लाड़ला, असगर भी है साथ में, अब्बास कासिम भी, अकबर भी है साथ में, फिर मदीने में ना होगा आना दोबारा, नाना ले लो सलाम अब हमारा। उक्त सलाम शायर कलीम दानिश कानपुरी ने मुस्लिम वैलफेयर एसोसिएशन की ओर से मोहल्ला तिलक नगर में आयोजित दस दिवसीय प्रोग्राम की सातवीं महफ़िल में गुरुवार की रात पैगाम-ए-शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस के दौरान पढ़ा। आगे पढ़ा, नेज़े पे कुरान को, चड़ कर सुनाने चले, गर्दन को सजदे में हम, अपनी कटाने चले, करबला में पूरा होगा वादा हमारा, घर पर मेरी लाड़ली, सुगरा वो बीमार है, कमज़ोर है इस कदर, चलने से लाचार है, मेरी बेटी की हिफाज़त करना खुदारा, नाना ले लो सलाम अब हमारा। इससे पहले कॉन्फ्रेंस का आगाज हाफिज फजले अजीम ने तिलावते कलाम पाक से किया। इसके बाद शायर सबीउद्दीन, अशरफ वेग ने मनकबत पढ़ी। मुफ़्ती खालिद अय्यूब मिस्बाही जयपुरी ने भी कॉन्फ्रेंस में मौला-ए-कायनात का जिक्र करते हुये कहा कि मौला अली की हुकूमत के समय कोई भूखा नहीं सोया, उन्हें यतीमों का मसीहा कहा जाता था। उन्होंने यतीम बच्चों, गरीबों की देखभाल और सहायता के लिए बहुत काम किए। उन्हें उनकी न्यायप्रियता, दयालुता और गरीबों के प्रति सहानुभूति के लिए जाना जाता है। 19 रमजान को इराक के कूफा शहर में फज्र की नमाज के बाद इब्ने मुलजिम नामक अतिवादी ने नमाज की हालत में हजरत मौला अली को शहीद कर दिया गया। इस मौके पर शारिक बेग बरकाती, एडवोकेट नासिरउद्दीन, वासिक बेग, अब्दुल वहाब, अब्दुल रज़्ज़ाक़, मसरूर, रफ़ीउद्दीन पंन्नू, जि़या, रूमान आदि लोग रहे।

# बिजली उपभोक्ताओं की परेशानियों का वक्त पर करें निपटारा

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर





उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में प्रबन्ध निदेशक द0वि0वि0नि0लि0 आगरा नितीश कुमार ने डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम सभागार हमीरपुर में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, मनीषा अनुरागी विधायिका राठ, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपत, राजेश कुमार मुख्य अभियन्ता बांदा सहित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में योजनाओं की समीक्षा के साथ ही प्रस्तावित कार्यों को वक्त पर पूरे करने के निर्देश दिये। प्रबन्ध निदेशक ने जिलाधिकारी घनश्याम मीना की तारीफ करते हुए बताया कि जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में पतारा से विद्युत केन्द्र से हमीरपुर के लिए सप्लाई शुरू कर दी गई है। साथ ही कहा की विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी और बेहतर तरीके से करें, साथ ही लोगों की परेशानियों का वक्त पर समाधान करें। बिजली उपभोक्ताओं के फोन उठाकर उनकी परेशानी को सुने, साथ ही बकाया बिलों की वक्त पर वसूली करें। वहीं विद्युत उपभोक्ताओं को किसी भी हाल में परेशान ना किया जाये।

श्री कुमार ने कहा कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ शिकायत मिलने पर उसे बक्शा नहीं जाएगा। वहीं दो एसडीओ को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिये। जिनका थ्रू-रेट कम था।

# टोल प्लाजा पर ट्रक चढ़ाकर कर्मचारी की हत्या करने वाला चालक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट



अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मऊ पुलिस टीम ने ट्रक चढ़ाकर टोल प्लाजा कर्मी की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि बीती 19 जून को बरगढ़ थााना क्षेत्र के मनका गांव निवासी रामविलास पुत्र गंगा प्रसाद शुक्ल ने सूचना दी कि बीती 18 जून की रात टोल प्लाजा में कार्यरत उसके नाती शिवम् शुक्ला के ऊपर जान से मारने की नियत से ट्रक ऊपर चढ़ा दिया गया। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। साथ ही अन्य तीन टोल कर्मी पंकज शुक्ला, सौरभ और प्रशान्त शुक्ला भी घायल हो गये। इसके बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया। इस सूचना पर थाना मऊ में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके बाद मामले की विवेचा करते हुए ट्रक मालिक के बयान व साक्ष्य के आधार पर शुक्रवार को आरोपी उस्मान अली निवासी मुरका थाना बरगढ़ को छिवलहा घाटी टावर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में मऊ थाना प्रभारी के अलावा उपनिरीक्षक शहनबाज खां, आरक्षी राकेश व राजकुमार शामिल रहे।

## दो बाइकों में भिड़ंत में दो लोगों की मौत, दो रेफर

जन एक्सप्रेस/उरई। गोहन में दो बाईकों में जबरदस्त भिड़न्त हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार चार लोगों में दो की मौत हो गई। जबकि दो जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला हमीरपुर के थाना कुरारा के गांव जल्ला निवासी मोहित कुशवाहा 34 वर्ष अपने साथी नरेंद्र प्रजापति 26 वर्ष के साथ इलाज कराने के लिए माधौगढ मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। तभी माधौगढ की तरफ से आ रहे स्लामपुर निवासी सत्यम तिवारी 21 अपने साथी कासिमपुर निवासी राहुल चतुर्वेदी 20 की गोहन थाना के पास आमने सामने दोनों मोटर साइकिलो की जबरदस्त भिड़न्त हो गई। जिसमें चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर पहुची पुलिस ने एम्बुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मोहित कुशवाहा व सत्यम तिवारी को मृत घोषित कर दिया। वही गम्भीर रूप से घायल होने पर नरेंद्र प्रजापति व राहुल चतुर्वेदी को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष सतीश कुमार का कहना है कि मोटर साइकिलो को कब्जे में ले लिया गया है।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने दो लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुरौती में हुए झगड़े के बाद गांव के बाहर युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने गांव के ही दो युवकों पर मारपीट कर हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुरौती निवासी 24 वर्षीय नीलू पुत्र शिववीर सिंह का गुरुवार की शाम को गांव के ही मुन्नालाल रजक व विनय से शराब के नशे में झगड़ा हो गया था। इसके बाद नीलू शाम को घर नहीं पहुंचा और शुक्रवार की सुबह उसका शव गांव के बाहर नीम के पेड़ से अंगौछा से फांसी के फंदे पर लटका मिला।

# जनपद के उर्वरक विक्रताओं के साथ सीडीओ ने की बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

खरीफ वर्ष 2025-26 में कृषकों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जनपद के प्रमुख उर्वरक विनिर्माता कम्पनी प्रतिनिधियों तथा थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने उर्वरक विनिर्माता कंपनी के प्रतिनिधियों से कहा कि प्रमुख अनुदानित उर्वरकों के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की टैगिंग न करें। थोक व फुटकर विक्रेताओं को भी मुख्य उर्वरकों के साथ कृषकों को अन्य उत्पाद को क्रय करने हेतु बाध्य न करने के लिए कहा। कहा कि यदि किसी के द्वारा अनावश्यक रूप से किसानों के ऊपर किसी उत्पाद को क्रय करने का दबाव बनाया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल उन्हें व जिला कृषि अधिकारी को दी जाए। कहा कि ऐसे लोगों के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। निर्देशित किया कि सभी व्यापारी किसानों को पीओएस मशीन से उनकी जोत बही के अनुसार निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध करायें तथा स्टाक/वितरण रजिस्टर, रेट बोर्ड तथा स्टाक बोर्ड में भी इसकी जानकारी दर्ज करते रहे। इसके साथ ही कृषकों को कैश मेमो उपलब्ध कराने एवं प्राधिकार पत्र स्रोत प्रमाण पत्र पर अंकित कम्पनी के उत्पादों का ही व्यापार करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी कृषकों को मृदा परीक्षण के आधार पर वैज्ञानिक संस्तुतियों के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय एवं प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा अनुदानित उर्वरकों के साथ टैगिंग एवं ओवर रेटिंग न करने के निर्देश दिए गए है। ऐसे में सभी उर्वरक कंपनी अथवा विक्रेता शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। बैठक में व्यापारियों को निर्देशित किया गया कि आवश्कता से अधिक उर्वरकों को खरीद कर भण्डारित न करें। नियमित रूप से कृषकों की मांग के अनुसार उर्वरकों की आपूर्ति होती रहेगी। कहा कि कृषकों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य के अनुसार यूरिया 266.50 रु प्रति बोरी (45 किलो), डीएपी 1350 रु प्रति बोरी (50 किलो), एनपीके 1400 रु प्रति बोरी (50 किलो), एमओपी 1800 प्रति 50 किलो पर उपलब्ध कराएं। बैठक में उप कृषि निदेशक राजकुमार, एआर कोआपरेटिव राजेंद्र कुमार, इफको कंपनी के राजवीर सिंह, नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के कंपनी प्रतिनिधि रोहित कापरी, विक्रेता संजय गुप्ता, गोविन्द अग्रवाल, हेमराज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अमल न करने वाले खनन पट्टाधारकों पर होगी सख्त कानूनी कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर




उत्तर प्रदेश के हमीरपुर अपर जिलाधिकारी एफ0 आर0 विजय शंकर तिवारी ने सख्त हिदायत देते हुये कहा कि मानसून सत्र एक जुलाई, 2025 से 30 सितम्बर, 2025 तक जारी रहेगा। इस दौरान जिले में संचालित बालू,मौरंग के सभी पट्टाधारक को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना और एनजीटी नई दिल्ली के मुताबिक बरसात के तीन महीने के दौरान एक जुलाई 2025 से तीस सितम्बर, 2025 तक नदी तल से मोरम और बालु के खनन करने पर पाबंदी लगा दी गई है।

जिसके बाद सभी प?ट्टाधारकों को सख्त निर्देश दिये गये हैं कि इस दौरान अपने खनन पट्टाक्षेत्र में मोरम और बालू का खनन हरगिज़ भी न करें। इसके बावजूद अगर किसी पट्टाधारक के खनन पट्टा क्षेत्र में मोरम या बालू का खनन कार्य होते मिला तो,सीधे तौर पर इसका जिम्मेदार खनन पट्टाधारक को माना जायेगा। इसलिये खनन पट्टाधारक अपने पट्टा क्षेत्र की सख्ती के साथ निगरानी करें, वही जरूरत के मुताबिक अपने खनन पट्टाक्षेत्र में कर्मचारियों की तैनाती भी तय करें,और अगर इसके बावजूद भी पट्टाधारक के खनन क्षेत्र में मोरम या बालु का खनन होते पाया गया, तो सीधे तौर पर पट्टाधारक को जिम्मेदार मानकर सख्त कानूनी कार्यवाही की जायगी।

# गौशालाओं के निरीक्षण में नोडल अधिकारियों की लापरवाही पर डीएम ने दिखाई सख्ती




जन एक्सप्रेस । उरई

जिले में गौवंश संरक्षण और भरण-पोषण में नोडल अधिकारीओं के निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर और रिपोर्ट न करने पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए बड़ी कार्यवाही करते हुए 13 अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध, 5 को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा 3 अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। डीएम ने कहा कि बरसात के मद्देनज़र गौशालाओं में हरे चारे, शुद्ध पेयजल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था अनिवार्य है। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माने जाएंगे और उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी गौवंश सड़कों पर न दिखे, और यदि कोई पशुपालक गौवंश पर दावा करता है, तो उससे जुर्माना वसूल कर चेतावनी दी जाए।बताते चलें कि जनपद की 82 गौशालाओं में नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो नियमित गौशालाओं की निरीक्षण करते हैं और रिपोर्टिंग करते हैं। नोडल अधिकारियों ने गौशालाओं के निरीक्षण में रुचि नहीं अपनाई गई।जिनकी मासिक समीक्षा जिलाधिकारी करते हैं, जबकि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा साप्ताहिक एवं पाक्षिक समीक्षा के माध्यम से व्यवस्थाओं की निगरानी की जाती है। 13 अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध अंजली अग्रवाल, अजय कुमार, रामवीर सिंह यादव, मोहन सिंह यादव, हेमंत कुमार नामदेव, नवीन तिवारी, साजिद खान, मधुवेश पाठक, हरपाल सिंह, पुष्कर दीक्षित, हृदयेश गौतम, सत्येन्द्र गंगवार, देवेंद्र सिंह निरंजन।

5 अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि संदीप गुप्ता, विजय कुमार, रामवीर सिंह यादव, मोहन सिंह यादव, मधुवेश पाठक। 3 अधिकारियों से स्पष्टीकरण भरत प्रताप, पुष्कर दीक्षित, साजिद खान। 1 अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देवेंद्र सिंह निरंजन। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं की समय-समय पर औचक निरीक्षण करें तथा स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारियों को और अधिक सक्रिय बनाएं, ताकि गौवंश को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अवस्थी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधेड़ ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

जन एक्सप्रेस/उरई। आटा थाना क्षेत्र में अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि घर में हुए विवाद के बाद उसने घटना को अंजाम दिया। आटा कस्बा निवासी 50 वर्षीय मानसिंह शुक्रवार की सुबह घर से निकाला था। बताया गया कि इसके बाद वह आंबेडकर इंटर कालेज के पास पहुंचा और कुछ देर तक वह वहीं बैठा रहा। जैसे ही रेलवे लाइन से ट्रेन गुजरी तो उसने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद रेलवे कर्मचारी वहां पहुंचे और उन्होंने लाइन किनारे शव पड़ा देख और सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने मृतक की शिनाख्त कर उसके परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही रोते हुए परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं जानकारी के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि अधेड़ ने घर में हुए विवाद के बाद यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल करने में लगी हुई है।

# परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इसके साथ ही एसपी ने परिसर के अन्य पटलों का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। परेड के निरीक्षण के दौरान एसपी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया तथा सभी टोलियों की ड्रिल देखकर आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। इस दौरान परेड ग्राउण्ड में आर्मोरर ने सभी को शस्त्रों का खोलने, जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी। इसके साथ ही एसपी ने उपस्थित सभी टोलियों व रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासित रहने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए तथा स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ भी करायी। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा जाकर सभी थानों से आयी चार पहिया व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे अन्य वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिय। इसके अलावा एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी आदि का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

# 700 बोरी संदिग्ध एनपीके उर्वरक जब्त, दुकान सील

जन एक्सप्रेस । उरई



शहर के कुइया रोड में नकली BIO-NPK उर्वरक की अवैध बिक्री की सूचना पर जिलाधिकारी द्वारा जॉइंट मजिस्ट्रेट सदर और जिला कृषि अधिकारी को तत्काल जाँच कर कार्यवाही के निदेश दिए। डीएम के निर्देश पर दोनों अधिकारियों द्वारा सघन छापेमारी कर 700 बोरी फर्जी/संदिग्ध उर्वरक बरामद की और दुकान को मौके पर ही सील कर दिया। इस करवाई में उप जिलाधिकारी सदर नेहा ब्याडबाल, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-बी) गिरेन्द्र कुमार शर्मा, अमित पिण्डारी, लोकेश दीक्षित, चौकी इंचार्ज मण्डी रणधीर एवं कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार राय सहित प्रशासन की संयुक्त टीम शामिल रही। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त दुकान में BIO-NPK उर्वरक फर्जी ब्रांड नाम से तथा बिना वैध लाइसेंस के विक्रय किया जा रहा था। यह नकली उर्वरक किसानों की फसलों की उत्पादकता और भूमि की उर्वरता दोनों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता था। उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडबाल ने कहा कि कृषि इनपुट की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति किसानों की मेहनत, भूमि की उर्वरता और खाद्य सुरक्षा से खिलवाड़ करेगा, उसके विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। यह पूरी कार्रवाई जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार, जनपद में चलाए जा रहे नकली उर्वरक विरोधी सतत अभियान के अंतर्गत की गई है। प्रशासन द्वारा लगातार सघन निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे किसानों के साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी या आर्थिक शोषण रोका जा सके। जिला प्रशासन की सजगता, तत्परता और किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। इससे नकली खाद विक्रेताओं को सख्त संदेश गया है कि जनपद में फर्जी ब्रांडों के नाम पर कृषि उत्पादों की अवैध बिक्री करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा।



**नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध मौत...**

गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में स्थित 'बिंग ऑफ लाइफ' नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती 31 वर्षीय युवक मन्दिर सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की मां रेणु पाहवा ने केंद्र संचालकों पर इलाज में लापरवाही और गंभीर अनियमितता का... पढ़ें पेज 12 पर...

# स्कूलों के मर्जर पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

## याचिकाकर्ता ने कहा, आरटीई का उल्लंघन है, सरकार बोली, बिल्डिंग दूसरे काम में आएगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 5000 से ज्यादा प्राइमरी और जूनियर स्कूलों के मर्जर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने सीतापुर की कृष्णा कुमारी समेत 51 स्कूली बच्चों की याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी की। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राज्य सरकार का यह फैसला शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। दूसरी तरफ, राज्य सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह कदम स्कूलों के बेहतर प्रबंधन के लिए उठाया गया है। कोर्ट से जल्द ही इस मामले में फैसला आने की उम्मीद है। इस मामले का निर्णय राज्य के कई प्राथमिक स्कूलों और उनसे जुड़े छात्रों के भविष्य को प्रभावित करेगा।

### यथावत स्थिति बनाए रखने के आदेश

एडवोकेट उत्सव मिश्रा ने बताया- सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस पंकज भाटिया ने मौखिक रूप से पूरे मामले में आगे कोई प्रक्रिया न किए जाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा जब तक ऑर्डर नहीं आ जाता है तब तक इस प्रक्रिया में आगे कोई कार्रवाई न की जाए यथावत स्थिति बनाए रखा जाए। इससे पहले सरकार की तरफ से जवाब दाखिल करने को लेकर एक दिन का समय मांगा गया था। जिस पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी।

### फैसला बच्चों के पक्ष में आएगा

स्कूलों के मर्जर पर पेरेंट्स हिमांशु राणा बोले, स्कूलों का मर्जर हो जाएगा तो बच्चे दूर कैसे पढ़ने जाएंगे। इस बात पर हाईकोर्ट सहमत है। न्यायमूर्ति ने राज्य सरकार से जवाब भी मांगा था। हमें पूरी उम्मीद है फैसला बच्चों के पक्ष में आएगा।

### बच्चों की जीत होगी

पेरेंट्स गणेश शंकर दीक्षित- राज्य सरकार के अधिकारी मामले में समय चाहते थे, जिससे वह मर्जर की प्रक्रिया पूरी कर सकें। न्यायमूर्ति ने यह बात समझी और उन्होंने मामले में स्टे देने का विकल्प चुना, लेकिन अधिकारी तैयार नहीं हुए। मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया गया है। बच्चों की जीत होगी।



### आरटीई कानून का उल्लंघन

पेरेंट्स गणेश शंकर गुप्ता ने कहा- सरकार के 5000 स्कूलों के मर्जर के विरोध में बच्चों ने दलील दी कि अगर स्कूल घर से दूर चले जाएंगे तो पढ़ाई प्रभावित होगी। न्यायमूर्ति भी इस तर्क से सहमत दिखे। इसके साथ ही नया आदेश शिक्षा के अधिकार कानून का भी उल्लंघन है।

### सुनवाई में क्या-क्या हुआ

याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने अपनी लगभग सभी दलीलें पूरी कर लीं। उन्होंने कोर्ट में दलील दी कि सरकार का फैसला राइट टू एजुकेशन एक्ट का उल्लंघन है और इससे हजारों बच्चों और शिक्षकों का भविष्य खतरे में आ सकता है। मेहरोत्रा ने कहा कि स्कूलों का आपस में विलय करने से कई छात्रों को अपने गांव से 2-3 किलोमीटर दूर तक पढ़ने जाना पड़ेगा। गांवों में साधनों की कमी और परिवहन की दुश्वारियां बच्चों की पढ़ाई में बड़ी बाधा बन सकती हैं।

### राज्य सरकार का पक्ष, कोई स्कूल बंद नहीं होगा

गुरुवार को लंच ब्रेक के बाद राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेशिया ने बहस शुरू की। उन्होंने कहा, राज्य सरकार की मंशा स्कूलों को बंद करने की नहीं है। ऐसे 58 स्कूल हैं जहां एक भी छात्र नामांकित नहीं है। ऐसे स्कूलों को बंद नहीं किया जा रहा, बल्कि उनका उपयोग अन्य सरकारी कार्यों में किया जाएगा। इस मुद्दे पर दो याचिकाएं दायर की गई हैं। एक याचिका में सीनियर एडवोकेट डॉ. लालता प्रसाद मिश्रा पहले ही अपनी बहस पूरी कर चुके हैं। इसके बाद एडवोकेट गौरव मेहरोत्रा की याचिका पर बहस अंतिम चरण में है।

### न्यायालय ने समय को लेकर दी सख्ती की चेतावनी

गुरुवार को समय की कमी के चलते सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शुक्रवार को राज्य सरकार को हर हाल में अपना पक्ष पूरा करना होगा। अदालत ने कहा कि अब अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। संभावना है कि शुक्रवार को ही मामले की सुनवाई पूरी हो जाएगी।

### अब जानते हैं पूरा मामला क्या है?

बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने आदेश जारी किया कि 50 से कम स्टूडेंट वाले परिषदीय स्कूलों कक्षा-8 तक का विलय करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके बाद स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बीएसए से 50 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों का ब्योरा मांगा। साथ ही उसके पड़ोस के स्कूल की जानकारी भी मांगी। उन्होंने साफ किया है कि कम छात्र संख्या वाले स्कूल को पड़ोस के किसी स्कूल में विलय किया जाएगा। यह भी देखें कि ऐसे स्कूल के रास्ते में कोई नदी, नाला, हाईवे, रेलवे ट्रैक नहीं होना चाहिए। ऐसा इसलिए, ताकि किसी दुर्घटना की आशंका नहीं रहे। इस मामले को लेकर प्रदेशभर में प्रदर्शन शुरू हो गया है। मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई है।

### सरकार का क्या तर्क ?

सरकार का कहना है कि सभी स्टूडेंट को बेहतर और सुविधापूर्वक शिक्षा देने के लिए ये कदम उठाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा एनसीएफ -2020 के तहत स्कूलों के बीच सहयोग, समन्वय और संसाधनों के साझा उपयोग को बढ़ावा देना जरूरी है। जिससे हर स्टूडेंट को सुविधा के साथ बेहतर शिक्षा मिल सके।

### सरकार की तैयारी क्या है?

हर जिले में एक मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय कक्षा 1 से 8 तक खोला जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से इन स्कूलों को आधुनिक इन्फास्ट्रक्चर और शैक्षणिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। हर स्कूल में कम से कम 450 स्टूडेंट के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्कूल बिल्डिंग को 1.42 करोड़ की लागत से अपग्रेड भी किया जा रहा। स्कूलों में स्मार्ट क्लास, टॉयलेट, फर्नीचर, पुस्तकालय, कंप्यूटर रूम, मिडडे मील किचन, डायनिंग हॉल, सीसीटीवी, वाई-फाई, ओपन जिम और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह सरकार की ओर से हर जिले में एक मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल कक्षा 1 से 12 तक की स्थापना की जा रही है। इस पर करीब 30 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन स्कूलों में कम से कम 1500 छात्रों के लिए स्मार्ट क्लास, एडवांस साइंस लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल मैदान, कौशल विकास सुविधाओं की स्थापना की जाएगी। कक्षा 11-12 के लिए विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय की अलग-अलग कक्षाओं का भी प्रावधान किया जाएगा।

# राजनाथ सिंह के 75वें जन्मदिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

10 जुलाई को केंद्रीय रक्षा मंत्री लखनऊ के अत्यंत जनप्रिय सांसद राजनाथ सिंह के 75वें जन्मदिवस को भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा बड़े ही धूम धाम से मनाया जायेगा। बता दें कि रक्षा मंत्री के जन्म दिवस को लखनऊ में धूमधाम से मनाने के लिए भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैसरबाग पार्टी कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन्मदिन को भव्य और यादगार बनाने के लिए योजना तय की। वहीं आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री के जन्मदिन पर लखनऊ महानगर में मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत हनुमान सेतु पार्किंग स्थल पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। हनुमान जी की प्रतिमा के आगे अखंड दीप प्रज्वलित कर रक्षामंत्री के दीर्घायु की प्रार्थना की जाएगी। कार्यक्रम तैयारी के लिए महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान मंदिर पार्किंग स्थल का निरीक्षण भी किया और तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्थल निरीक्षण के बाद आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन पूजन भी किया। वहीं मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि हनुमान मंदिर पार्किंग स्थल पर भजन संध्या होगी। कार्यक्रम में 75 किलो के लड्डू का भोग लगाकर प्रसाद विरतण किया जाएगा। महिला मोर्चा द्वारा मंदिरों में 75 दीप जलाकर भजन कीर्तन करके जन्मोत्सव मनाया जाएगा। युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा दरगाह पर चादर चढ़ाकर लड्डू वितरित किए जाएंगे। मंडलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान महामंत्री राम अवतार कनौजिया, टिंकू सोनकर, मानवेंद्र सिंह, मनोज गुप्ता, प्रमोद सिंह, अशोक तिवारी, घनश्याम अग्रवाल, सौरभ वाल्मीकि, विनायक पांडे, विजय भुर्जी, राकेश गुप्ता, चंद्रप्रकाश अवस्थी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहें।



# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में शुक्रवार को इटौंजा थाना क्षेत्र के अलादातपुर गांव के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। बता दें कि यहां दवाई लेने गई, एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जानकारी के अनुसार, मृतक महिला की पहचान रिंकी यादव उम्र (35) वर्ष के रूप में हुई है, जो बरगदी खुर्द गांव निवासी धर्मेंद्र की पत्नी थीं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल इटौंजा थाना पुलिस को सूचित किया। वहीं मौके पर पहुंची, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला की मौत के बाद घर के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं।

# पूर्व डीआईजी के बेटे ने अधिवक्ता को पीटा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में वृंदावन योजना में एक पालतू कुत्ते को बांधने की बात कहने पर हुए विवाद में पूर्व डीआईजी के बेटे ने एक अधिवक्ता की पिटाई कर दी। घटना में अधिवक्ता के कपड़े फट गए और उन्हें चोटें भी आईं। पीड़ित की शिकायत पर पीजीआई पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पीजीआई के एल्डिको सौभाग्यम निवासी अधिवक्ता अमिताभ कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बीते 13 जून को रात में वे अपने साथी अधिवक्ता सुमित कुमार श्रीवास्तव के चैंबर पर जा रहे थे। जब वे अपने घर से कुछ आगे बढ़कर पूर्व डीआईजी ज्ञान सिंह के घर के सामने पहुंचे, तो उनके पालतू कुत्ते ने उन्हें दौड़ा लिया। वहीं अमिताभ त्रिपाठी किसी तरह कुत्ते से बचकर भागे और पूर्व डीआईजी के घर पर जाकर कुत्ते को बांधकर रखने का विरोध जताया। उनका आरोप है कि इस पर पूर्व डीआईजी के बेटे आदित्य सिंह उन्हें गालियां देने लगे। जब अधिवक्ता ने इसका विरोध किया, तो आदित्य सिंह ने उनकी पिटाई कर दी। इस मारपीट में अमिताभ त्रिपाठी के हाथ-पैर में चोटें आईं। साथ ही, उनकी रुद्राक्ष की माला टूट गई और उनकी टी-शर्ट भी फट गई।

घटना के बाद अधिवक्ता अमिताभ कुमार त्रिपाठी ने पीजीआई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# मरीजों से अवैध वसूली के आरोप में उपचारिका निलंबित

- महिला चिकित्सक पर निजी प्रेक्टिस करने का आरोप
- डिप्टी सीएम के निर्देश पर आरोपी डॉक्टर व कर्मचारियों पर कसी नकेल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मरीजों से अवैध वसूली के आरोपों में फरूर्खाबाद स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात उपचारिका को निलंबित कर दिया गया है। जबकि कुशीनगर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप लगे हैं। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मेडिकल संस्थान में डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की शिकायतों को संज्ञान लेते हुए प्रमुख सचिव को कार्यवाई के लिए निर्देशित किया है। फरूर्खाबाद स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात उपचारिका विदेह कुमारी पर मरीजों से अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। साथ ही अस्पताल में अराजकता फैलाने के भी आरोप हैं। शिकायतों का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया। उपचारिका को निलम्बित करते हुए बहराइच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनाती के आदेश दिए गए हैं। साथ ही प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को निर्देश दिए हैं कि उपचारिका को आरोप पत्र देकर कठोर विभागीय कार्यवाही की जाये। कुशीनगर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आब्स एण्ड गायनी विभाग में सहायक आचार्य के पद पर तैनात डॉ. रूचिका सिंह पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को डॉ. रूचिका के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

आजमगढ़ सीएचसी में तैनात डॉ. सुरजीत सिंह द्वारा हरदोई के जिला चिकित्सालय में तैनाती के दौरान मरीजों से दुर्व्यवहार एवं दूसरी गम्भीर शिकायतें मिली हैं। डॉ. सुरजीत पर विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की गई है। बहराइच की पीएचसी गंगवल में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. विकास वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-पयागपुर में गलत मेडिकल सर्टिफिकेट बनाया था। जांच के बाद डॉ. विकास की एक वेतनवृद्धि एक वर्ष के रोकते हुए परिनिन्दा का दण्ड दिया गया है। उधर, हमीरपुर मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ. गीतम सिंह ने महोबा में उप्र विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासनिक विलम्ब समिति की दिनांक 25 अप्रैल 2025 की बैठक में सूचना सहित प्रतिभाग न किये जाने के आरोप लगे हैं। यह शासकीय व पदीय दायित्वों में लापरवाही एवं उदासीनता है। लिहाजा डॉ. गीतम से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

### मरीजों से अभद्रता, स्पष्टीकरण तलब

रायबरेली के खीरों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. इफ्तिखार अहमद पर महिला रोगियों से अभद्रता किये जाने के आरोप हैं। उच्चादेशों की अवहेलना करने का भी इलजाम है। लिहाजा डॉ. इफ्तिखार से स्पष्टीकरण माँगा गया है।

# बिजली चोरी करते चार पकड़े, पोल से जोड़ रखा था तार, एफआईआर दर्ज

- मो. शब्बीर को अपने घर में मीटर से पहले केबल काटकर अवैध रूप से 7 किलोवाट बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में बिजली चोरी के खिलाफ मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विजिलेंस टीम ने चार लोगों को रंगे हाथों पकड़ा। बता दें कि आरोपी खंभे से सीधे तार जोड़कर घर में एसी और अन्य उपकरण चला रहे थे। वहीं प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल के निर्देश पर पारा थाना क्षेत्र के भपटामऊ इलाके में कार्रवाई की गई। वहीं जांच के दौरान मो. शब्बीर को अपने घर में मीटर से पहले केबल काटकर अवैध रूप से 7 किलोवाट बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। वहीं तौसीफ और उनकी मां साबिदा खातून भी 5 किलोवाट बिजली चोरी करते हुए पाए गए। वहीं इटौंजा व बीकेटी में विरोध के बीच लेसा टीम ने इटौंजा और बीकेटी क्षेत्र में छापेमारी की। यहां खलीकुजमा, सुऐबा खातून, मो. आसिफ और मो. हलीम नामक उपभोक्ताओं को बिजली मीटर बायपास करके 5 से 10 किलोवाट तक बिजली का अवैध उपयोग करते हुए पकड़ा गया। वहीं कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानों पर स्थानीय लोगों ने विरोध किया और भीड़ भी जुट गई, लेकिन सुरक्षा बल की मौजूदगी में टीम ने सख्ती से कार्रवाई को अंजाम दिया। वहीं सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली गई है, आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# बारिश में बिजली मीटर हटाते समय करंट से युवक की मौत, शादी को हुए थे 8 महीने

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के रहीमाबाद के मवई फतेपुर गांव में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहाँ बारिश में भीगने के कारण घर के बाहर लगे बिजली मीटर को बरामदे में हटाते समय करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। 28 वर्षीय बादल मौर्या, जो गाँव में ही हार्डवेयर की दुकान चलाते थे, अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे और उनकी शादी को अभी केवल आठ महीने ही हुए थे। इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं यह हादसा शुक्रवार (4 जुलाई, 2025) की सुबह करीब 11 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण बिजली का मीटर भीग गया था, जिससे घर में सुबह से बिजली नहीं आ रही थी। बादल मौर्या मीटर को हटाकर बरामदे में लगाने की कोशिश कर रहे थे, तभी अचानक केबल में करंट उतर आया और वे उससे चिपक गए। उनकी पत्नी, माया देवी ने उन्हें चिपका हुआ देखा तो चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए और किसी तरह बादल को केबल से अलग किया। हालांकि, तब तक बादल बेहोश हो चुके थे। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों के अनुसार, बादल मौर्या की शादी 18 नवंबर, 2024 को ही हुई थी। इस अप्रत्याशित घटना से उनकी नवविवाहित पत्नी माया देवी सदमे में हैं और बार-बार रो-रोकर बेहोश हो रही हैं। पिता सुरेश मौर्य भी इस दुखद घड़ी में बेसुध पड़े हैं। परिजनों ने पुलिस से पोस्टमॉर्टम न करवाने का अनुरोध किया और बिना पीएम करवाए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने किया सौर ऊर्जा विक्रेता समागम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने अक्षय ऊर्जा के वैश्विक परिदृश्य के साथ प्रदेश में संचालित की जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए बताया कि वर्ष 2027 तक प्रदेश में 22 गीगावाट हरित ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त किया जाना है, हम कार्बन मुक्त समाज की तरफ अग्रसर हो रहे हैं। वर्तमान में सोलर रूफटॉप से 850 मेगावाट क्षमता का उत्पादन किया जा रहा, जो बड़े कोल आधारित थर्मल पावर प्लाण्ट के बराबर है। इंद्रजीत सिंह शुक्रवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा लखनऊ स्थित यूनियन बैंक भवन परिसर में आयोजित सौर ऊर्जा विक्रेता समागम कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ाने में बैंकों की अत्यन्त ही महत्वपूर्ण भूमिका होगी। लाभार्थियों को समय से ऋण उपलब्ध कराने पर योजना को गति मिलेगी। यूनियन बैंक इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है तथा उनके प्रयास सराहनीय है।कार्यक्रम के दौरान सौर ऊर्जा के लाभ, सरकारी दिशा-निर्देश, तकनीकी पक्षों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। यूनियन बैंक द्वारा सोलर लोन योजनाओं पर एक समग्र प्रस्तुति दी गई, जिसमें ऋण प्रक्रिया, पात्रता मापदंड एवं उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई।बैठक मे प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना में बैंक की नयी पहल की चर्चा की गयी, जिसमें लाभार्थी को डिजिटल मोड से सिर्फ फत् स्कैन करके ऋण स्वीकृत कराया जाता है। इस पहल की मुख्य अतिथि श्री इंद्रजीत सिंह ने सराहना की और बोला की न्व्छम्व। की तरफ से इस पहल का ज़िक्र और बैंक में भी किया जाएगा।कार्यक्रम में वेंडर्स द्वारा जमीनी स्तर पर उपभोक्ताओं को आने वाली व्यवहारिक चुनौतियाँ एवं तकनीकी समस्याओं पर बैंक अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा संवादात्मक चर्चा कर समाधान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में निदेशक इंद्रजीत सिंह द्वारा सौर ऊर्जा लोन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधकों को सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें प्रोत्साहन एवं अन्य अधिकारियों को प्रेरणा प्राप्त हुई।इस अवसर पर श्री सिंह ने यूनियन बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि 'यह आयोजन सौर ऊर्जा क्षेत्र में यूनियन बैंक की सक्रिय भूमिका को दर्शाता है और भविष्य में इससे जुड़ी संभावनाओं को मजबूती प्रदान करेगा।'

# टी. एस. मिश्रा विश्वविद्यालय में नेशनल आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल ने प्रथम डॉ. शकुंतला मिश्रा स्मृति राष्ट्रीय आलेख लेखन प्रतियोगिता 2025 के परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित कर दिए हैं, यह प्रतियोगिता एक राष्ट्रव्यापी आयोजन थी, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली युवाओं ने अपने शैक्षणिक शोध और लेखन कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता स्वर्गीय डॉ. शकुंतला मिश्रा की स्मृति में आयोजित की गई थी, जो एक सम्मानित शिक्षाविद् और सामाजिक सुधारक थीं तथा शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समर्पित थीं। इसका उद्देश्य छात्रों और उभरते शोधकर्ताओं के बीच गंभीर चिंतन, स्पष्ट अभिव्यक्ति और विद्वतापूर्ण संलग्नता को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेता हैं, प्रथम पियूष श्रीवास्तव, स्कूल ऑफ लॉ, क्राइस्ट यूनिवर्सिटी (दिल्ली एनसीआर कैंपस), द्वितीय भास्कर दत्त, फैकल्टी ऑफ लॉ, द महाराजा सयाजीराव (यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ोदा), तृतीय अर्क सिंह, एमिटी लॉ स्कूल, एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ कैंपस। माननीय कुलाधिपति श्री सतीश चंद्र मिश्रा ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय और शैक्षणिक महत्व के विषयों पर गहन चर्चा करने से युवाओं में बौद्धिक जिज्ञासा और नागरिक जिम्मेदारी की संस्कृति विकसित होती है। प्रो. वीसी श्री कपिल मिश्रा ने भी प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन कानूनी तर्कशक्ति, गंभीर विश्लेषण और नैतिक चिंतन को बढ़ावा देते हैं, जो आज के बदलते शैक्षणिक और व्यावसायिक परिवेश में आवश्यक हैं। टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल के डीन प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह ने विजेताओं के उत्कृष्ट योगदान की प्रशंसा की और सभी प्रतिभागियों को विविध दृष्टिकोणों से प्रतियोगिता को समृद्ध करने के लिए बधाई दी। उन्होंने देश भर से प्राप्त आलेखों की उच्च गुणवत्ता पर प्रकाश डाला, जो शैक्षणिक लेखन और सामाजिक-कानूनी विमर्श के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। प्रतियोगिता डॉ. शिप्रा और श्रीमती अन्नपूर्णा के संयोजन में आयोजित की गई थी, जिनके समर्पित प्रयासों ने इस आयोजन की शैक्षणिक गुणवत्ता और राष्ट्रव्यापी पहुँच सुनिश्चित की। आयोजन समिति ने देश भर के प्रतिभागी छात्रों, शिक्षक-मार्गदर्शकों और सहयोगी संस्थानों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। पूरे भारत से मिले जबरदस्त प्रतिसाद ने न केवल डॉ. शकुंतला मिश्रा की स्थायी विरासत को श्रद्धांजलि दी, बल्कि शैक्षणिक और सार्वजनिक बहस में युवा आवाज़ों को प्रोत्साहित करने के महत्व को भी पुनः रेखांकित किया।




# गर्भवती महिलाओं व बच्चों में सीसा विषाक्तता की होगी जांच

- यूपी के 20 जिलों में लागू होगी सीसा विषाक्तता आंकलन परियोजना
- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने परियोजना लागू करने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

गर्भवती महिलाओं और बच्चों की सेहत को सीसा कितना नुकसान पहुंचा रहा है, इसकी जांच होगी। लखनऊ का डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान गर्भवती महिलाओं, बच्चों के साथ पर्यावरण में फैल रहे सीसे के स्तर का पता लगाएगा। प्रदेश के 20 जिलों में विश्व बैंक वित्तपोषित अनुसंधान परियोजना के तहत जाँच होगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को संबंधित जिलों में लोहिया संस्थान की टीम का सहयोग करने व दूसरे जरूरी संसाधन जुटाने के निर्देश दिए हैं। सीसा विषाक्तता विकासशील देशों की गंभीर समस्या है। इससे तंत्रिका, हड्डी और खून से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। बच्चों, गर्भस्थ शिशुओं के मानसिक विकास में सीसा बाधा पैदा करता है। इसके नुकसान का पता लगाने के लिए सीसा विषाक्तता आंकलन परियोजना शुरू की जा रही है। इसमें गर्भवती महिलाओं और 2 से 14 वर्ष के बच्चों के खून में सीसा का स्तर मापा जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों के अन्तर्गत क्षेत्र में लोहिया की टीमें रक्त एवं पर्यावरणीय स्रोतों के नमूनों एकत्र करेंगी। मिट्टी, पेयजल, मसाले, सौंदर्य प्रसाधन, भोजन पकाने के बर्तन जैसे पर्यावरणीय नमूने लेकर उनकी जांच कराई जाएगी। औद्योगिक श्रमिकों के खून के सैम्पल की भी जांच होगी। क्षेत्रीय फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों जैसे-आशा वर्कर, एएनएम घर-घर सर्वेक्षण, पात्र व्यक्तियों की पहचान करने में टीम की मदद करेंगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि यूपी में पहली बार सीसा विषाक्तता आंकलन परियोजना शुरू होगी।

# स्कूल मर्जर के खिलाफ शिक्षकों का विरोध तेज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



प्रदेश सरकार द्वारा 150 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के निर्णय के खिलाफ प्रदेश भर में विरोध तेज होता जा रहा है।इसी क्रम में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, तहसील अमेठी इकाई के शिक्षकों ने विधायक महाराजी प्रजापति को ज्ञापन सौंपा और मर्जर नीति को वापस लेने की मांग की। शिक्षक संघ ने आरोप लगाया कि सरकार के इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। जिससे बच्चों की नियमितता और नामांकन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। साथ ही विद्यालयों में कार्यरत मध्याह्न भोजन की रसोइयों की नौकरियां भी खतरे में पड़ जाएंगी। जिससे कई परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रधानाध्यापकों और विद्यालय प्रबंधन पर जल्दबाजी में विलय प्रक्रिया पूरी कराने का दबाव बना रहे हैं।यह शिक्षकों और विद्यालयों की स्वायत्तता के खिलाफ है। ज्ञापन सौंपने वाले शिक्षकों में अमेठी, संग्रामपुर, भेटुआ और भादर ब्लॉक के शिक्षक प्रमुख रूप से शामिल रहे।उन्होंने विधायक से इस मुद्दे पर विधानसभा में आवाज उठाने और सरकार पर दबाव बनाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि इस मर्जर नीति के खिलाफ विपक्षी दल भी सड़कों पर उतर चुके हैं। एक दिन पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय गौरीगंज में प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। शिक्षक संघ ने सरकार से मांग की है कि इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाएं।

## डीएम की अध्यक्षता में मानचित्रों को स्वीकृत/निस्तारित करने हेतु समाधान दिवस/कैंप का आयोजन 10 जुलाई को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आम जन मानस को सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत शमन मानचित्र एवं ओ0बी0 पी0ए0एस0 पोर्टल पर प्राप्त मानचित्रों को स्वीकृत/निस्तारित करने हेतु जिलाधिकारी/ उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में 10 जुलाई 2025 को 10:30 बजे 01:30 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में समाधान दिवस/कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शमन मानचित्र एवं ओ0बी0 पी0ए0एस0 पोर्टल पर गुप्त मानचित्रों की स्वीकृति/निस्तारण एक ही पटल पर किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अपना आवेदन शमन मानचित्र प्राधिकरण कार्यालय व भवन मानचित्र ओ0बी0पी0 ए0एस0 पोर्टल पर जमा कर सकते हैं। जन मानस से अपील है कि अपने भवनों का शमन/ ओ0बी0पी0ए0एस0 पोर्टल पर मानचित्रों की स्वीकृति /निस्तारण कराने हेतु आयोजित समाधान दिवस कैम्प मे उपस्थित होकर निस्तारण करा सकते हैं।

# जमानत के साथ अब पौधारोपण भी जरूरी पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय और अनोखी पहल की शुरुआत की है। अब बी एन एस एस की धारा 170 के अंतर्गत शांतिभंग जैसे मामलों में जमानत लेने वाले आरोपियों को मुचलके के साथ एक पौधा लगाना अनिवार्य होगा।इस पहल के तहत आरोपी को एक पौधा दिया जाएगा। जिसे उसे अपनी भूमि पर लगाना होगा।इसके बाद हर माह पेशी के समय उस पौधे की जियो टैगिंग फोटो मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। ताकि पौधे की स्थिति की निगरानी की जा सके। यदि आरोपी पौधे की ठीक से देखभाल नहीं करता या उसकी ग्रोथ में लापरवाही करता है,तो उसका मुचलका स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा। इससे न केवल आरोपी की जिम्मेदारी तय होगी, बल्कि पर्यावरण की रक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी।यह पहल आने वाले वन महोत्सव के दृष्टिगत और अधिक महत्वपूर्ण मानी जा रही है,जिससे जिले में अधिक से अधिक पौधारोपण संभव होगा। यह पहल न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में मददगार होगी, बल्कि सामाजिक रूप से भी सकारात्मक संदेश देगी कि आरोपी को सुधार की दिशा में एक रचनात्मक अवसर मिल रहा है। साथ ही प्राकृतिक संपदा के संरक्षण में उसकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन की इस पहल को प्रदेशभर में एक मॉडल के रूप में अपनाए जाने की संभावना है।

## सेमरौता में राशन घोटाला उजागर- गेहूं की जगह चावल

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**

तिलोई क्षेत्र के ग्राम सेमरौता में सरकारी राशन वितरण में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है।ग्रामीणों ने कोटेदारों पर आरोप लगाया है कि उन्हें निर्धारित गेहूं की जगह चावल दिया गया,और वह भी कम तौल में।कई कार्डधारकों ने यह भी बताया कि उन्हें राशन दिए बिना ही अंगूठा लगवाकर भगा दिया गया।मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने जांच टीम गठित की।पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को सेमरौता पहुंचकर घर-घर जाकर लाभार्थियों से पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए।जांच में सामने आया कि दर्जनों लाभार्थियों के साथ मनमानी हुई है।कुछ को राशन मिला ही नहीं,कुछ को अधूरा दिया गया,कई को गेहूं के बदले चावल थमा दिया गया।पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार ने शुक्रवार को इस मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अमेठी के जिला उपाध्यक्ष बने जयशंकर त्रिवेदी

### व्यापारियों में हर्ष, जगह-जगह मिल रही बधाई

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अमेठी ने जगदीशपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी जय शंकर त्रिवेदी को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।उनके मनोनयन की घोषणा होते ही व्यापारी समुदाय में हर्ष की लहर दौड़ गई।जगह-जगह उनका स्वागत व अभिनंदन किया जा रहा है।मुन्ना त्रिवेदी लंबे समय से व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।सरल स्वभाव व मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे व्यापारियों के बीच खासे लोकप्रिय हैं।उनके मनोनयन को संगठन के लिए एक सशक्त निर्णय माना जा रहा है।व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है, कि मुन्ना त्रिवेदी के नेतृत्व में जिले के व्यापारियों की आवाज और मजबूती से उठेगी तथा संगठन को नई दिशा मिलेगी।इस अवसर पर व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

## प्राथमिक विद्यालय की टीचर का ट्रांसफर होने पर फूट-फूटकर रोने लगे बच्चे

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली के बछरावां क्षेत्र के इसिया प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षिका का स्थानांतरण होने पर स्कूल के बच्चों ने न जाने के लिए अध्यापक को रोकने की कोशिश की और क्लास में फूट-फूट कर रोने लगे इस विषय पर शिक्षिका अपने छात्राओं को चुप कराने की कोशिश कर रही है इस वायरल वीडियो में यह देखने को मिल रहा है। जिले से एक दिल जीत लेने वाली घटना सामने आई। बछरावां क्षेत्र के इसिया प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका के स्थानांतरण (ट्रांसफर) की खबर सुनकर छात्र फूट-फूटकर रोने लगे। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में बच्चों का दिल छूने वाला प्रेम देखकर सभी भावुक हो गए। बच्चे शिक्षिका का हाथ पकड़कर उन्हें जाने से रोकने की कोशिश करते दिखे। यह घटना शिक्षक-छात्र के अटूट बंधन और शिक्षा में एक जुड़ाव की महत्ता को बताने की कोशिश है। रायबरेली बछरावां क्षेत्र में स्थित इसिया प्राथमिक विद्यालय में उस समय भावुक माहौल बन गया।

# हत्या की रिपोर्ट लिखाने को दर-दर भटक रहा मृतक का पिता: ओ पी यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता (फौ0) ओपी यादव ने पुलिस महानिरीक्षक उ0प्र0 लखनऊ को फैक्स भेजकर हत्या की रिपोर्ट लिखे जाने की मांग की है। अभिषेक यादव निवासी प्रगतिपुरम को दिलीप यादव नाम का व्यक्ति घर से 27.06.2025 को शाम को ले गया और 28.06.2025 की सुबह फोन करके उसके बीमार होने की सूचना दी, जबकि उसकी मृत्यु हो चुकी थी, मृतक की माँ संगीता यादव थाना मिल एरिया रिपोर्ट लिखाने गयी तो उसे पुलिस ने भगा दिया और कहा कि तुम्हारा मुकदमा महराजगंज में लिखा जा चुका है। दो-दो मुकदमा लिखाओगे क्या। मृतक के पिता ने जब न्यायप्रिय पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र दिया तो महराजगंज की पुलिस ने पी.एम. की रिपोर्ट दिया। हत्या की रिपोर्ट लिखाने के लिए पूरा परिवार दर-दर भटक रहा है। अभी तक रिपोर्ट नहीं लिखी गयी, इसका फायदा उठाकर कातिल साक्ष्य मिटा सकता है। पुलिस की लापरवाही के कारण कातिल के हौसले बुलन्द हैं। मृतक की माँ ने प्रार्थना-पत्र में लिखा है कि प्रार्थिनी संगीता यादव पत्नी रामकृष्ण यादव निवासी ई-14, प्रगतिपुरम कालोनी, निकट वी.आई.पी. पार्क, थाना मिल एरिया, जनपद रायबरेली की निवासिनी है। प्रार्थिनी के पति रवि इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड कम्पनी में बैचिंग प्लाट में आपरेटर के पद पर जनपद गाजीपुर में काम करते हैं। प्रार्थिनी का इकलौता पुत्र अभिषेक यादव जो बी.टेक. सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करके पी.सी.आई. इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में सेवारत था, कम्पनी का कार्यक्षेत्र तहसील महराजगंज के आस-पास गाँव में पेयजल की टंकी के निर्माण कराने सम्बन्धी कार्य था, जो प्रार्थिनी के घर से ही अक्सर आता-जाता था, प्रार्थिनी की फुफेरी बहन श्रीमती छंगा पत्नी स्व0 रघुनाथ निवासी जलालपुर, थाना महराजगंज, जिला रायबरेली के लड़के दिलीप यादव अक्सर प्रार्थिनी के पुत्र अभिषेक यादव से फोनसे भी बात करते थे और घर भी आते-जाते और मेरे लड़के को घर से बुलाकर अपने चीनू ढाबा स्थित रायबरेली-जायस रोड निकट रेयान स्कूल, थाना मिल एरिया, चार पहिया गाड़ी से ले जाता था और कभी-कभी अपने गाँव की तरफ भी ले जाता था। प्रार्थिनी का लड़का कभी-कभी जाने से कतराता था, और कहता था कि इनका सम्बन्ध गलत लोगों से है, इन्होनें मेरे पैसे भी दबा रखे हैं। दिनांक 27.06.2025 को अपने पिता की एल.आई.सी. की किस्त जमा करनी थी, दोपहर दिलीप यादव पैदल प्रार्थिनी के घर आया और प्रार्थिनी के लड़के अभिषेक के कमरे में बैठा बातचीत कर रहा था, प्रार्थिनी का बेटा अभिषेक प्रार्थिनी से कहा कि मम्मी, पापा की एल.आई.सी. की किस्त जमा करनी है, आप अपने व पापा के ज्वाइन्ट एकाउन्ट की चेक पर हस्ताक्षर करके दे दो, जिस पर मैंने दे दिया, वापसी में मेरा पुत्र अभिषेक के साथ दिलीप यादव भी आया, उसी बीच मेरे लड़के अभिषेक के कार्य साइड से फोन आया, तब मेरे लड़के ने कहा कि दिलीप तुम घर जाओ, मैं साइड पर जा रहा हूँ। दिलीप यादव ने कहा कि मैं भी साथ चलूँगा। प्रार्थिनी का लड़का अभिषेक यादव दोपहर में करीब 4:00 बजे अपनी कार संख्या यू.पी.-33-एक्स.एन.-7333 से जाने लगा, तब दिलीप यादव कार का गेट खोलकर बैठ लिया और चले गये और रात में वापस नहीं आया, दिनांक 28.06.2025 को भोर में करीब 4:30 बजे दिलीप यादव ने अपने लड़के के मोबाइल (फोन) 9628281766 से फोन करके बताया कि मौसी अभिषेक को खून की उल्टियाँ हो रही हैं।

## कॉरिडोर के प्रस्ताव को मंजूरी का इंतजार

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

रामनगरी की तीर्थ यात्रा को और अधिक व्यवस्थित व सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल जिला प्रशासन ने की है। टेढ़ी बाजार से अशर्फी भवन तक 2.5 किलोमीटर लंबा एक विशेष कॉरिडोर प्रस्तावित किया गया है। यह कॉरिडोर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। लोक निर्माण विभाग ने इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है, बस मंजूरी का इंतजार है। इस कॉरिडोर के निर्माण से न केवल स्थानीय यातायात को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा, बल्कि रामलला के दर्शनार्थियों को भी निर्बाध व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में रामपथ, भक्तिपथ, जन्मभूमि पथ पहले ही तीर्थ मार्गों को सुदृढ़ बना रहे हैं। अब यह नया प्रस्ताव एक सुरक्षित तीर्थ मार्ग की भूमिका निभाएगा।

# रायबरेली पुलिस ने अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




चंदापुर/रायबरेली- थाना क्षेत्र में अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पड़कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों पर ऑटो रिक्शा चालकों से अवैध वसूली का आरोप लगाया है।

आपको बता दें कि, यूपी के रायबरेली में चंदापुर थाना क्षेत्र के चंदापुर चौराहे पर ऑटो रिक्शा चालकों से अवैध वसूली किए जाने के बाबत गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली थी। सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने इश्तियाक पुत्र अली हसन की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों गोविंद कुमार उर्फ गोविंदा पुत्र शीतला प्रसाद निवासी वार्ड नंबर एक गांधीनगर थाना महराजगंज और दूसरे आरोपी शैलेंद्र सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह निवासी पुरे सधई मजरे अतरेहटा थाना महराजगंज के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष प्रशांत द्विदेदी ने बताया कि, दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत मिली थी कि, ऑटो रिक्शा चालकों से दोनों आरोपी अवैध वसूली करते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से वसूली के कुल 37 सौ रुपए भी बरामद किए गए हैं।

## प्राचार्य व प्रबंधक से जवाब तलब, गठित होगी जांच कमेटी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध अंबेडकर नगर के सरदार पटेल स्मारक पीजी कॉलेज, लारपुर में बीए के दूसरे सेमेस्टर की भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा में धांधली के प्रकरण में प्राचार्य और प्रबंधक से जवाब तलब किया गया है। इस मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जांच कमेटी भी गठित की जाएगी। इस प्रायोगिक परीक्षा के वाह्य परीक्षक और बीएनकेबीपीजी कॉलेज के भूगोल विभाग के सहायक आचार्य प्रो. सूर्यनाथ मौर्य ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह को लिखित शिकायत देकर कॉलेज प्रबंधन पर परीक्षा में गड़बड़ी और दबंगई समेत कई आरोप लगाए थे।

# डीएम-एसपी द्वारा सावन माह के दृष्टिगत मंदिरों का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने आगामी सावन माह के दृष्टिगत बछरावां क्षेत्र में स्थापित भवरेश्वर मंदिर व श्री आस्तीक स्वामी मंदिर, लालूपुर खास का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मन्दिर परिसर, घाट व श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पार्किंग, बैरीकेटिंग, प्रकाश की व्यवस्था और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायें, जिससे सावन माह में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो और वह सुगमता से पूजा अर्चना कर सकें। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सुरक्षा व सुगम यातायात के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, जिससे मन्दिर आने वाले श्रद्धालु सुगमता से आकर दर्शन कर सकें व उनके आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हों। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्थानांतरण के बाद भी अमेठी में तैनात वरिष्ठ लिपिक, अयोध्या नहीं हुए रवाना

### जुगाड़ से संभाल रहे चार ब्लॉक की जिम्मेदारी, डीवीओ बोले रिक्त पद तक कार्यमुक्ति नहीं

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

विकास विभाग के वरिष्ठ लिपिक इंदू सिंह का 15 जून 2025 को शासन ने जनपद अयोध्या के लिए स्थानांतरण कर दिया था,लेकिन आज तक वे अमेठी जिले में ही सेवायोजन करके गौरीगंज सहित तीन अन्य ब्लॉक का कामकाज देख रहे हैं। शासनादेश के पांच सप्ताह बाद भी उनकी जगह कोई नया लिपिक नियुक्त नहीं हुआ है।

जिससे प्रशासनिक रवानी बाधित हो रही है। सूत्रों के अनुसार इंदू सिंह वर्ष 2018 से अमेठी के विकास विभाग में वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनकी निकायों और अधिकारियों के साथ गहरा तालमेल रहा है। शासन ने पंद्रह जून को जारी स्थानांतरण आदेश में स्पष्ट लिखा था कि इंदू सिंह अब अयोध्या मुख्यालय में नई तैनाती ग्रहण करेंगे। लेकिन अमेठी में पद रिक्त होने की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने उन्हें अन्तिम आदेश तक अमेठी में ही बनाए रखा। इस संदर्भ में जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह ने बताया कि वर्तमान में ब्लॉक में लिपिक पद रिक्त है।नए लिपिक के आने तक इंदू सिंह को कार्यमुक्त नहीं किया जा सकता। जैसे ही शासन से व्यवस्था बनती है, और स्थानांतरण पूर्ण होता है, उन्हें अविलंब कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।डीवीओ का यह बयान स्थानीय स्तर पर विवाद का विषय बना हुआ है।

**विभागीय ढिलाई पर उठे सवाल**

स्थानीय पत्रकारों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रश्न उठाए हैं कि जब शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए थे, तब प्रशासन ने तत्काल व्यवस्था क्यों नहीं की? उन्होंने कहा कि जब रिक्त पद भरने की व्यवस्था नहीं है,तो शासनादेश ठंडे बस्ते में डालना उचित नहीं।एक वरिष्ठ नागरिक ने नाम न दिए जाने की शर्त पर कहा,यह बाबूशाही का क्लासिक उदाहरण है, जहाँ अपने लोग आदतन आदेशों की अवहेलना करते रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि लिपिक पद पर त्वरित नियुक्ति प्रक्रिया शासन के नियंत्रण में है।

शासन स्तर से जल्द ही निर्देश मिलेंगे, तभी नियुक्ति संभव हो सकेगी। सीडीओ ने आश्वासन दिया कि विकास विभाग में किसी प्रकार की अड़चन नहीं आई है।तथा सभी योजनाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। जबकि लोगों की शिकायत है, कि योजनाओं के क्रियान्वयन के मुद्दों पर विभागीय जवाबदेही अस्पष्ट हो जाती है। लोगों का कहा कि जब तक इंदू सिंह अयोध्या नहीं जाते, तब तक कोई उनका जवाबदेही तय नहीं कर सकता। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि आरोप प्रत्यारोप के बीच मुख्य विकास कार्य बाधित हो रहे हैं।

## रायबरेली के जिला अध्यक्ष हर सप्ताह कस्बों में व्यापारियों से करेंगे मुलाकात

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की पहली बैठक गणेश होटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नव नियुक्त जिला अध्यक्ष प्रभाकर गुप्ता ने की। उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष प्रभाकर गुप्ता ने व्यापारियों से बेहतर संवाद स्थापित करने की पहल की है। वे प्रति सप्ताह जिले के विभिन्न कस्बों का दौरा करेंगे। जिला संरक्षक संदीप जैन के अनुसार व्यापारियों ने नए अध्यक्ष का स्वागत किया है।

प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने अपने 40 वर्षों के व्यापारिक अनुभव को साझा किया। उन्होंने शासन-प्रशासन के साथ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। नगर अध्यक्ष के के गुप्ता ने नगर टीम के विस्तार की योजना रखी। बैठक में रामखेलावन बारी, राजवीर यादव और मोहम्मद जुबेर को मंडल का आजीवन सदस्य बनाया गया।

# महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 9 व 10 को

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग डॉ प्रियंका मौर्या का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम नौ व दस जुलाई को प्रस्तावित है। कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग की सदस्य द्वारा 9 जुलाई को प्रातः 11:00 तहसील सभागार गौरीगंज में महिला उत्पीड़न संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी।तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगी।इसके साथ ही महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता चौपाल का कार्यक्रम भी किया जाना प्रस्तावित है।

# सावन मेले के लिए अस्पतालों में आरक्षित होंगे 50 बेड

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या।**

आगामी 11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए जिले के तीन अस्पतालों में 50 बेड का वार्ड आरक्षित किया जाएगा। वहीं, मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के इलाज के लिए 15 अस्थायी उपचार केंद्र बनाए जा रहे हैं, जिन पर शिफ्टवार चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता रहेगी।

आगामी दिनों अयोध्या धाम में सावन मेला और कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

इस दौरान स्वास्थ्य सेवाएं चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए सीएमओ ने निर्देश जारी किए हैं। नोडल अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ला ने बताया कि इसे लेकर मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर और जिला अस्पताल में 20-20 बेड व श्रीराम अस्पताल में 10 बेड का वार्ड आरक्षित किया जाएगा। इसके अलावा कंट्रोल रूम, पक्काघाट, लता मंगेशकर चौक, साकेत पेट्रोल पंप, टेढ़ी बाजार चौराहा, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, दशरथ महल, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, कारसेवकपुरम, नागेश्वरनाथ, हनुमानगढ़ी, कनक भवन मंदिर परिसर, अयोध्या धाम अंतरराष्ट्रीय बस स्टेशन और मणि पर्वत पर अस्थायी उपचार केंद्र बनाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, श्रीराम अस्पताल, सीएचसी पूराबाजार, तारुन, मसौधा, बीकापुर, मिल्कीपुर, सोहावल और रुदौली के अलावा कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले पुलिस थानों व मेला क्षेत्र के आठ स्थानों पर 24 घंटे एक-एक एंबुलेंस खड़ी रहेगी।

सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने बताया कि सावन मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पक्का घाट पर आठ बेड का अस्थायी अस्पताल बनाया जाएगा। सभी केंद्रों पर चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी तैनात रहेंगे। बिना रिलीवर के आए किसी को उपचार केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

## विवेकानंद का जीवन भारतीय संस्कृति और सेवा का जीता-जागता उदाहरण: रामराज गिरी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र, हरियाणा की संचालित (अध्यात्म प्रेरित सेवा संस्थान) की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की 123वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और प्रेरणा के साथ मनाई गई। यह आयोजन इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय के नेतृत्व में सिविल लाइंस स्थित गायत्री एग्रीकल्चर एंड इंप्लीमेंट कार्यालय में बैठक संपन्न हुआ। स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज के समय में अत्यंत आवश्यक बताते हुए युवाओं से उन्हें जीवन में उतारने का आह्वान किया। इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय ने कहा कि विवेकानंद के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और हमें उन्हें सिर्फ सुनने नहीं, अपनाने की जरूरत है। इकाई के जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि विवेकानंद का जीवन दर्शन समाजसेवा, आत्मबल और राष्ट्रनिर्माण का मार्गदर्शन करता है। इकाई के जिला अध्यक्ष एवं योगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि स्वामी जी का **उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको नहीं** का संदेश हर युवा के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 05 जुलाई, 2025





**जौनपुर स्कूली बसों पर चला प्रशासन...**

जौनपुर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्कूली वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व यातायात प्रभारी ...

▸ शेष पेज 10 पर...

# गवाह की किडनैप कर की गई हत्या, हत्या के 36 घंटे बाद शव नहर में मिला



## पुलिस की होती कार्रवाई तो पापा जिंदा होते



शिवम ने बताया कि जब काफी देर तक पापा घर नहीं लौटे तो हम लोगों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। इसके बाद हमने चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पापा को ढूंढने की बात कहते हुए हम लोगों को टरका दिया। बेटी ने कहा कि मेरे परिवार वाले रात भर सेन थाने में गुहार लगाते रहे। हमने आरोपियों के नाम भी बताएं। इसके बावजूद पुलिस ने तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की। रात 3ः00 बजे तक पापा को ढूंढने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला। फिर दूसरे दिन 3 जुलाई की सुबह पापा की लाश पनकी नहर में उतारती हुई मिली। अगर पुलिस हमारी बात सुन लेती तो आज पापा हमारे साथ होते। वहीं विमल का शव मिलने के बाद घरवाले और ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया। मृतक की पत्नी बिटान ज्वाइंट सीपी हरिश्चंद्र और लॉ एंड ऑर्डर आशुतोष कुमार की गाड़ी के सामने जा खड़ी हुई। रो-रो कर इंसाफ की गुहार करती रही। काफी समझाने बूझाने के बाद अधिकारियों ने उसे शांत कराया। साथ ही भरोसा दिलाया कि बाकी हत्यारों की भी जल्द गिरफ्तारी हो जाएगी। ग्रामीणों ने सब उतरना देखकर पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया। शव को नहर से निकाला गया। मृतक के सिर पर लाठी डंडों के चोटों के निशान मिले हैं। साथ ही गले में अंगौछा फसा मिला है। पुलिस ने शो को पोस्टमार्टम भेज कर इलाके के सीसीटीवी कैमरे चेक कराए। इसमें आरोपी इरफान की गाड़ी घटना स्थल से आते हुए दिखाई दी है।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर में एक गवाह की निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी गई। हत्या के 36 घंटे बाद युवक का शव पनकी नहर में मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवक का चेहरा और सर हथौड़े से कुचल दिया गया था। युवक के घर वालों का आरोप है कि चौकी में किडनैपिंग की शिकायत की गई तो पुलिस ने ढूंढने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया। शव मिलने के बाद अब पुलिस हरकत में आई है। वारदात के 72 घंटे बाद पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक सेन पश्चिम पारा बिनगांव में रहने वाले विमल गौतम उम्र 55 वर्ष गांव के खगाल पासवान का ट्रैक्टर चलाता था। विमल के परिवार में पत्नी बिटान 50 वर्ष के अलावा तीन बेटे दिव्यांशु शिवम गोलू और बेटी नैना है। ई रिक्शा चलाने वाले विमल के बेटे शिवम ने बताया कि 2 जुलाई की रात करीब 9ः00 बजे पापा मौरंग मंडी से लौट रहे थे। तभी शटरिंग का काम करने वाला इरफान खान अपनी सफेद रंग की एसयूवी कार से 6 से 7 लड़कों के साथ आया था। फिर उसने पापा से कुछ बात की फिर पापा को जबरन सफेद रंग के कार में बैठा कर ले गया। यह बात हमें आसपास खेल रहे लड़कों ने बताई थी। साथी यह घटना पास के लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई थी।

## तांत्रिक क्रिया के साथ मां काली की प्रतिमा को किया खंडित, दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

महाराजपुर थाना क्षेत्र के भेवली गांव में मां काली मंदिर में भोर पहर लगभग चार बजे काली प्रतिमा को खंडित कर दिया गया। मंदिर के पुजारी और ग्रामीणों द्वारा दो अधेड़ व्यक्तियों को मंदिर के अंदर से ही पकड़ा गया, जिसमें से एक गैर समुदाय का है। मंदिर के पुजारी पारस ने बताया कि मध्य रात्रि दो अधेड़ व्यक्ति मंदिर के पास मोटरसाइकिल खड़ी करके अंदर चले गए और भगवान श्रीराम और अन्य देवी-देवताओं को गालियां देते हुए तोड़फोड़ कर रहे थे। आवाज सुनकर पुजारी ने अपने साथ रह रहे एक बच्चे लवकुश पुत्र रामगोपाल को गांव के अंदर भेजा।

इसके बाद शोर मचाकर अन्य लोगों को बुलवाया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तोड़फोड़ कर रहे दोनों अधेड़ व्यक्तियों को मंदिर के अंदर ही बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की जा रही है।

# दोस्त ने भाई के मोबाइल पर आपत्तिजनक फोटो भेजी, आहत डंपर चालक ने दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



भाई के वाट्सएप पर आपत्तिजनक फोटो भेजने से आहत डंपर चालक ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे किनारे शीशम के पेड़ से गुरुवार की शाम फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने चालक के पास से मिले कागजातों के आधार पर परिजनों को जानकारी दी।

एटा जिले के निधौली कला थाना क्षेत्र के नगला दुर्जन गांव निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि भाई डंपर चालक संजू कुमार (23) ने देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किनारे लगे शीशम के पेड़ से गुरुवार की शाम अपने काले रंग के गमछे से फंदा लगा लिया। वह गुरुवार को महोबा के कबरई में गिट्टी लोड कराने गया था। बताया कि गुरुवार को दोपहर करीब सवा तीन बजे उसके एक दोस्त ने संजू की आपत्तिजनक फोटो उसके व्हाट्सएप पर भेजी थी। इस पर उसने संजू को फोन करके फोटो के विषय में पूछताछ की। संजू ने फोटो भेजने वाले का नंबर मांगा। नंबर देने पर संजू की फोटो भेजने वाले दोस्त से कहासुनी भी हो गई। इसी से आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया है। संजू तीन भाइयों में दूसरे नंबर का अविवाहित था। घर में मां पप्पी देवी हैं। पिता रामविलास खेती किसानी करते हैं। उनके पास 20 बीघा जमीन है। पुलिस ने शव और डंपर को अपने कब्जे में लिया है।

देहात कोतवाली इंस्पेक्टर अनूप दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया खुदकुशी है। मित्र ने मृतक के भाई के मोबाइल में मृतक की आपत्तिजनक फोटो भेज दी थी, इससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की तहरीर पर संबंधित पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# जनरल टिकट के यात्रियों से हो रही है वसूली

- दोस्त के साथ सिक्किम-महानंदा से दिल्ली जा रहे थे। एस-5 कोच में चढ़ गए। टिकट तो ली ही थी, साथ ही कोच के दरवाजे पर बैठने के लिए दो सौ रुपये भी देने पड़े। **-विपिन, पिसराहन, बिहार**
- ट्रेन नंबर-15066, गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस से अपने घर जाने के लिए एस-टू कोच में चढ़े। गोंडा तक जाने के लिए डेढ़ सौ रुपये दिए, जब शौचालय के पास बैठने की जगह मिली। **-सत्या, गोंडा**
- स्लीपर कोच में बैठने के लिए टिकट आरक्षण जरूरी है। समय-समय पर अभियान चलाकर कोच में अवैध रूप से यात्रा करने वालों पर कार्रवाई की जाती है। जून में ही स्लीपर कोच में यात्रा करन वालों से मंडल में 9.57 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। अगर कोई सीट या शौचालय में बैठने के लिए वसूली करता है तो गलत है। पीड़ित यात्री 139 या रेल मदद एप पर शिकायत करें, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। **-अमित कुमार सिंह, रेलवे जनसंपर्क अधिकारी प्रयागराज**

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



ट्रेनों में सीट ही नहीं, गैलरी और शौचालय भी बिक रहे हैं। जनरल टिकट पर आरक्षण बोगी में यात्रा करने वालों से वसूली की जा रही है। गुरुवार को सेंट्रल स्टेशन पर खचाखच भरी ट्रेनों के यात्रियों से बात की गई तो इसका खुलासा हुआ। इसमें कोच अटेंडेंट, ट्रेन टिकट निरीक्षक (टीटीई), सुरक्षा में तैनात जवानों का गठजोड़ काम कर रहा है। इससे आरक्षित टिकट पर यात्रा करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अक्सर विवाद भी होता है।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन से प्रतिदिन दिल्ली-हावड़ा, लखनऊ वाया कानपुर-झांसी मुंबई, बुंदेलखंड रेलमार्गों की 300 ट्रेनें गुजरती हैं। इनमें विशेष और नियमित ट्रेनें भी हैं। इन ट्रेनों में जनरल टिकट वालों से वसूली कर आरक्षित बोगियों में यात्रा कराई जा रही है। यहां सीटों के साथ फर्श, दरवाजों के पास का स्थान भी बेचा जा रहा है। इसके लिए 50 रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक वसूली हो रही है। निगरानी के लिए लगाए गए अफसर व विजिलेंस टीमें भी इसे नजरअंदाज कर रही हैं।

### डेढ़ लाख यात्री करते हैं यात्रा

कभी-कभी तो यह अवैध यात्री स्लीपर कोच के गेट तक नहीं खोलते, जिससे आरक्षण लेने वालों को ट्रेन में चढ़ने में परेशानी उठानी पड़ती है।

सेंट्रल स्टेशन से प्रतिदिन करीब तीन सौ ट्रेनें गुजरती हैं। इनमें डेढ़ लाख तक यात्री सफर करते हैं। अवैध रूप से स्लीपर से लेकर एसी थर्ड तक में यात्रियों से वसूली कर बैठने की जगह दी जाती है।

इस वजह से आरक्षण टिकट पर यात्रा करने वालों को दिक्कत होती है। साथ ही, महिला, दिव्यांग कोचों में भी वसूली की जाती है।

# पहले बेचा प्लॉट फिर मारपीट कर मांगी 10 लाख की रंगदारी




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में चकेरी थाना क्षेत्र के अहिरवां निवासी महिला ने मवैया गांव निवासी युवक के खिलाफ शुक्रवार को चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है युवक ने पहले उनको जमीन बेची और फिर उनके साथ मारपीट कर दस लाख की रंगदारी मांगी। जूही के एस ब्लॉक निवासी सुशीला देवी ने बताया कि वर्ष 2019 में अहिरवां के मवैया गांव निवासी पिंटू से जमीन खरीदी थी। इसमें वो खेती करवाती हैं। बताया कि 27 जून को वह जमीन पर ट्रैक्टर चलवा रहीं थीं। तभी पिंटू व उसकी पत्नी व परिवार के गोविंद, सचिन समेत दो अज्ञात लोगों ने गाली गलौज कर काम रुकवा दिया। विरोध करने पर मारपीट कर दस लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपों की जांच की जा रही है।

## दिनदहाड़े महिला का पर्स छीनकर भागा युवक

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** फीलखाना थाना क्षेत्र के पटकापुर स्थिति ब्रह्मचट्टा के पास दिनदहाड़े एक महिला के साथ लूट हो गई। महिला अपने घर जा रही थी, तभी पीछे से एक युवक आया और पर्स छीन कर फरार हो गया। महिला का कहना है कि पर्स में पैसे और कुछ जरूरी कागज थे। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# लोकार्पण का इंतजार कर रहा पुल, एक लाख लोगों को मिलेगी राहत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में दादानगर समानांतर पुल को लोकार्पण का इंतजार है। शहर को दक्षिणी क्षेत्र से जोड़ने वाला यह पुल चालू होने से गोविंदपुरी पुल से ट्रैफिक लोड घटेगा। इससे एक लाख लोगों को राहत मिलेगी। करीब 60 हजार वाहनों को आवगमन में राहत मिलेगी। विजयनगर-सीटीआई रोड पर झांसी रेलवे लाइन पर 12 साल पहले आरओबी बना था। दो लेन के इस पुल से ही वाहनों का आवागमन होता था। इससे आवागमन में परेशानी होती है। यातायात पुलिस ने पांच साल पहले इस पुल को वन-वे कर दिया था। तय हुआ था कि सीटीआई से विजयनगर की तरफ आने वाले वाहन पुल के ऊपर से आएंगे, जबकि विजयनगर चौराहे से सीटीआई की तरफ जाने वाले वाहन पुल से पूर्व की तरफ स्थित पुराने मार्ग से ही झांसी रेलवे लाइन को पार करते हुए जाएंगे।

### नवंबर 2023 में शुरू कराया था निर्माण

इस रेलवे लाइन का फाटक रोज औसतन साढ़े तीन घंटे बंद रहता है, जिसकी वजह से लोगों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए इंतजार करना पड़ता था। इसके मद्देनजर दादानगर पुल के समानांतर पुल बनवाने का फैसला हुआ। सेतु निगम ने नवंबर 2023 में इसका निर्माण शुरू कराया। निर्माण के लिए खोदाई शुरू कराते ही जल निगम की मुख्य पाइपलाइन (राइजिंगमेन) आड़े आ गई।

### तीन महीने काम करना पड़ा था बंद

गंगा बैराज से दक्षिणी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति करने वाली इस पाइपलाइन को शिफ्ट किया गया।

पिछले साल निर्माण करीब 50 प्रतिशत ही हो पाया था, तभी निर्माणाधीन पुल के समानांतर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने भी एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक के लिए निर्माण शुरू करा दिया, जिसकी वजह से सेतु निगम को तीन महीने काम बंद करना पड़ा था। फरवरी में तेजी से कार्य शुरू किया, जिसे 30 जून को पूरा कर लिया गया।

### पुल चालू होने से गुजैनी, दबौली वालों को मिलेगी राहत

दादानगर समानांतर पुल चालू होने से रतनलालनगर, गुजैनी, दबौली, तात्याटोपेनगर रविदासपुरम, तात्यापोटेनगर, बर्रा, विश्वबैंक, दादानगर, मेहनबान सिंह का पुरवा, जरौली फेज-1, जरौली फेज-2, सेन पश्चिम पारा, कैंधा, खाड़ेपुर आवागमन करेंगे। इससे गोविंदपुरी पुराने पुल और गोविंदपुरी समानांतर पुल पर यातायात का दबाव कम हो जाएगा। तब इस पुल से आवागमन करने वालों को भी राहत मिलेगी।

# एंजियोप्लास्टी से नहीं बन रहा काम, आसानी से नहीं टूट रहे दिल के थक्के

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




दिल की धमनियों में खून के बहाव के रास्ते को अवरुद्ध करने वाले थक्के अब लंबे और सख्त भी बन रहे हैं। थक्कों में कैल्शियम अधिक होने की वजह से ये अधिक सख्त हो जाते हैं जिससे एंजियोप्लास्टी में मुश्किल पड़ती है। इन थक्कों को तोड़ने के लिए डायमंड कटर और शॉक वेव का इस्तेमाल करना पड़ता है। इन थक्कों में स्टेंट भी जल्दी खुल नहीं पाते। कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

एलपीएस कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट प्रोफेसर अवधेश शर्मा ने बताया कि दिल की धमनी में कोलेस्ट्राल के जमाव से थक्का बनता है। इसमें कैल्शियम मिल जाने से यह कड़ा हो जाता है। जो रोगी आ रहे हैं, उनकी धमनियों में थक्के कैल्शियम की वजह से सख्त भी होते हैं और लंबे भी। इनमें स्टेंट डालने पर आसानी से खुल नहीं पाते। ऐसे मामलों को कॉम्प्लेक्स हाई रिस्क इंटरवेंशन प्रोसीजर (चिप) कहते हैं।

### पहले माइनर केस आते रहे अधिक

यह मेजर कार्डियक इंटरवेंशन श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि चिप के मामले चार साल में अधिक बढ़े हैं। पहले कुल रोगियों में 15 प्रतिशत चिप केस होते रहे और अब उनकी संख्या 40 प्रतिशत हो गई है। कार्डियोलॉजी में वर्ष 2024-25 में इस तरह के मेजर केस 8983 आए हैं। छोटे माइनर श्रेणी के 7482 मामले हैं। इस तरह मेजर केस 1501 अधिक हैं। निदेशक एवं प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार वर्मा का कहना है कि पहले माइनर केस अधिक आते रहे।

### बाईपास सर्जरी होती है कारगर विकल्प

वहीं, अब मेजर केस अधिक आ रहे हैं। ब्लॉकेज (थक्के) की लंबाई भी अधिक होने लगी है। बड़ा थक्का होने पर दो स्टेंट लगाने पड़ते हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि बड़ा और सख्त थक्का होने पर पहले उसे डायमंड कटर तकनीक से काटते हैं। इसके अलावा शॉक वेव से थक्के को तोड़ा जाता है। इसके टूटने के बाद स्टेंट लगाया जाता है। ब्लॉकेज के बहुत अधिक लंबा होने और सख्त होने पर बाईपास सर्जरी कारगर विकल्प होती है।

### ऐसे बनते हैं कैल्शियम वाले थक्के

दिल की धमनी में सामान्य थक्का कोलेस्ट्राल और प्लेटलेट्स से मिलकर बनता है। कोलेस्ट्राल का लेवल खून में अधिक होने पर यह धीरे-धीरे धमनी में जमने लगता है। यह मुलायम होता है और इसमें स्टेंट आसानी से लग जाता है। जब इसमें कैल्शियम भी मिल जाता है, तो यह कड़ा हो जाता है। इसमें कैल्शियम चर्बी से आता है। यह इतना सख्त हो जाता है। इसमें जाकर स्टेंट फूल नहीं पाता। अधिक घी-तेल वाले खाद्य पदार्थ, जंक फूड, फास्ट फूड, सॉफ्ट ड्रिंक आदि के सेवन से शरीर में चर्बी अधिक बढ़ती है। व्यायाम या शारीरिक श्रम की कमी से चर्बी का जमाव बढ़ जाता है। इससे कोलेस्ट्राल, ट्राईग्लीसिराइड बढ़ती है। साथ ही धूम्रपान की लत समस्या को बढ़ाती है। इससे चिप के मामले बढ़ रहे हैं।

# एसडीएम और एसीपी ने ड्योढ़ी गंगा घाट का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के सरसौल कस्बे में आगामी गुरु पूर्णिमा पर्व को देखते हुए उपजिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा और एसीपी चकेरी अभिषेक पांडेय ने ड्योढ़ी गंगा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट पर साफ-सफाई, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा प्रबंधन और सीसीटीवी निगरानी की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित दिया कि घाट पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। विशेष रूप से ड्योढ़ी घाट पर हर वर्ष भारी भीड़ उमड़ती है। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस बल, पीएसी और गोताखोरों की तैनाती की गई है। साथ ही, सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

### ये लोग रहे मौजूद

उपजिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें, गहरे पानी में स्नान न करें और प्रशासन का सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार आशीष कुमार, मंदिर पुजारी सहित समस्त व्यवस्थापक गण मौजूद रहे।

# गंगा का जलस्तर बढ़ा, बैराज के 29 गेट खोले गए

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में बारिश और पहाड़ से आ रहे पानी की वजह से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए बैराज के 30 में से 29 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि एक गेट मरम्मत कार्य की वजह से बंद है। गुरुवार को बैराज की तरफ जलस्तर 113.35 मीटर दर्ज किया गया। हरिद्वार से 53,370, नरौरा से 42,160 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दो दिन पहले भी नरौरा से एक लाख 22 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था,

जिसके शुक्रवार शाम तक यहां पहुंचने की उम्मीद है। स्थिति यह है कि अटल घाट की सीढ़ियां गंगा में डूब गई हैं।

सिंचाई विभाग के मुताबिक, बारिश और ऊपरी क्षेत्रों से आ रहे पानी की वजह से जलस्तर में वृद्धि हुई है। इसे देखते हुए सिंचाई विभाग और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गंगा के किनारे बसे इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# सरकारी स्कूलों की जमीन पर अवैध कब्ज़ा

## प्रशासन के एक सप्ताह में खाली करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल का मजरा माधवनगर और पुरवामीर में सरकारी विद्यालयों की ज़मीन पर अवैध कब्ज़े के मामलों में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। दोनों स्थानों पर तहसील प्रशासन और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

माधवनगर में सरकारी विद्यालय की ज़मीन पर जयकरन यादव द्वारा अवैध निर्माण करवाया जा रहा था। इसकी शिकायत पर नरवल तहसीलदार विनीता पांडे के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान एबीएसए कृष्ण कांत और स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहा। वहीं, पुरवामीर गांव स्थित प्राथमिक कन्या पाठशाला द्वितीय की ज़मीन पर भी अतिक्रमण किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा इस संबंध में कई बार जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से शिकायत की गई थी।

### प्रशासन करेगा बुलडोजर की कार्रवाई

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तहसीलदार को तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार ने लेखपाल को निर्देशित करते हुए कहा कि पक्के बन चुके निर्माण में धारा 67 की कार्रवाई की जाए, तो वहीं नए पक्के निर्माण को एक सप्ताह के भीतर हटा दिया जाए। अन्यथा प्रशासन बुलडोजर की कार्रवाई करेगा।

# बारिश में सड़कों ने खोला मुंह, अफसरों की आंखें बंद

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में पीएसी मोड़ बाईपास से लेकर श्यामनगर छप्पन भोग चौराहे तक आने वाली सड़क कई साल से गड्ढों में तब्दील है। हाल ही में हुई बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर गया है। हर 150 से 200 मीटर पर 10 फीट के गड्ढे हैं। पैदल निकलना दूभर है। आए दिन वाहन सवार चुटहिल हो रहे हैं पर अफसरों ने आंखें बंद कर रखी हैं। इलाके के महेश, उत्कर्ष समेत अन्य लोगों का कहना है कि कोई नई बात नहीं है। हर बारिश में बड़े-बड़े गड्ढे हो जाते हैं। इन गड्ढों में पानी भर जाने से सबसे अधिक खतरा रात में होता है। स्थानीय लोगों ने इस रोड को छोड़कर दूसरी सड़कों से जाना शुरू कर दिया है। करीब एक किमी तक की रोड पूरी गड्ढे में तब्दील हो गई है।कमोवेश यही हाल केडीए चौराहे से जेके-1 चौराहे तक की सड़क का भी है। यहां 200 मीटर की दूरी पर कई बड़े-बड़े गड्ढे हैं। वार्ड-47 दहेली सुजा?नपुर के पार्षद निर्देश सिंह चौहान के कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर ही सड़क में कई जगह गड्ढे हैं। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी पार्षद इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। निरंकारी भवन के सामने नाला टूटने से पानी भर जाता है। पानी भरा रहने से लोगों ने अब घरों के बाहर खड़े रहना भी बंद कर दिया है। दूसरी ओर छप्पन भोग चौराहे से पीएसी मोड़ जाने वाली दूसरी लेन की सड़क में हनुमान मंदिर और अंधा मोड़ के पास काफी बड़े-बड़े गड्ढे हैं। रोजाना ही ई-रिक्शा और बाइक सवार गड्ढों की चपेट में आकर चुटहिल होते हैं। शिकायत के बाद भी अधिकारी और पार्षद ध्यान नहीं देते है।








 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अमेरिकी देशों की यात्रा से ग्लोबल साउथ को मिलेगी मजबूती

**पीएम मोदी ने कहा कि वह भारत के साथ गहरी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव साझा करता है। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलूंगा, जो इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं और दूसरी बार कार्यभार संभालने वालीं प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात करूंगा। उल्लेखनीय है कि प्रवासी समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 180 साल पहले भारतीय पहली बार त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे।**

*जब वैश्विक पटल पर अमेरिका और चीन एक दूसरे पर पलटवार करने के लिए रूस के मित्र भारत को अपने-अपने खेमे में मिलाने के लिए तरह-तरह की भारत विरोधी चालें चल रहे हैं, वहीं भारत अपनी सधी चाल से रूस को भी हैरत में डालते हुए ग्लोबल साउथ यानी तीसरी दुनिया के देशों पर निरंतर अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी विगत 11 वर्षों से लगातार वैश्विक यात्रा कर रहे हैं और भारत की वैश्विक स्थिति को काफी मजबूती प्रदान कर चुके हैं। उनकी कोशिश है कि भारत दुनिया के गुटनिरपेक्ष देशों को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान करे और अपने साथ साथ सभी देशों का आशातीत विकास करे। इससे सत्य व अहिंसा की वैश्विक भावना को भी मजबूती मिलेगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं।  अपने इस विदेश यात्रा के दौरान पीएम मोदी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों की यात्रा करेंगे, जिसके अपने वैश्विक मायने हैं। इसके अलावा वह ब्राजील की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे, जहां वह ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। स्पष्ट है कि उनकी यह यात्रा ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी देश घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा की शुरुआत 2-3 जुलाई को की। वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। बता दें कि घाना के राष्ट्रपति जान महामा 2015 में इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट के लिए भारत आए थे। वह जनवरी 2025 में तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। चूंकि घाना भारत को बड़े पैमाने पर वस्तुओं का निर्यात करता है और पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से वह एक है। लिहाजा दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। घाना से भारत के आयात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी गोल्ड की है। प्रधानमंत्री मोदी महामा के साथ द्विपक्षीय भागीदारी की समीक्षा करने के साथ ही आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग के जरिये इसे और मजबूत बनाने के तौर-तरीकों पर बात करेंगे।  वहीं, 3-4 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की यात्रा करेंगे। क्योंकि कैरिबियाई द्वीप में रहने वाले कुल प्रवासी भारतीयों में से 40-45 प्रतिशत त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रहते हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद बिसेसर और राष्ट्रपति क्रिस्टिनी कार्ला कंगालू दोनों ही भारतीय मूल के हैं। लिहाजा प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगों की यह पहली यात्रा होगी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**रूस में, रूसी भाषा राष्ट्रीय स्तर पर एकमात्र आधिकारिक भाषा है, लेकिन इसके अलावा, 35 अन्य भाषाएं भी हैं जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है। फ्रांस में फ्रेंच देश की आधिकारिक भाषा है, वहीं लगभग 75 क्षेत्रीय भाषाएं भी बोली जाती हैं, जिनमें से कुछ को स्कूलों में भी पढ़ाया जाता है। जिनमें ओसीटान, ब्रेटन, बास्क, कोर्सीकन, अलसैटियन और कुछ मेलानेशियन भाषाएं शामिल हैं। जापान में जापानी भाषा बोली जाती है। साथ ही कुछ क्षेत्रीय भाषाएं और बोलियां भी हैं, जैसे कि रयुक्युआन भाषाएं, जो ओकिनावा और कागोशिमा के कुछ हिस्सों में बोली जाती हैं, और ऐनू भाषा, जो होक्काइडो में बोली जाती है।**

# दक्षिण भारत समेत महाराष्ट्र में हिन्दी विरोध का शोर



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**ब्रिटेन में अंग्रेजी के अलावा कई अन्य भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से कुछ स्वदेशी हैं और कुछ विदेशी हैं। यहां वेल्स, स्कॉटिश गेलिक, आयरिश, स्कॉट्स और कॉर्निश जैसी स्वदेशी भाषाएं भी मौजूद हैं। ब्रिटेन में दुनिया भर से आए प्रवासियों के कारण कई विदेशी भाषाएं भी बोली जाती हैं, जैसे कि पोलिश, बंगाली, पंजाबी, उर्दू, और फ्रेंच। कुल यहां पर 300 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं।**

ये जिद आज भारत में उन तमाम करोड़ों लोगों की है, जोकि हिन्दी के सहारे अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। हिन्दी उनके जीवन में परस्पर संवाद का काम करती है और उन्हें खुशहाल बनाती है। इसलिए ये साफतौर पर आज देश भर में यही कह रहे हैं, ÷हिन्दी बोलने के लिए साहब आप कितना भी क्यों न मारिए, पर मैं हिन्दी बोलना नहीं छोड़ूंगा।÷ पर कुछ सिरफिरे हैं, जिनके पास लगता है कोई काम नहीं, वह भाषा विवाद पैदा करके ही अपनी राजनीति चमकाते हैं, दक्षिण भारत के राज्यों से लेकर महाराष्ट्र तक में यह संकट बहुत घना है। अचानक बीच-बीच में यहां एक आन्दोलन खड़ा होता है और आवाज बुलंद की जाती है कि हिन्दी का विरोध करना है। अभी महाराष्ट्र से पहले तमिलनाडु, कर्नाटक में हिन्दी के खिलाफ आवाज तेजी से उठती दिखी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का कहना है कि राज्य में हिन्दी का विरोध किया जाएगा, क्योंकि हिन्दी मुखौटा है और संस्कृत छुपा हुआ चेहरा%, पर क्या वास्तव में ऐसा है अभी सोशल मीडिया पर महाराष्ट्र के ठाणे में राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के कार्यकर्ताओं द्वारा एक गुजराती दुकानदार की पिटाई करता हुआ वीडियो वायरल हो रहा है, वास्तव में ये वीडियो बहुत आहत करता है। भाषा के लिए आप किसी को भी मारेंगे एमएनएस कार्यकर्ता दुकानदार से कहते हैं कि ये महाराष्ट्र है, इसलिए यहां मराठी बोलना ही होगा। राज ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार से मराठी और इंग्लिश अनिवार्य करने की अपील की है। इन्हें हिन्दी से दुश्मनी है! दूसरी ओर महाराष्ट्र में 16 अप्रैल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करने का फैसला लिया गया था। इसके तहत राज्य के मराठी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पहली से पांचवीं कक्षा के छात्रों के लिए हिन्दी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाया गया था। किताबे छप चुकी, लेकिन अब एमएनएस की तरह ही राज्य में कई संगठन और राजनीतिक दलों ने हिन्दी पढ़ाने का विरोध जारी रखा। जिसके चलते आखिरकार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने 22 अप्रैल को हिन्दी अनिवार्य करने का अपना निर्णय वापस ले लिया। लेकिन इसके बाद भी महाराष्ट्र में हिन्दी बोलने पर लोगों को पीटा जा रहा है। यहां गंभीरता से विचार सभी को यह अवश्य करना चाहिए कि आखिर केंद्र की मोदी सरकार त्रि-भाषा सूत्र को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में क्यों लेकर आई। तथ्यों को गहराई से जानें तो भारत में स्वाधीनता के बाद सबसे पहले त्रि-भाषा सूत्र को राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (कोठारी आयोग) ने वर्ष 1968 की नीति में उल्लेखित किया था। कोठारी आयोग ने ही सिफ़ारिश की थी कि हिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिंदी तथा अंग्रेजी के अतिरिक्त एक आधुनिक भारतीय भाषा अथवा दक्षिण भारत की भाषाओं में से किसी एक के अध्ययन की व्यवस्था एवं अहिन्दी भाषी राज्यों में राज्य भाषाओं एवं अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी के अध्ययन की व्यवस्था की जाए। इसी व्यवस्था को त्रि-भाषा सूत्र के नाम से जाना गया। इस आयोग की सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए भारत की संसद द्वारा एक संकल्प पारित किया गया जिसे 'राजभाषा संकल्प 1968' के नाम से जाना जाता है। राजभाषा संकल्प 1968 के अनुसार- भारत की एकता एवं अखंडता की भावना को बनाए रखने एवं देश के विभिन्न भागों में जनता में संपर्क सुविधा के लिए यह आवश्यक है कि भारत के केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों के परामर्श से तैयार किए गए त्रि-भाषा सूत्र को सभी राज्यों में पूर्णत कार्यान्वित किया जाएगा। कोठारी आयोग के बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा एक समिति का गठन किया गया। चूंकि त्रि-भाषा सूत्र को पूरी तरह व्यावहारिक तौर पर लागू नहीं किया जा सका था, इसलिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी इस बात का उल्लेख किया गया कि उपर्युक्त त्रि-भाषा सूत्र को लागू किया जाएगा। अब थोड़ा अध्ययन अपने आसपास के देशों का और युरोप सहित दुनिया के प्रमुख देशों का भी भाषा के स्तर पर कर लेना चाहिए। भारत के पड़ोसी देश चीन में 300 से ज्यादा भाषाएं बोली जाती हैं। चीनी भाषा (सिनिटिक) में सात मुख्य भाषा समूहों में विभाजित किया गया है, जिनमें मंदारिन, वू, कैंटोनीज़, मिन, हक्का, गान और जियांग शामिल हैं। किंतु एक भाषा के स्तर पर चीन की आधिकारिक भाषा मंदारिन है। इन सभी में भारत की तरह से कोई आपसी विरोध नहीं दिखता। नेपाल में 124 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। जिसमें कि नेपाली देश की आधिकारिक भाषा है । इसके बाद मैथिली दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। नेपाल में कई अन्य भाषाओं में भोजपुरी, थारू, नेवारी, लिम्बू, राय, शेरपा, मगर, गुरुंग हैं। पाकिस्तान में लगभग 70 से 80 भाषाएं हैं। उर्दू को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है। पंजाबी, पश्तो, सिंधी, सरायकी और बलूची जैसी भाषाएं भी पाकिस्तान में व्यापक रूप से लोग बोलते हैं। हिंडको, ब्राहवी, कोहिस्तानी, और अन्य कई भाषाएं भी पाकिस्तान में बोली जाती हैं। पर उर्दू के मामले में सभी एकमत हैं। भारत के एक अन्य पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में लगभग 40 क्षेत्रीय भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से 36 जातीय अल्पसंख्यक भाषाएं हैं और 6 गैर-जातीय अल्पसंख्यक भाषाएं हैं। आधिकारिक भाषा बांग्ला है। कुछ प्रमुख भाषाएं हैं- चकमा, उर्दू, गारो, मीतेई, कोकबोरोक, और राखीन। इस देश में भी कोई भाषा विवाद नजर नहीं आता। अफगानिस्तान में मुख्य रूप से दो आधिकारिक भाषाएं हैं- पश्तो और दारी। इसके अलावा, कई अन्य क्षेत्रीय और अल्पसंख्यक भाषाएं भी बोली जाती हैं, जैसे कि उज्बेकी, तुर्कमेनी, बलूची, पशाई, अरबी, उर्दू, और कुछ पामीरी भाषाएं। श्रीलंका में मुख्य रूप से दो भाषाएं बोली जाती हैं, सिंहली और तमिल। कुछ लोग क्रियोल मलय जैसी अन्य भाषाएं भी बोलते हैं। पर आपस में किसी का कोई परस्पर भाषायी विवाद नहीं। जर्मनी में लगभग 250 बोलियां हैं, जिनमें से मानक जर्मन देश की आधिकारिक भाषा है। यहां प्रमुखता सेतुर्की, कुर्द, पुर्तगाली, अरबी, अल्बानियाई, रूसी, पोलिश, आदि, जो जर्मनी में प्रवासी समुदायों द्वारा बोली जाती हैं। जर्मनी में अंग्रेजी, फ्रेंच और लैटिन जैसी विदेशी भाषाएं भी स्कूलों में पढ़ाई जाती हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में 350 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं, जिसमें सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा अंग्रेजी और इसके बाद स्पेनिश का नंबर आता है। इसके साथ ही संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 150 मूल अमेरिकी भाषाएं भी बोली जाती हैं।





**22 भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में आधिकारिक भाषाओं के रूप में मान्यता दी गई है। असमिया, डोगरी, गुजराती, हिंदी, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 18:59 तक |
| नक्षत्र: | स्वाती 19:51 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शनिवार |
| योग: | सिद्ध, 20:35 |
| सूर्योदय: | 05:30 |
| सूर्यास्त: | 19:21 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 08:58-10:41 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्त: | 12:01-12:49 |

## जन एक्सप्रेस

**अपनाएं अब हमको !**

*ले आओ अब हमको ।*
*देंगे रोजगार ।।*
*होगा बंद पलायन ।*
*सत्ता असरदार ।।*
*चुटकियों में कर देंगे ।*
*रोटी का जुगाड़ ।।*
*हैं महत्व वोट का ।*
*ना करें कबाड़ ।।*
*अपनाएं अब हमको ।*
*इनको दें उखाड़ ।।*
*हैं लगे हम बरसो से ।*
*हमारा भी जुगाड़ ।।*
*चाहिए बस हमको ।*
*मौका एक बार ।।*
*हैं बांधे मुरेठा ।*
*कस कमर तैयार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बरसात में बीमारियों से बचने के लिए खाएं ड्राई फ्रूट्स

**बरसात** के मौसम के साथ ही लोगों को पाचन तंत्र के कमजोर होने, इम्यूनिटी के कमजोर होने, बीमारियों और इंफेक्शन का खतरा बढ़ने की समस्या होती है। इस दौरान लोगों को सर्दी-जुकाम, वायरल फीवर होने और त्वचा से जुड़ी समस्या होना आम है। ऐसे में शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए डाइट हेल्दी फैट्स, फाइबर, विटामिन्स और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर ड्राई फ्रूट्स को डाइट में शामिल करना फायदेमंद है। इनका सेवन करने से शरीर को एनर्जी देने और इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद मिलती है।

**अखरोट खाएं:** अखरोट में भरपूर मात्रा में ओमेगा-3 फैटी एसिड और कई विटामिन्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें अच्छी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से ब्रेन के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने, ब्रेन को रिलैक्स करने, सूजन को कम करने, थकान को दूर करने, हार्ट और स्किन को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने में भी मदद मिलती है। बता दें, 1 दिन में 1-2 अखरोट खाना पर्याप्त होता है।

**बादाम खाएं:** बादाम में हेल्दी फैट्स, मैग्नीशियम, फाइबर और विटामिन-ई जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं। ऐसे में बरसात के मौसम में 3-4 बादाम को रातभर भिगोकर सुबह के समय खाने से इम्यूनिटी को बूस्ट करने, इंफेक्शन से बचाव करने, स्किन को हेल्दी बनाए रखने, पाचन को दुरुस्त करने और शरीर को एनर्जेटिक बनाए रखने में भी मदद मिलती है।



**खजूर खाएं:** खजूर में भरपूर मात्रा में आयरन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम और फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण भी पाए जाते हैं। बरसात के मौसम में अक्सर शरीर की एनर्जी कम हो जाती है। ऐसे में बारिश में खजूर जैसे ड्राई फ्रूट्स को खाने से शरीर को एनर्जी देने और शरीर में खून की कमी को दूर करने में मदद मिलती है। 1 दिन में 2-3 खजूर खाना फायदेमंद है।

**अंजीर खाएं:** अंजीर में फाइबर जैसे कई विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं। बरसात के दौरान इनको खाने से पाचन तंत्र को दुरुस्त करने, कब्ज की समस्या से राहत देने और गट हेल्थ में सुधार करने में मदद मिल सकती है। बारिश में अक्सर गट के स्वास्थ्य पर असर होता है। बता दें, अंजीर  को रातभर भिगोकर सुबह के समय खाएं और 1 दिन में 1-2 अंजीर खाना पर्याप्त है।

**किशमिश या मुनक्का खाएं:** किशमिश और मुनक्के में भरपूर मात्रा में आयरन और फाइबर जैसे मिनरल्स और विटामिन्स होते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। बारिश के मौसम में इसको खाने से इंफेक्शन से बचाव करने, इम्यूनिटी को बूस्ट करने, शरीर को एनर्जी देने, हार्ट को हेल्दी रखने और पाचन को दुरुस्त करने में मदद मिलती है। इनको रातभर भिगोकर खाली पेट खाना फायदेमंद है।

**निष्कर्ष:** बरसात के मौसम में अक्सर शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, साथ ही, इसके कारण लोगों को पाचन से जुड़ी समस्या के कमजोर होने, वायरल इंफेक्शन और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने, शरीर को एनर्जी देने, थकान को दूर करने और बीमारियों से बचाव करने के लिए डाइट में बादाम, अखरोट, किशमिश, बादाम, मुनक्के, खजूर और अंजीर जैसे ड्राई फ्रूट्स को शामिल किया जा सकता है। इससे स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है। ध्यान रहे, ड्राई फ्रूट्स का सेवन सीमित मात्रा में करें।

### एक्सप्रेस विशेष

# स्वामी विवेकानंद: विचारों के युगदृष्टा, युवाओं के पथप्रदर्शक



योगेश कुमार गोयल

**शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया।**

**स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी।**

**स्वामी** विवेकानंद सदैव युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और आदर्श व्यक्त्वि के धनी माने जाते रहे हैं, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। विवेकानंद के बारे में कहा जाता है कि वे स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को खाना खिलाते थे और बाहर ठंड में सो जाते थे। मानवता के वे कितने बड़े हितैषी थे, यह उनके इस वक्तव्य से समझा जा सकता है कि भारत के 33 करोड़ भूखे, दरिद्र और कुपोषण के शिकार लोगों को देवी-देवताओं की भांति मंदिरों में स्थापित कर दिया जाए और मंदिरों से देवी-देवताओं की मूर्तियों को हटा दिया जाए। विवेकानंद का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि अगर आप भारत को जानना चाहते हैं तो आप विवेकानंद को पढ़िए। विवेकानंद का कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने अनेक मूलमंत्र दिए। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बनी रही। विवेकानंद ने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं और युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही उन्होंने अपने एक भाषण में कहा भी था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का संचार करने का कार्य किया। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ''ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अतः एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। विश्व एक व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।'' 11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया।

# खाद वितरण केंद्र पर अफरा-तफरी, किसानों में दिखी नाराजगी

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




**प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल** साधन सहकारी समिति पर खाद लेने के लिए जुटी किसानों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर ठूठीबारी कोतवाली के पुलिस बल तैनात नहीं था। समिति कर्मियों के बार-बार कहने के बावजूद लोग व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे थे। प्रशासनिक सहयोग न मिलने के कारण समिति के कर्मचारी भी असहाय नजर आए। वही कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि केंद्र पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है, मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

ठूठीबारी कस्बे के मरचहवा रोड पर स्थित साधन सहकारी समिति पर बुधवार को उर्वरक (खाद) के वितरण के दौरान भारी अव्यवस्था देखी गई। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसानों की भीड़ अचानक बेकाबू हो गई, जिससे समिति परिसर में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। किसानों ने बताया कि केंद्र पर खाद वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने व फिंगर सत्यापन के लिए अतिरिक्त मशीनें लगाने और भीड़भाड़ के समय पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की मांग किया है।

मिलीं जानकारी के अनुसार बुधवार को समिति द्वारा यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा था। सुबह से ही खाद लेने के लिए दूर-दराज़ के गांवों से किसान जुटने लगे थे। और भीड़ बढ़ती गई, फिंगरप्रिंट सत्यापन की धीमी प्रक्रिया और सीमित कर्मचारी व्यवस्था के कारण लंबी लाइनें लग गईं। इससे किसानों का धैर्य जवाब देने लगा और धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। किसान उमाकांत चौधरी, रामनाथ साहनी, पप्पू पटेल, किशोरी भुज ने बताया कि खेती उपयोग के लिए खाद की आवश्यकता है, भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में खाद लेने के लिए सुबह छह बजे से लाइन में लगे है, लेकिन दोपहर बाद भी नंबर नहीं आया। यहां व्यवस्था पूरी तरह फेल है। किसानों और ग्रामीणों ने मांग की है कि खाद वितरण व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, फिंगर सत्यापन के लिए अतिरिक्त मशीनें लगाई जाएं, और भीड़भाड़ के समय पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

## मेन लाइन का केबल ब्लास्ट, 19 घंटे गुल रही नगर समेत 450 गांवों की बिजली

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

132 केवीए कसया पावर हाउस की 33 हजार की मेन लाइन का केबल बुधवार की रात करीब 9:30 बजे अचानक ब्लास्ट हो गया। इससे तरकुलवा और पथरदेवा नगर पंचायतों समेत करीब 450 गांवों की बिजली आपूर्ति 19 घंटे ठप रही।

भीषण गर्मी से 50 हजार की आबादी त्राहि-त्राहि करने लगी। कस्बों और चौराहों पर व्यावसायिक प्रतिष्ठान ठप हो गए। बिजली कर्मियों ने रात में ही फॉल्ट को ही दुरुस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

बिजली निगम के एसडीओ सुशांत शर्मा और जेई लवलेश सिंह की अगुवाई में बिजली कर्मचारियों की टीम बृहस्पतिवार की सुबह से ही आपूर्ति बहाल करने के प्रयास में जुटी रही, मगर शाम 4:30 बजे तक सफलता नहीं मिली पाई थी। तरकुलवा और बघौचघाट बिजली घरों की मेन सप्लाई कुशीनगर जिले के कसया पावर हाउस से होती है। बुधवार की रात करीब 9:30 बजे 132 केवीए कसया सब डिवीजन की 33 हजार वोल्ट की मेन लाइन का केबल अचानक ब्लास्ट हो गया।

# शाखा प्रबंधक सहित दो अधिकारी पर 5 लाख के गबन का आरोप, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज**




मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत स्वीकृत ऋण की धनराशि गबन करने के आरोप में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) पनियरा शाखा के शाखा प्रबंधक शिशिर गुप्ता और क्षेत्रीय कार्यालय के नामित अधिकारी राजेश शुक्ला के खिलाफ पनियरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सोनबरसा गांव की रहने वाली शना खातून की तहरीर पर की गई है।

पीड़िता शना खातून का आरोप है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत ?5 लाख का ऋण स्वीकृत हुआ था। बैंक प्रबंधक ने ऋण स्वीकृति के बाद अपने परिचितों से कोटेशन मंगवाकर पूरी राशि उनके खातों में स्थानांतरित कर दी। शना का कहना है कि उन्हें न तो कोई सामग्री मिली, न ही पैसा। जब वह जानकारी के लिए बैंक पहुंची, तो उन्हें बैंक कर्मियों ने बार-बार टाल मटोल कर दिया गया। शिकायत में कहा कि बीते 30 अप्रैल से लगातार बैंक के चक्कर काटने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। शना के अनुसार, उनके पिता को भी बैंक से अपमानित कर भगा दिया गया और धमकी दी गई कि यदि शिकायत की तो जेल भेज दिया जाएगा। परेशान होकर उन्होंने 14 जून को मुख्यमंत्री पोर्टल, पीएनबी सतर्कता विभाग लखनऊ और क्षेत्रीय प्रबंधक गोरखपुर को शिकायत भेजी। शना ने यह भी आरोप लगाया कि 24 जून को बैंक बुलाकर उन्हें प्रताड़ित किया गया और उन्हें अपनी जान बचाकर वहां से भागना पड़ा। मानसिक उत्पीड़न के कारण उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाने की भी बात लिखी है। इस संबंध में पनियरा थाना प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि शना खातून की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बैंक से जुड़े दस्तावेज और ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

# ट्रैफिक पुलिस की सख्ती : स्कूल के 12 बसों का चालान

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देशन में शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस ने परतावल कस्बे में स्कूल बसों की सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 12 स्कूली वाहनों का चालान करते हुए 28,000 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला है। यातायात पुलिस ने अभियान के तहत बस चालकों और छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। स्कूली बसों में फर्स्ट एड बॉक्स, फायर गैस किट, सीसीटीवी कैमरे, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस सर्टिफिकेट और वाहन बीमा सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अरूणेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी स्कूली वाहनों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। बस चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा उपकरण रखने और छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए निर्देशित किया गया। चेकिंग के दौरान कई वाहन मानकों पर खरे नहीं उतर पाए, जिसके चलते स्कूल के 12 बसों को चालान किया गया। इस अभियान के तहत स्कूल प्रशासन और निजी बस चालकों को भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी भी दी गई। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## परिषदीय विद्यालयों के विलय के विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

प्रदेश सरकार की ओर से बेसिक शिक्षा परिषद के पांच हजार स्कूलों को विलय करने के फैसले के विरोध में बृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसे युवा, छात्र और बेरोजगार विरोधी निर्णय बताया।प्रदर्शन से पहले शहर के टाउन हॉल परिसर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर मासिक बैठक हुई। इसके बाद जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन के नेतृत्व में कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए सुभाष चौक, सिविल लाइंस, कचहरी चौराहा होते कलक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, छात्रों व बेरोजगारों के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।

# खजनी में महिला का सिर कूचकर फेंका, दुष्कर्म की आशंका

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर में एक 40 वर्षीय महिला गंभीर हालत में मिली। उसके सिर पर ईंट से हमला किया गया था जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने महिला को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है और मामले की जांच कर रही है। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

खजनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की भोर 40 वर्षीय एक महिला गंभीर हालत में मिली। उसका सिर ईंट से कूचा गया था। दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है। खजनी पुलिस ने गंभीर हालत में महिला को बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

खजनी थाना से 100 मीटर दूर, बीआरसी खजनी के पीछे शुक्रवार की भोर मे एक महिला गंभीर हालत में मिली। उसके सिर और चेहरे पर काफी चोट लगे थे। अज्ञात हमलावरों ने ईंट से महिला को बेरहमी से कूचा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

इस घटना का खुलासा तब हुआ जब सुबह नौ बजे स्कूल के कर्मचारी बीआरसी परिसर के पास कराहने की आवाज सुनी। पहले इसे जानवर की आवाज समझा गया, लेकिन कराहने की आवाज बढ़ने पर जांच की गई तो खून से लथपथ महिला दर्द से तड़पती मिली।

कर्मचारियों ने तुरंत खजनी पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष खजनी अनूप सिंह पुलिसकर्मियो के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को तत्काल मेडिकल कालेज भिजवाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी साउथ जितेंद्र कुमार और सीओ खजनी उदय प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि महिला के साथ दुष्कर्म के बाद इस क्रूर वारदात को अंजाम दिया गया। हालांकि, महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसकी शिनाख्त और बयान दर्ज नहीं हो सका है। पुलिस बीआरसी परिसर में लगे सीसी कैमरे के फुटेज की जांच कर

# विदेशी छात्रों का बढ़ा रुझान, 34 का पीएचडी में प्रवेश

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय की लोकप्रियता विदेशों में बढ़ रही है। पीएचडी में 34 विदेशी छात्रों ने प्रवेश लिया है जिनमें नेपाल और यूएसए के छात्र शामिल हैं। स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 167 से अधिक आवेदन आए हैं जिनमें रूस बांग्लादेश और अन्य देशों के छात्र शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन विदेशी छात्रों की बढ़ती रुचि से उत्साहित है।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की ख्याति विदेश में तेजी में बढ़ रही है। इसकी बानगी यहां प्रवेश के लिए बढ़ते रुझान में दिख रही है। पीएचडी पाठ्यक्रम में अबतक 34 विदेशी छात्र प्रवेश ले चुके हैं जबकि अन्य स्नातक व परास्नतक पाठ्यक्रमों के लिए 167 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं।

पीएचडी में प्रवेश लेने वालों नेपाल व यूएसए के विद्यार्थी शामिल हैं। उधर, अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए रूस, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, ईस्ट तिमोर, घाना, लाइबेरिया, नेपाल, नाइजीरिया, दक्षिण सुडान, स्विटजरलैंड, यूएसए, यमन व जांबिया से आवेदन आए हैं। पीएचडी में प्रवेश को लेकर नेपाल के छात्रों और अन्य पाठ्यक्रमों के लिए बांग्लादेश के छात्रों ने सर्वाधिक रुचि दिखाई है। नैक से ए प्लस-प्लस ग्रेड हासिल करने के बाद विश्वविद्यालय की साख देश ही नहीं विदेश में बढ़ी है। इसका लाभ विश्वविद्यालय ने उठाया है। प्रवेश को लेकर अपना प्रचार-प्रसार दुनिया भर में बढ़ाया है। इसी का नतीजा है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए रुझान दिखाया है।

सर्वाधिक आवेदन भारत सरकार के स्टडी इन इंडिया पोर्टल पर आए हैं। कुछ छात्रों ने विश्वविद्यालय के पोर्टल पर आवेदन को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय प्रशासन इसे लेकर उत्साहित है। विश्वविद्यालय का अंतरराष्ट्रीय सेल आवेदन करने वाले सभी विदेशी छात्रों से संपर्क साध रहा है।

सेल के निदेशक डा. रामवंत गुप्ता का कहना है कि इस बार का रुझान मनोबल बढ़ाने वाला है। पूरी कोशिश है कि जो भी छात्र प्रवेश का मानक पूरा कर रहे हैं, उनका प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। इसमें उन्हें किसी तरह दिक्कत न आने दी जाए।

इस वर्ष विदेशी छात्रों का रुझान इसलिए भी उत्साह बढ़ाने वाला है कि बीते वर्ष आवेदन तो बहुत आए थे लेकिन प्रवेश केवल 13 विद्यार्थियों का सुनिश्चित हो सका था। पांच विद्यार्थियों ने पीएचडी में और बाकी आठ विद्यार्थियों ने अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया था।

## नीम का पेड़ गिरने से पूर्व सभासद समेत दो मौत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

शहर के इंदिरा नगर में एक मंदिर में बैठे लोगों पर शनिवार की रात अचानक नीम का पेड़ गिर गया। इसमें पूर्व सभासद समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पुजारी सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। इंदिरा नगर वार्ड निवासी पूर्व सभासद कृष्णा पटेल (50), छोटेलाल श्रीवास्तव (35), कन्हैया प्रसाद, विश्वनाथ सातो रे बहिनिया मंदिर परिसर में पुजारी के साथ बैठकर आपस में बात कर रहे थे। रात करीब 9.30 बजे अचानक मंदिर में स्थित नीम का पेड़ इनके ऊपर गिर गया। चीख-पुकार सुनकर लोग पहुंचे और पेड़ हटाकर घायलों को बाहर निकाला। पुलिस को सूचना दी गई। हादसे के बाद मौके पर ही पूर्व सभासद कृष्णा पटेल की मौत हो गई। अन्य घायलों को लोग मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने छोटेलाल श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया।

# जमुई कला में दो समुदायों के बीच खूनी संघर्ष, तीन गंभीर घायल

### छेड़छाड़ के आरोप के बाद भड़की हिंसा, गांव में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा जमुई कला में बुधवार को दो समुदायों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में तनावपूर्ण माहौल व्याप्त है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

घटना की शुरुआत उस समय हुई जब एक समुदाय के युवकों पर दूसरे समुदाय की किशोरी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा। पीड़िता के परिजनों द्वारा विरोध जताने पर विवाद बढ़ गया, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा। संघर्ष के दौरान प्रमोद तिवारी (40) और निखिल तिवारी (15) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

मामले की जानकारी मिलते ही सीओ निचलौल अनुज कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है।

# पुलिस ने फरार गैंग लीडर किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार में संलिप्त व फरार चल रहे गैंग लीडर को ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला बीते 14 जनवरी 2025 की रात का है, जब कोतवाली पुलिस प्रशासन व 22वी वाहिनी एसएसबी की संयुक्त टीम ने भरवलिया ढाला के पास मुखबिर की सूचना पर एक बाइक सवार को रोका। तलाशी के दौरान बाइक से 3600 स्पास्मो कैप्सूल बरामद हुए। मौके से दो अभियुक्त विवेकानंद मल्ल (निवासी विवेकानंद नगर, सिसवां बाजार) व शमसाद अली उर्फ आरिफ (निवासी डगरूपुर) थाना बरगदवा को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल दिया था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा के अनुसार, विवेकानंद मल्ल इस नशीली दवा तस्करी गिरोह का लीडर था, जबकि शमसाद उसका सक्रिय सदस्य, दोनों आरोपित नेपाल व सीमावर्ती भारतीय क्षेत्रों में नशीली दवाओं व इंजेक्शन की तस्करी कर रहे थे।

### दोनों व्यक्ति अवैध नशीली दवा कारोबार में थे संलिप्त

दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद जांच में खुलासा हुआ कि उपरोक्त दोनों अपराधी गिरोहबंद गतिविधियों में लिप्त थे। इस पर धारा 14(1) गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के अंतर्गत जिलाधिकारी की अनुमति के बाद कार्रवाई की गई। मामले में पुलिस ने शमसाद अली पहले ही जेल भेज चुका है। वहीं गैंग का लीडर विवेकानंद मल्ल फरार चल रहा था। बीते 2 जुलाई की रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे ठूठीबारी एसएसबी रोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद विवेकानंद को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## युवक को दौड़ाकर मारा चाकू, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

एक युवक की मुख्य चौराहे पर बुधवार की रात कुछ लोगों ने पिटाई शुरू कर दी। जान बचाने के लिए वह भागने लगा। आरोप है कि मनबढ़ों ने दौड़ा कर उसे पकड़ कर चाकू से वार कर दिया। युवक घायल हो गया। आसपास के लोगों के जुटने पर हमलावर भाग निकले। जानकारी के अनुसार, बिशुनपुर भरथ राय गांव निवासी यमराज यादव (35) पुत्र रविकांत यादव प्राइवेट फार्म में नौकरी करता है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने उसे बुधवार की रातबैजनाथपुर चौराहे पर बुलाया। चौराहा स्थित एक पान की दुकान के सामने चार से पांच लोगों ने मिलकर यमराज की पिटाई शुरू कर दी। घायल युवक के चचेरे भाई सोनू यादव ने बताया कि भाई के गर्दन और पीठ पर चाकू वार किए गए है।

# मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर गिरफ्तार, एक को लगी गोली

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

हाईवे पर शनिवार को पुलिस और पशु तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी, जबकि दो को टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल कुख्यात पशु तस्कर पडरौना कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है। काफी दिनों से वह गोरखपुर से बिहार तक पशु तस्करी के धंधे में सक्रिय था। उसका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घेराबंदी करने वाले पुलिसकर्मियों को तस्करों ने पिकअप से कुचलने का प्रयास भी किया। इसमें पटहेरवा थानाध्यक्ष व एक सिपाही बाल-बाल बच गया। पुलिस को एनएच-28 से गोवंश को लेकर बिहार जाने की सूचना मिली। इसके बाद हाटा कोतवाली, पटहेरवा और तरयासुजान थानों की पुलिस सक्रिय हो गई। शनिवार को भोर में पांच बजे गोरखपुर की ओर से जिले में तस्करों का पिकअप आता देख हाटा कोतवाली की पुलिस सादे वेश में प्राइवेट वाहन से पीछे लग गई। इस बीच पटहेरवा थानाध्यक्ष दीपक सिंह और तरयासुजान थानाध्यक्ष राजप्रकाश सिंह ने हाईवे पर महुअवा कट के पास घेराबंदी कर दी। पशु तस्करों के पिकअप की गति इतनी तेज थी कि अचानक पुलिस को देख वह किसी तरह वाहन को रोके और टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी और वह जमीन पर गिर गया। वहीं दो पशु तस्करों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल पशु तस्कर की पहचान पुलिस ने पडरौना कोतवाली क्षेत्र के जंगल हनुमानगंज सेमरिया सबुनहा गांव निवासी खुर्शीद अंसारी के रूप में की। इस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। बाकी दो तस्कर पंकज गुप्ता पश्चिमी चंपारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र के खलवा पट्टी तमकुहा का निवासी है। इसी जिले के धनहा थाना क्षेत्र के धवहिया गांव का निवासी कन्हैया कुशवाहा है। पुलिस के मुताबिक पशु तस्करों का यह गैंग काफी दिनों से इस धंधे में सक्रिय था।पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी और वह जमीन पर गिर गया।

वहीं दो पशु तस्करों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल पशु तस्कर की पहचान पुलिस ने पडरौना कोतवाली क्षेत्र के जंगल हनुमानगंज सेमरिया सबुनहा गांव निवासी खुर्शीद अंसारी के रूप में की। इस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। बाकी दो तस्कर पंकज गुप्ता पश्चिमी चंपारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र के खलवा पट्टी तमकुहा का निवासी है। इसी जिले के धनहा थाना क्षेत्र के धवहिया गांव का निवासी कन्हैया कुशवाहा है। पुलिस के मुताबिक पशु तस्करों का यह गैंग काफी दिनों से इस धंधे में सक्रिय था। तस्करों के पास से तीन तमंचा, एक पिकअप, गोवध में इस्तेमाल होने वाले धारदार हथियार व अन्य सामान बरामद किया गया। पांच गोवंश को पुलिस ने मुक्त भी कराया।

गोरखपुर और कुशीनगर पुलिस का वांछित था खुर्शीद पडरौना कोतवाली क्षेत्र के जंगल हनुमानगंज सेमरिया सबुनहा गांव निवासी खुर्शीद अंसारी की रियाज उर्फ ननकी के बाद पशु तस्करी के धंधे में अधिक सक्रियता रही। इसका नेटवर्क पश्चिम से पूरब तक संचालित होता था। सूत्रों की मानें तो गोरखपुर से कुशीनगर होते हुए बिहार तक तय स्थान पर गोवंश को पहुंचाने की जिम्मेदारी खुर्शीद की रहती है। इन दोनों जिलों के कई मुकदमों में यह वांछित चल रहा था। गोरखपुर के कैंट थाने में तीन, तिवारी में एक, गोरखपुर कोतवाली, शाहपुर, राजघाट, कुशीनगर के तुर्कपट्टी, कसया, पडरौना कोतवाली में कुल 18 केस दर्ज हैं।

# फर्जी आरोप में फंसाने वालों की नहीं है खैर, चार आरोपी भेजे गए जेल

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में शुक्रवार को बलरामपुर पुलिस द्वारा थाना महराजगंज तराई क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति पर छेड़खानी का झूठा आरोप लगाकर उसे बन्धक बनाकर मारपीट व जानमाल का भय दिखाकर जबरन धन उगाही करने की घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 4 जुलाई को बताया कि पीड़ित राजन राजभर पुत्र सुभाष राजभर निवासी जंगल बकुलहा थाना कोतवाली पड़रौना जनपद कुशीनगर का निवासी है, जो ग्राम पूरे बक्श धोकरा थाना महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर में एक माह से रहकर मजदूरी (राजगीर) का काम कर रहा है । 02 जुलाई 2025 को लगभग सायं 4 बजे वह शौच के लिए ग्राम के बाहर गया था। उसी समय उसी गांव की एक लड़की भी रास्ता पकड़कर जा रही थी, तभी उसी गांव के ही मशीउल्ला, तौसीव पुत्र हकीकत उल्ला, सुहेल, अनस पुत्र एजाज तथा रिजवान पुत्र नवाब खान आ गए और उसके ऊपर छेड़खानी का झूठा आरोप लगाकर उसे मारने पीटने लगे तथा बंधक बनाकर उससे ढाई लाख रुपये मांगने लगे। डरा धमका कर उसके भाई अनूप का मोबाइल नम्बर ले लिया, और मशीउल्ला ने सुहेल के मो.नं. से उसके भाई से उसे छोडने के लिए रुपया मांगा तो उसके भाई ने बम्बई से 40 हजार रुपया ऑनलाइन भेज दिया। आरोपियों ने पीड़ित को जान माल की धमकी देकर उसके भाई से शेष दो लाख रुपए भी देने को कहने लगे। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर भागकर थाना महराजगंज तराई पर आकर घटना के संबंध में एक तहरीरी सूचना दिया जिसके आधार पर थाना महराजगंज तराई पर सुसंगत धाराओं में मशीउल्ला सहित 5 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि 04 जुलाई 2025 को थाना महराजगंज तराई पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर शिवानगर प्राइमरी स्कूल के पास से घटना के मुख्य अभियुक्त मशीउल्ला पुत्र हकीकत उल्ला, सुहेल पुत्र एजाज व अनस पुत्र एजाज निवासी धोकरा पूरेबक्श थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों से गहन पूछताछ की गयी तो उन्होने बताया कि राजन मूलत~ कुशीनगर का रहने वाला है जो पिछले 01 माह से हमारे ही गाँव में राजगीर का काम कर रहा था, हम लोगों ने सोचा कि यह बाहरी आदमी है इसे अगर किसी झूठे मामले में फंसाया जाय तो अच्छा पैसा मिलेगा और इसकी कहीं कोई शिकायत भी नहीं होगी। हम लोग 03 जुलाई 2025 को राजन पर नजर रखे थे, वह जैसे शौच के लिए गाँव के बाहर गया, हम लोग भी उसके पीछे-पीछे छिपकर चल दिए, उसी समय मेरे गाँव की एक लड़की हमारी विरादरी की उसी रास्ते से जा रही थी। हम लोगों ने राजन से कहा कि तुम मेरे गाँव की लड़की को छेड़े हो तुम्हारे ऊपर बलात्कार का केस लगेगा और उसे हम लोगों ने डराने के लिए मारा पीटा और उसे धन उगाही की नियत से गाँव के बाहर एकांत में नाले के किनारे ले जाकर उसे बंधक बना लिया। हम लोगों ने कहा तुम्हें अगर बलात्कार से बचना है, जान प्यारी है तो 2.5 लाख रूपये यहीं पर मंगवाओ, इस पर राजन डर गया। उसने अपने भाई का नम्बर दे दिया। हम लोगों ने उसके भाई को फोन मिलाकर 2.5 लाख रुपये मांगा तो उसने 40 हजार रुपये हम लोगों को ऑनलाइन भेजा। हम लोग उसके भाई से बताए कि शेष 02 लाख रुपये भी जब भेज दोगे तभी तुम्हारे भाई राजन को छोड़ा जाएगा और हम लोग पैसा आने का इंतजार करने लगे। इसी बीच हम लोगों को पता चला कि घटना की सूचना पुलिस को हो गयी है, हम लोग राजन को धमका कर कि कहीं कुछ बताना मत नहीं तो हाथ पैर काट देगें और हम लोग उसे छोड़कर भाग गये। पुलिस अधीक्षक ने चेतावनी दिया कि फर्जी आरोप लगाने वालों कि अब खैर नहीं है। फर्जी आरोपियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रेस वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। गिरफ्तारी कर्ता टीम में उप निरीक्षक दिग्विजय यादव मह0 तराई, का0 सुशील कुमार मह0 तराई, कां0 कृष्णमोहन मिश्रा मह0 तराई तथा कां0 हामिद रजा मह0 तराई शामिल थे।

# विकासखंडो में मेडिकल कैंप लगाकर दिव्यांग बच्चों के बनाए जाएंगे दिव्यांगता प्रमाण पत्र



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद में समग्र शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा के तहत विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों की दिव्यांगता का आकलन कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से सभी विकास खंडों 03 दिन मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा। जिसके संबंध में सीडीओ हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं माध्यमिक विद्यालयों में विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन कर लिया जाए एवं संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी होगी कि चिन्हांकित बच्चों का विकास खंड में आयोजित कैंप में परीक्षण कराए।

उन्होंने कहा कि विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) सभी बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।विशेष अभियान के तहत सभी विकास खंड में 03 दिवसीय मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा तथा जिन बच्चों को सहायक उपकरण / यंत्र या करेक्टिव सर्जरी की आवश्यकता हैं , उनकी सूची तैयार करते हुए लाभान्वित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। आगरा

अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस के अवसर पर नगर निगम ने शहर में एक विशेष जागरूकता और प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन के प्रयोग पर नगर निगम प्रशासन ने 33 दुकानदारों पर कुल 68 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है, जबकि 27 अन्य दुकानदारों के चालान काटे गए। नगर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में निरीक्षण किया, और पाया कि कई दुकानदार अब भी प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग कर रहे हैं। प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए मौके पर ही चालान काटे और अर्थदंड लगाया। इसके अतिरिक्त 64 दुकानदारों को गंदगी फैलाने और डस्टबिन न रखने के कारण नोटिस भी जारी किए गए। इस विशेष अभियान के दौरान नगर निगम के अधिकारियों ने दुकानदारों को प्लास्टिक के नुकसान, उसके पर्यावरणीय प्रभाव और इसके विकल्पों के बारे में जानकारी दी। कपड़े, जूट और बायोडिग्रेडेबल बैग के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की गई। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बताया कि प्लास्टिक मुक्त शहर का सपना तभी पूरा हो सकता है, जब नागरिक और व्यापारी दोनों मिलकर जिम्मेदारी निभाएं। नगर निगम का यह अभियान आने वाले दिनों में और अधिक सघन रूप से चलाया जाएगा, जिससे शहर को प्लास्टिक से पूरी तरह मुक्त किया जा सके।

# जलस्तर घटा, फिर भी कटान तेज, सरयू में समा रहे खेत

जन एक्सप्रेस। अंबेडकरनगर

पहाड़ों पर हो रही बारिश और बैराजों से छोड़े जा रहे पानी के चलते सरयू नदी का जलस्तर कभी बढ़ रहा है तो कभी घट रहा है। आलापुर तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को जलस्तर में मामूली गिरावट दर्ज हुई, लेकिन तेज लहरों के चलते किनारों पर कटान तेज है और खेत नदी में समाहित हो रहे हैं। वहीं, टांडा क्षेत्र में भी जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। आगामी दिनों में बारिश तेज होने के साथ नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ने के आसार हैं। इसे देखते हुए तहसील प्रशासन ने राहत चौकियों को तैयार करवाना शुरू कर दिया है।

**कटान तेज होने से ग्रामीणों में दहशत**

**राजेसुल्तानपुर।** आलापुर तहसील क्षेत्र में बहने वाली सरयू नदी का जलस्तर बृहस्पतिवार को 83.80 मीटर पहुंच गया था, जो शुक्रवार को 20 सेमी कम होकर 83.60 मीटर हो गया है। कम्हरिया व मांझा कम्हरिया क्षेत्र में कटान जारी है। मांझा कम्हरिया ग्राम पंचायत के मजरे बद्री के पुरा निवासी बंसीलाल निषाद लगभग 20 वर्षों से छप्पर डालकर रह रहे हैं। उनकी मड़ई व पेड़-पौधे कटान की कगार पर पहुंच गए हैं। कटान तेज होने पर मांझा क्षेत्र के बद्री के पूरा व निषाद बस्ती के लोगों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। मांझा कम्हरिया के बद्री का पूरा निवासी लालजी, राम आसरे व राजेश ने कहा कि अभी तो नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है, जिस दिन जलस्तर खतरे के निशान के करीब या ऊपर पहुंचा तो स्थिति भयावह हो जाएगी। बाढ़ खंड अयोध्या की ओर से बैंबू स्टड बनवाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसे कम्हरिया व मांझा कम्हरिया के बीच कटान वाले स्थान पर लगाया जाएगा।

**बनने लगे 13 राहत शिविर**

जिला प्रशासन ने बाढ़ की संभावना को देखते हुए 13 बाढ़ राहत शिविर बनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए चिह्नित स्थानों पर लोगों के ठहरने व अन्य सुरक्षात्मक इंतजाम किए जा रहे हैं।

**जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर ग्रामीण**

**विद्युतनगर।** टांडा तहसील क्षेत्र में बृहस्पतिवार को जहां नदी का जलस्तर 91.90 मीटर दर्ज किया गया था, वहीं शुक्रवार को यह घटकर 91.52 मीटर पर पहुंच गया। हालांकि खतरे का निशान 92.73 मीटर है, लिहाजा नदी अब खतरे के निशान से एक मीटर 21 सेंटीमीटर ही नीचे बह रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में नदी का बहाव तेज हो जाता है। कटान रोकने के लिए महादेवा घाट पर ठोकर का निर्माण जिला पंचायत से किया जा रहा है। वहीं मुबारकपुर, डुहिया समेत अन्य गांवों में कटान रोकने के लिए बाढ़ खंड ने जीओ बैग के सहारे करीब आठ बांध बनाए हैं। यह कितने कारगर साबित होते हैं यह तो आने वाला समय ही बताएगा। ग्रामीण अखिलेश व अमन राज ने बताया कि पिछले कुछ नदी में नदी तेजी से बढ़ी है। अगर जलस्तर और बढ़ता है तो कटान तेज होगी।

उधर, नदी के दूसरी ओर महुआपार, गंगापुर समेत कई अन्य गांवों के लोगों को रोजगार के सिलसिले में हर दिन जान जोखिम में डालकर नदी पारकर आना पड़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग अयोध्या के जेई अमन कुमार ने बताया कि जलस्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है।

# एओ बेसिक का पद खाली रहने से शिक्षकों के वेतन में आ रहीं अड़चनें

जन एक्सप्रेस। आगरा

■ शिक्षकों की समस्या को देखते हुए लेखाधिकारी बेसिक जल्द लें चाजर्रू हरीओम यादव

प्राथमिक शिक्षक संघ आगरा के जिला संयोजक चौधरी सुरजीत सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा। सभी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की, कि लेखाधिकारी बेसिक का पद रिक्त रहने से शिक्षकों को जून माह का वेतन नहीं मिला है। रिक्त पद पर जल्द से जल्द तैनाती कर देना अति आवश्यक है। प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि एसीएम तृतीय को ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों की समस्या को अवगत कराया गया है, साथ ही उनसे अपील भी की गई है, कि जल्द से जल्द लेखाधिकारी बेसिक का चार्ज किसी न किसी को दे दिया जाए, जिससे शिक्षकों के सामने आने वाली विपत्ती दूर हो सके। ज्ञापन सौपने वालों में केके इंदौलिया, हरिओम यादव, विजयपाल नरवार, लक्ष्मण सिंह, मनजीत सिंह, जितेंद्र चौधरी, राशिद अहमद, डॉ जगपाल, बलवीर सिंह, प्रशांत राजपूत, बलदेव सिकरवार, सुनील राणा, पुनीत अरोड़ा, दिगंबर सिंह, मांगीलाल गुर्जर, परमवीर सिंह, सीता वर्मा, नारायण दत्त उपाध्याय, केपी सिंह, अरविंद, अशोक शर्मा, अवनेश कुमार, चंद्रशेखर, राजीव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जीआरपी चौकी प्रभारी व व्यापारियों के बीच विवाद पर थाना प्रभारी ने बनवाई सहमति

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय पर विगत दिनों रेलवे स्टेशन के सामने चाय के दुकान करने वाले धीरू मोदनवाल समेत कई दुकानदारों के साथ जी आर पी चौकी प्रभारी द्वारा की गई बदसलूकी के बाद पीड़ितों द्वारा व्यापार मंडल को सूचित किए जाने के बंद पुलिस अधीक्षक जीआरपी के निर्देश पर गोंडा जीआरपी थाना प्रभारी बांके लाल शुक्रवार को व्यापारियों से मिलने तुलसीपुर पहुंचे और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से वार्ता की ।

जानकारी के अनुसार 4 जुलाई को उद्योग व्यापार मंडल द्वारा पुलिस अधीक्षक(जी आर पी) को भेजे गए पत्र पर जांच करने आए गोण्डा थाना इंस्पेक्टर बांके लाल ने व्यापार मंडल पदाधिकारियों से वार्ता की। तुलसीपुर जी आर पी प्रभारी को यहां से अविलम्ब हटाए जाने पर अड़े ज़िला महामन्त्री दिलीप कुमार गुप्ता की मौजूदगी में सम्बंधित पक्षों को साथ बैठाकर समझाने का प्रयास किया। महामन्त्री रूप चन्द्र गुप्ता ने बताया कि बीते दिनों स्टेशन के सामने चाय की दुकान करने वाले धीरू मोदनवाल व जी आर पी प्रभारी के बीच हुए विवाद में जांच अधिकारी द्वारा व्यापार मंडल कैम्प कार्यालय पर संबंधित पक्षों के साथ बैठक कर दोनों पक्षो को सुनने के बाद आपसी सहमति बनाने की कोशिश कर व्यापार मंडल पदाधिकारियों के साथ विवाद का निपटारा करा दिया। अध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रहरि ने कहा कि स्टेशन पर बाहरी व्यक्ति जो अक्सर जी आर पी के साथ देखा जाता रहा है उसको वहां से हटाया जाए। इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जी आर पी भी अपने कार्यों पर ध्यान दे। अनावश्यक बयानबाजी से दूर रहे और अपने कार्यों में पारदर्शिता बरते। इस अवसर पर राधेश्याम चौरसिया, प्रदीप गुप्ता, सरदार बबलू सिंह, विक्की सिंह, विजय गुप्ता, अशोक गोयल, जय सिंह सहित अन्य कई व्यापारी मौजूद रहे।

# जीआरपी पुलिस ने ट्रेन में फर्जी टीटीई को पकड़ा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने ट्रेन में एक फर्जी टीटीई को पकड़ा है। वह टीटीई की वर्दी पहन कर यात्रियों की टिकट देखता था और उनसे वसूली करता था। फर्जी टीटीई पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।राजेंद्र नगर टर्मिनल स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन में संदिग्ध अवस्था में टीटीई की वर्दी में एक व्यक्ति दिखाई दिया। शक होने के बाद पूछताछ करने पर वह व्यक्ति संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया कि राजेंद्र नगर टर्मिनल स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन में संदिग्ध अवस्था में टीटीई की वर्दी में एक व्यक्ति दिखाई दिया।शक होने के बाद पूछताछ करने पर वह व्यक्ति संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान निगम कुमार निवासी वार्ड 4 रमेंद्रपुरा लखीसराय बिहार बताई है।आरोपी बीएससी की पढ़ाई कर चुका है। अपने कुछ दोस्तों के साथ दिल्ली घूमने गया था। वापसी में टीटीई की ड्रेस पहनकर पेंट्री कार संचालक को धमकाने लगा।

# इंडियन टैलेंट ओलंपियाड व सीपीएस ओलंपियाड में सेंट जेवियर्स स्कूल के मेधावियों का दबदबा कायम

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को इंडियन टैलेंट ओलंपियाड एवं सीपीएस ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पूरे भारत में विद्यालय का विद्यालय का दबदबा कायम रखा है। जानकारी के अनुसार 4 जुलाई 2025 को सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, बलरामपुर के विद्यार्थियों ने इंडियन टैलेंट ओलंपियाड और सीपीएस ओलंपियाड के सेकंड राउंड जिसमे कुल 42511 स्कूलों एवं 1 करोड़ प्रतिभागियों ने भाग लिया था, इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया। इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में विद्यालय के छात्रों ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने बताया कि टैलेंट ओलंपियाड में मानवेन्द्र सिंह (कक्षा 4) स्टेट टॉपर बने और संस्था ने इन्हें 1200 रुपए की छात्रवृत्ति से सम्मानित किया । साथ ही अंश कसौधन (कक्षा 6) भी स्टेट टॉपर बने इनको संस्था ने 1000 रुपए की स्कालरशिप से सम्मानित किया। युवान कश्यप (कक्षा 3) ने ऑल इंडिया रैंक 16 वां स्थान प्राप्त करते हुए एक्सीलेंस मेडल अवार्ड जीता। अभिज्ञान कैराती (कक्षा 7) ने ऑल इंडिया रैंक 20 प्राप्त करते हुए सर्टिफिकेट एवं मेडल अपने नाम किया। आयुष्मान शुक्ला (कक्षा 8) ने ऑल इंडिया रैंक 17 हासिल करा एवं ऐशान्या पांडेय (कक्षा 9) ने ऑल इंडिया रैंक 20 प्राप्त करते हुए एक्सीलेंस मेडल अवार्ड अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि सीपीएस ओलंपियाड की गणित परीक्षा में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। सैयद मुबाश्शराह (कक्षा 8) ने राज्य में 8वां स्थान प्राप्त किया, जिन्हें संस्था ने सर्टिफिकेट, मेडल व घडी देकर सम्मानित किया गया। ओजस अग्रवाल (कक्षा 2) ने राज्य में 15वां स्थान हासिल किया। इनको पेन सेट व मेडल से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मौहम्मद आसिम रूमी ने सभी भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनायें प्रेषित की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित करने का आश्वासन भी दिया। विद्यालय के समन्वयक राजेश जायसवाल, अफाक हुसैन को उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने हेतु इंस्पायरिंग टीचर्स अवार्ड एवं अति बंका को एग्जाम कोऑर्डिनेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन आकांक्षा मिश्रा एवं तान्या कलहंस के द्वारा किया गया। ओलंपियाड में जिन शिक्षकों ने जिम्मेदारियां निभाई उन अध्यापक अध्यापिकाओं में अति बांका, काकुल खान, आकांक्षा चौधरी, अभिषेक पांडेय, शिवम सक्सेना, आशीष श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, संजय तोमर, अंशुल पॉल, निधि सिंह, राजू मित्तल, रश्मि तिवारी, शाहिदा खातून, खुशी शर्मा, अनुपमा सिंह, अनीता सिंह, डी के दुबे, रोशन मदीहा, रेखा सिंह, नंदनी सिंह व प्रभजीत कौर शामिल हैं । विद्यालय परिवार सभी विजयी प्रतिभागियों की सफलता पर प्रसन्न एवं नवीन उर्जा से ओत-प्रोत व उत्साहित दिखा।

# टेक फ़ील महसूस कराने के लिए किया गया डिज़ाइन

जन एक्सप्रेस। आगरा

लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की - नथिंग फ़ोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफ़ोन, और नथिंग हेडफ़ोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है। दोनों उत्पाद इनटेंशनल डिज़ाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक की पुनर्कल्पना करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

नथिंग फ़ोन (3) स्मार्टफ़ोन परफ़ॉरमेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरुआत करता है। इसे टेक फ़ील महसूस कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है, जिसमें रिच लो-लाइट शॉट्स, लॉसलेस ऑप्टिकल ज़ूम और सभी लेंसों में सिनेमैटिक 4के 60 एफपीएस वीडियो के लिए क्लास-लीडिंग 1/1.3 इंच मुख्य सेंसर शामिल है, जिसमें पूर्ण ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन है। अल्ट्रा-नैरो बेज़ेल्स के साथ एक वाइब्रेंट 6.67 एएमओएलईडी डिस्प्ले और एक शक्तिशाली

स्नैपड्रेगन 8एस जेन 4 चिपसेट, सभी एक प्रीमियम मॉड्यूलर डिज़ाइन में आते हैं। ग्लाइफ मैट्रिक के साथ, उपयोगकर्ता एक नज़र में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और फ्लिप टू रिकॉर्ड और ग्लाइफ टॉयज जैसे मनोरंजक अनुभवों का आनंद ले सकते हैं। फ़ोन (3) में एक नया ट्राई-कॉलम लेआउट है - एक नया डिज़ाइन किया गया आर-एंगल आकार एर्गोनॉमिक्स को बेहतर बनाता है, जबकि सामने की तरफ़ एक समान 1.87 मिमी बेज़ेल्स हैं, जो फ़ोन (2) की तुलना में 18 प्रतिशत पतले हैं, जो एक शार्प, अधिक इमर्सिव एएमओएलईडी स्क्रीन बनाते हैं।

# स्कूली वाहनों की चेकिंग, 15 वाहनों का चालान

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़




स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन के लिए स्कूलों में संचालित वाहनों की पूर्णत~ जाँच किये जाने के लिए जिले में 15 जुलाई तक विशेष चेकिंग अभियान संचालित है।सम्भागीय परिवहन अधिकारी दीपक शाह ने बताया कि 1072 पंजीकृत स्कूली वाहन हैं, जिसके सापेक्ष अब तक 122 वाहनों की जांच की गई है। जिसमें 14 वाहन मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। नियमों एवं मानकों का अनुपालन न करने वाले 15 वाहनों का चालान, 03 वाहनों को सीज एवं 11 हजार रुपए शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।अभियान के क्रम में गुरूवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवेश कुमार, यात्रीकर अधिकारी डॉ0 ज्योति मिश्रा एवं मथुरा प्रसाद द्वारा सन्त फिदेलिस स्कूल में जाकर स्कूली वाहनों की जांच की गयी। इसके उपरान्त स्कूली वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत 3 स्कूली वाहनों को परमिट एवं फिटनेस समाप्त अभियोग में निरूद्ध किया गया और 8 अन्य स्कूली वाहनों के चालान किये गये।मार्ग चेकिंग के दौरान स्कूली वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में फिटनेस समाप्त,प्रपत्र अपूर्ण स्कूली वाहन का प्रयोग स्कूल के बच्चों को लाने व ले जाने में न किया जाये। साथ ही सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन किये जाने के लिए वाहन चालकों एवं स्कूली बच्चों को जागरूक भी किया गया।इसी क्रम में संभागीय निरीक्षक चम्पालाल एवं अनुराग सिंह वर्मा द्वारा इगलास तहसील के अन्तर्गत आने वाले स्कूलों में फिटनेस समाप्त, मानक अपूर्ण स्कूली वाहनों की जांच की गयी, जिसमें 10 वाहनों की जांच की गयी, जिसमें से 6 वाहनों की फिटनेस समाप्त पायी गयी, जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित स्कूल प्रबन्धन को तत्काल वाहनों की फिटनेस कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया। 4 अन्य ऐसे स्कूल वाहन पाए गए जो कि खराब व संचालन योग्य न होने की स्थिति में थे। स्कूल प्रबन्धन को इन वाहनों के पंजीयन निरस्त कराये जाने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# भव्य ओपनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे शिरकत

जन एक्सप्रेस। आगरा

**साउथ एशिया! तैयार हो जाओ!** बॉलीवुड के बेताज बादशाह शाहरूख खान 2 अगस्त 2025 को श्रीलंका पहुंच रहे हैं। वे सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। किंग खान के नाम से दुनिया भर में मशहूर और ढेरों अवॉर्ड जीतने वाले शाहरुख खान को साउथ एशिया के पहले लक्ज़री इंटीग्रेटेड रिज़ॉर्ट की स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य ओपनिंग समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है, गौरतलब है कि इस रिज़ॉर्ट का विकास जॉन कील्स होल्डिंग्स एवं मेल्को रिज़ॉर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट की साझेदारी में हुआ है। सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग 2025 में इस क्षेत्र के सबसे ग्लैमरस आयोजनों में से एक होगी, जहां रिज़ॉर्ट के कैंपेन लैट्स गो, लैट गो का आधिकारिक लॉन्च भी होगा। इसी के साथ लक्ज़री एवं एंटरटेनमेन्ट का नया दौर शुरू होगा, जहां मेहमान विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों, होटल के भव्य कमरों, कायाकल्प करने वाले वैलनैस रीट्रीट्स, लक्ज़री रीटेल अनुभवों तथा देश के सबसे बड़े और सबसे बेहतरीन मीटिंग एवं इवेंट स्पेसेज़ का अनुभव पा सकेंगे।

इस इंटीग्रेटेड रिज़ॉर्ट में एक विश्व-स्तरीय कैसीनो होगा, जिसका संचालन मेल्को रिज़ॉर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही मेल्को के लक्ज़री होटल ब्राण्ड नुवा का प्रवेश कोलंबो के जीवंत आतिथ्य को और भी लुभावना बना देगा।

कोलंबो के लिए नए दौर की शुरूआत कोलंबो के 01 जस्टिस अकबर मवाथा में स्थित सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका 4.5 मिलियन वर्गफीट में फैला आर्कीटेक्चर का चमत्कार है।

# जौनपुर स्कूली बसों पर चला प्रशासन का डंडा 15 बसों किया गया चालान





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्कूली वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व यातायात प्रभारी निरीक्षक सुशील मिश्रा ने किया। उनके साथ टीम ने जिले के विभिन्न स्कूलों की बसों की गहन जांच की। इस दौरान एक दर्जन से अधिक बसों के आवश्यक कागजात अधूरे पाए गए, जिस पर संबंधित बस संचालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। जांच में यह भी सामने आया कि अधिकांश स्कूली बसों में न तो अग्निशमन यंत्र (फायर सिलेंडर) मौजूद थे और न ही प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड बॉक्स) की व्यवस्था की गई थी। इस लापरवाही पर यातायात विभाग ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगली बार ऐसी चूक पाई गई तो संबंधित बस को सीज कर दिया जाएगा। यातायात प्रभारी ने बसों में सवार बच्चों को भी सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी और उन्हें जागरूक रहने का संदेश दिया। बच्चों ने भी पूरी रुचि के साथ बातें सुनीं और नियमों का पालन करने की बात कही। यातायात विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब तक सभी जरूरी दस्तावेज पूरे नहीं होंगे, ऐसी बसों को सड़क पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### क्या मानक है स्कूली बसों के ?



स्कूली बसों के लिए कुछ विशेष मानक और नियम निर्धारित किए गए हैं ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ये मानक मुख्य रूप से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (स्न्न्ञ्न्ञ ॥) और सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों पर आधारित होते हैं। इन मानकों में बस का रंग पीला होना चाहिए। बस के आगे और पीछे स्ष्ट ॥ह्लह्रुक्क्र बड़े अक्षरों में लिखा होना चाहिए। अगर बस किसी स्कूल की न होकर कॉन्ट्रैक्ट पर हो, तो ह्लु स्ष्द्धश्व्य ष्ठह्लह्ल4 लिखा होना चाहिए। इसके साथ ही बस में फर्स्ट एड बॉक्स होना अनिवार्य है। बस में फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) उपलब्ध होना चाहिए। ड्राइवर के पास कम से कम 5 साल का भारी वाहन चलाने का अनुभव होना चाहिए। ड्राइवर का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य है। हर बस में एक महिला अटेंडेंट/हेल्पर होना चाहिए। खिड़कियों में मेटल ग्रिल/ग्रिल्स होना चाहिए ताकि बच्चे बाहर हाथ न निकाल सकें। बस के अंदर और बाहर एक एमरजेंसी एग्ज़िट होना चाहिए

## जौनपुर जफराबाद सिरकोनी जूनियर हाईस्कूल के मर्जर किये जाने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर का मर्जर करने को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने विद्यालय को पुनः चालू करने की मांग किया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय की बिल्डिंग काफी जर्जर हो चुकी थी।पिछले सत्र के बीच मे ही लगभग छह माह पूर्व इस विद्यालय को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर में अटैच कर दिया गया था। उस समय विद्यालय में 35 बच्चे थे। अधिकारियों ने कहा था यहां जल्द नया भवन बनेगा। इस सत्र में गांव के लगभग 75 बच्चे हो जाते।ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मांग किया है कि गांव में पुनः स्कूल को खोला जाए। नए भवन का निर्माण होते ही विद्यालय में बच्चो की संख्या बढ़ जाएगी।खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय का भवन खराब हो चुका था। इस लिए बीबीपुर विद्यालय से अटैच किया गया था।हालांकि विद्यालय में बच्चों की संख्या काफी कम रहती थी।

# जौनपुर पांच बैंक मैनेजर व प्रोपराइटर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

- बैंक के कब्जे में रहे गोल्ड की जांच कर दिए गए लोन की शुद्धता को लेकर बाद में खड़ा हुआ विवाद आश्चर्य जनक- कोर्ट
- जिस गोल्ड की जांच कर वादी को दिया गया 17 लाख का लोन उसी गोल्ड को बाद में बताया गया जीरो कैरेट का

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

गोल्ड लोन के मामले में अनियमितता,धोखाधड़ी व जालसाजी कर वादी का गोल्ड हड़पने के आरोप में सीजेएम श्वेता यादव ने पांच बैंक मैनेजर व प्रोपराइटर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश थानाध्यक्ष जाफराबाद को दिया।

विक्रांत सिंह निवासी हुसैनाबाद कोतवाली ने कोर्ट में बीएनएस की धारा 173(4) के तहत अधिवक्ता प्रशांत उपाध्याय के माध्यम से जालांस,पूजा पैलेस के निकट स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश कुमार, उप शाखा प्रबंधक राज गौरव सोनी, सीनियर मैनेजर भानु प्रताप सिंह, तत्कालीन शाखा प्रबंधक चेतना, मुख्य शाखा प्रबंधक मनीष कुमार जरिए मानव संसाधन विभाग तथा वाराणसी के वंदना ज्वेलर्स के प्रोपराइटर राकेश सेठ के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया कि वह मेडिकल एजेंसी का संचालक है। उसे व्यवसाय के लिए पैसे की आवश्यकता थी। उसने तत्कालीन मैनेजर यूनियन बैंक आफ इंडिया कजगांव से 2022 में संपर्क किया।तत्कालीन बैंक के गोल्ड अप्रेजर मनीष कुमार सेठ से वादी के गोल्ड की शुद्धता कराई गई जो 22 कैरेट बताई गई जिसका सर्टिफिकेट वादी के पास है।इस गोल्ड को बैंक द्वारा गिरवी रखकर 17 लाख रुपए गोल्ड लोन के रूप में स्वीकृत किया गया और गोल्ड लोन खाता को वादी के बचत खाता से संबद्ध किया गया। बाद में बैंक कर्मियों द्वारा साजिश करके वादी को हानि पहुंचाने और खुद को लाभ पहुंचाने के लिए बैंक के कागजात में कूटरचना, जालसाजी, हेराफेरी करके वादी के गोल्ड को हड़पने की नीयत से 20 जनवरी 2023 को वादी के गोल्ड का रिवैल्युएशन गोल्ड अप्रेजल राकेश कुमार से कराया गया लेकिन इसकी सूचना वादी को नहीं दी गई। वादी की अनुपस्थिति में गोल्ड की शुद्धता की जांच करते हुए जीरो कैरेट बताया गया। वादी को 20 जनवरी 2023 को सूचित किया गया कि आपका गोल्ड किसी काम का नहीं है।आप तत्काल गोल्ड लोन का संपूर्ण पैसा ब्याज सहित बैंक में जमा कर दें। बैंक कर्मियों के दबाव में वादी ने 10 फरवरी 23 को संपूर्ण गोल्ड लोन की धनराशि ब्याज सहित बैंक में जमा किया। बैंक कर्मचारियों ने बैंक का 92 लाख का झूठा घाटा दिखाते हुए काल्पनिक कथानक के आधार पर धोखाधड़ी का मुकदमा लाइन बाजार थाने में दर्ज कराया गया जिसके पीछे तत्कालीन ब्रांच मैनेजर मुकेश कुमार की मनसा थी कि वादी अपने गोल्ड की मांग न कर सके। व गोल्ड लोन फ्रॉड के लिए उच्च अधिकारियों को बचाया जा सके। आरोपी बैंक कर्मी वादी के 25 लख रुपए गोल्ड को हड़पना चाहते हैं। गोल्ड मांगने पर हत्या की धमकी देते हैं। कोर्ट ने संपूर्ण मामले का जिक्र करते हुए आदेश में लिखा कि गोल्ड को जीरो कैरेट बताया गया जबकि गोल्ड बैंक के कब्जे में अनवरत रहा। बैंक ने प्रपत्रों की जांच करके लोन दिया और अब सोने की शुद्धता को लेकर विवाद खड़ा कर दिया। बैंक में अप्रेजल नियुक्त होते हैं जो प्रपत्रों की जांच करते हैं फिर यह गलती कैसे हुई, यह आश्चर्यजनक है। साथ ही मात्र अप्रेजर के आधार पर लोन कैसे दिया गया तथा दौरान बंधक रखे गए सोने के साथ ही कोई आदला बदली की गई है या नहीं यह पुलिस की विवेचना से ही संभव है। कोर्ट ने विधि व्यवस्थाओं का हवाला देते हुए थानाध्यक्ष को मुकदमा दर्ज करने व विवेचना का आदेश दिया।

# जौनपुर में पुलिस बूथ पर चला बुलडोजर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद क्षेत्र के किरतापुर सेवईनाला के पास दो महीना पहले बने नव निर्मित पुलिस बूथ को हाईकोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को जेसीबी लगाकर ध्वस्त करवा दिया गया। चारागाह की जमीन पर इस पुलिस बूथ का निर्माण किया गया था। इसके खिलाफ गांव के एक व्यक्ति ने अदालत में याचिका दाखिल करते हुए आपत्ति लगाई।

मामले की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने पुलिस बूथ को तत्काल खाली करने का निर्देश दिया। इलाके में इसकी चर्चा जोरों पर है। जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर सेवईनाला में आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए बीते 5 मई को सीओ सिटी देवेश सिंह व तत्कालीन थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव के द्वारा नव निर्मित पुलिस बूथ का उद्घाटन किया गया था। इसी बीच बीते मई माह में किरतापुर गांव के राम बुझारत यादव ने हाईकोर्ट में जिस जमीन पर पुलिस बूथ बना था उसे चारा गाह की जमीन बताते हुए पी आई एल दाखिल कर दिया। जिसमें सुनवाई के उपरांत उच्च न्यायालय ने तीन जुलाई को पुलिस अधीक्षक और मौजूदा थाना प्रभारी जफराबाद को हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि इस नव निर्मित पुलिस बूथ को चारा गाह की जमीन से तोड़वा कर हटवा दिया जाय।

जिस पर हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार शाम तहसीलदार सदर सौरभ कुमार, थाना प्रभारी जफराबाद विश्वनाथ प्रताप सिंह फोर्स के साथ पहुंच गए। अधिकारियों की उपस्थिति में जेसीबी लगवाकर पुलिस बूथ को तोड़वा दिया गया।

# पुलिस टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय गो-तस्कर गिरफ्तार

**कब्जे से एक पिस्टल, एक खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद**



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

थानाध्यक्ष पवारा, श्री रमेश कुमार मय हमराह द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान चेंकिग की जा रही थी कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक बदमाश अपराध की घटना को अंजाम देने के लिये कुंवरपुर होते हुए बंधवा बाजार मीरगंज की तरफ जाने वाला है। प्राप्त सूचना पर थानाध्यक्ष मय हमराह द्वारा कुंवरपुर बंधवा मार्ग पर बरेठी नहर पुलिया के पास पहुँच कर आने वाले व्यक्ति का इंतजार करने लगे, कुछ देर बाद एक व्यक्ति एक मोटरसाइकिल से आता हुआ दिखाई दिया, पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी देकर रोकने का इशारा दिया गया की पुलिस बल को अचानक सामने देख कर अपने असलहे से पुलिस बल को लक्ष्य साध कर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। अन्य कोई उपाय न होने पर थानाध्यक्ष पवारा द्वारा आत्मरक्षार्थ दो राउण्ड फायर किया गया तो कुछ समय बाद बदमाश ने फायर बन्द कर दिया गया। सिखलाये हुये तरीके से आगे बढ कर देखा गया। तो बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी, नाम पता पूछने पर उसके द्वारा अपना नाम मनोज यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी गौरा माफी थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ बताया। पुलिस हिरासत में लेकर उपचार हेतु अस्तपताल भेजवाया गया।

## आशा अधिकार मंच की बैठक संपन्न, उठे मुद्दे




**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

शुक्रवार को आशा अधिकार मंच की बैठक अमहट शिव मंदिर के परिसर में राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आशा बहुओं को मार्च माह का मानदेय उपलब्ध कराये जाने, संचारी रोग मुक्ति अभियान में कार्य करने पर भुगतान दिये जाने आदि मुद्दों पर विचार किया गया। जिलाध्यक्ष इसरावती चौधरी ने कहा कि यदि मांगे न मानी गई तो संगठन आन्दोलन को बाध्य होगा।

बैठक में प्रदेश सचिव शारदा देवी, निर्मला तिवारी, संगीता देवी, ममता पाण्डेय, राजकुमारी, पिंकी, सरोज वर्मा, सूर्यमुखी, प्रीती यादव, विन्दवासिनी आदि शामिल रहीं।

## जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिये भटक रहे हैं लोग उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

सल्टौआ गोपालपुर विकास खण्ड का आमा गांव न तो नगर पंचायत में है न ग्राम पंचायत में। इससे जहां विकास कार्य बाधित है वहीं नागरिक जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र आदि बनवाने के लिये परेशान हैं। अनेकों बार जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री के साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को पत्र देने के बावजूद समस्या पूर्ववत बनी हुई है। भानपुर तहसील क्षेत्र के आमा निवासी दीपेश विक्रम सिंह के पिता ओम प्रकाश सिंह का गत 3 दिसम्बर 2024 को निधन हो गया। तभी से उनके पुत्र और परिवार के लोग मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने के लिये दौड़ रहे हैं। मृत्यु प्रमाण-पत्र न बनने के कारण दीपेश विक्रम सिंह की माता को पेन्शन तक नहीं मिल पा रहा है। बैंक व तहसील में वरासत का काम बाधित है। इसी तरह से अनेक परिवारों के लोग परेशान हैं। आमा निवासी दीपेश विक्रम सिंह ने बताया कि वे मुख्यमंत्री से लेकर जिलाधिकारी और सम्बंधित अधिकारियों से पत्राचार करते थक गये हैं किन्तु कहीं कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। उन्होने प्रशासन से मांग किया क तत्काल प्रभाव से आमा गांव की स्थिति स्पष्ट किया जाय और यदि वह ग्राम पंचायत है तो सचिव की तैनाती हो और यदि नगर पंचायत भानपुर में है तो स्थिति स्पष्ट हो जिससे लोगों का आवश्यक कार्य बाधित न होने पाये।

## एक्सप्रेस खबरें...

### वर्षों से चल रहा था रास्ते का विवाद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद सिरकोनी विकास खण्ड के सादीपुर गांव में वर्षों से चल रहे चकरोड का विवाद शुक्रवार को समाप्त जो गया। बीडीओ नीरज जायसवाल ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पैमाइश कराई इसके बाद बिवाद को हमेशा के लिए समाप्त करवा दिया। बताया कि ऊक्त गांव निवासी सरस्वती पत्नी अजय कुमार का वर्षों से चकरोड का विवाद चल रहा था। कई बार उसके द्वारा दिये गए प्रार्थनापत्र पर लेखपाल ने पैमाइश भी किया था। परंतु जिन लोगों की जमीन अगल बगल थी वे लोग चकरोड बनने नही दे रहे थे। शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल लेखपाल हनुमान प्रसाद गुप्ता, सचिव श्यामबहादुर यादव व प्रधान सुनीता देवी के साथ भारी पुलिस बल लेकर अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच गई। राजस्व विभाग की टीम ने अधिकारियों की मौजूदगी में मौके पर पैमाइश करवाया। उसके बाद उन्होंने अपनी मौजूदगी में मनरेगा मजदूरों के बुलवाकर चकरोड निर्माण का काम शुरू करवाया।

### राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित राधेमोहन मिश्र की मनाई गई पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद नगर पंचायत कजगांव के गद्दीपुर वार्ड निवासी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रधानाध्यापक राधेमोहन मिश्रा की चतुर्थ पुण्यतिथि शुक्रवार को स्मृति दिवस के रुप में मनाई गई। यहां कार्यक्रम में आएं वक्ताओं ने उनके जीवन के संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर उन्होंने क्षेत्र व जनपद की पहचान राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाई थी। उन्होंने शिक्षा को लेकर हमेशा अपनी सक्रियता बनाये रखा था।वे उस जमाने मे घर घर जाकर लोगो को शिक्षा के लिए प्रेरित करते थे। इसके पूर्व अतिथियों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान राधेश्याम मिश्रा,राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, महेंद्र, नरेंद्र, सत्य प्रकाश, संतोष मिश्रा सुग्गू, विपिन कुमार, शैलेश कुमार, विकास कुमार, मनोज कुमार शाश्वत, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्येन्द्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का राजेश मिश्रा ने आभार जताया।

### छह माह बाद सक्रिय हुई पुलिस

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के बद्दौपुर गांव निवासी युवती के सात माह से लापता होने के मामले में पुलिस अब गंभीर होती नजर आ रही है। युवती की मां सुभागी देवी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश तेज कर दी है। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद अब तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है। उपनिरीक्षक सदन प्रसाद के मुताबिक बद्दौपुर गांव निवासी काजल बिंद पुत्री प्रदीप बीते 1 जनवरी से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की मगर जब कोई सुराग नहीं मिला तो युवती की मां ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए उप निरीक्षक सदन प्रसाद के नेतृत्व में कार्रवाई शुरु की। मामला छह माह पुराना है। पुलिस ने किशोरी की संभावित लोकेशन के आधार पर कानपुर समेत कई स्थानों पर दबिश दी है। लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही लापता किशोरी को बरामद करने की कोशिशें जारी रहेंगी। लंबे समय से अपनी बेटी की राह देख रहे परिजन अब प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर चिंता का माहौल है।

### धर्मापुर के शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर।** परिषदीय विद्यालयों के विलय के विरोध में प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई के जिला संगठन मंत्री विक्रम प्रकाश यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को धर्मापुर ब्लाक के शिक्षकों ने विरोध जताया। शिक्षकों ने क्षेत्रीय विधायक जगदीश नरायण राय को एक ज्ञापन भी दिया। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, मंत्री धीरेंद्र पाल, संघर्ष समिति के ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण कुमार, अचल हरिमूर्ति, पदमाकर राय, कृष्णमोहन पाण्डेय, संतोष गुप्त, अजय कुमार, अखिलेशचंद्र यादव, सूरज गुप्ता, विक्रान्त सिंह, अमित कुमार, अर्शी अंसारी, ध्यानचंद्र आदि उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्यायें

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर विकास खंड के विशुनपुर बसवत और गोपालपुर ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को ग्राम की समस्याओं और उसके निराकरण को लेकर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ब्लाक से आये अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्यायें सुनी और उसके निस्तारण का संबंधित को निर्देश दिया। ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। ग्रामीणों ने शौचालय, आवास, पेंशन आदि की समस्यायें बतायी। इस अवसर पर प्रभारी एडीओ पंचायत राजेश यादव, एडीओ एसटी विवेक कुमार, प्रधान अशोक कुमार, जिलेदार, सचिव अरविंद यादव, माता प्रसाद, बड़ेलाल यादव आदि उपस्थित रहे।

### बिना नक्शा, बिना राजस्व टीम, बिना आदेश सीधा कब्जा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** मछलीशहर थाना के महमूदपुर गांव में दरोगा गुप्तेश्वर राय साहब ने सोचा सरकारी अफसर क्यों बुलाना, खुद ही जमीन बाँट लो, खुद ही निर्माण करवा लो जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है दरोगा डेवलपमेंट स्कीम का वीडियो भी आ गया है। दरोगा जी सीन में हीरो की तरह सादे कपड़ों में ज़मीन बाँटते दिख रहे हैं। अब सोचिए, जब पुलिसवाले ही जमीन बाँटने लगें, तो फिर कोर्ट-कचहरी किस दिन के लिए बची है।

# एसपी ने खेतासराय पुलिस बूथ का किया उद्घाटन, जनता को दिया भरोसा, 24 घंटे मिलेगी सुरक्षा

### समारोह में ये भी रहे मौजूद

खेतासराय उद्घाटन समारोह में एसडीम शाहगंज कुणाल गौरव, ईओ प्रदीप गिरी, उप निरीक्षक अनिल पाठक, कस्बा इंचार्ज तारिक अंसारी, हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, शुभम त्यागी, राजकुमार यादव, नफीस अहमद, भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू, डॉ चन्द्रजीत मौर्य, राजस्व निरीक्षक अखिलानंद शर्मा, लेखपाल विवेक सिंह, अंकित यादव, धर्मेंद्र यादव, पंकज पटेल, रंजीत, पूर्व प्रधान मंतलाल पप्पू, अध्यक्ष वसीम अहमद, मोहम्मद असलम, भाजपा नेता जगदम्बा प्रसाद पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, डॉ शौकत खान, सभासद सतीश यादव पिंकू, मनीष गुप्ता धर्मरक्षक, मोहम्मद कौसर, राजेश यादव, समाजसेवी कपूरचंद जायसवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



**खेतासराय।** जौनपुर पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ्भ ने शुक्रवार को खेतासराय कस्बा में बने नए पुलिस बूथ का उद्घाटन फीता काट कर धार्मिक रीति रिवाज के साथ सम्मानजनक तरीके से किया गया। हल्की बारिश के बाद भी नगर वासियों की भारी भीड़ देख वह काफी प्रसन्न रहे। उन्होंने कहा कि जिले में 132 पुलिस बूथ बनाए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय मिले। सरकार की जीरो टालेन्स नीति पूरी तरह से कारगर साबित हो सके।

एसपी डॉ कौस्तुभ ने कहा कि यह कस्बा बेहद संवेदनशील माना जाता है। लेकिन यहां के लोग आपसी प्रेम सौहार्द को बनाए रखने में हमेशा आगे रहते हैं। आगामी दिनों में सावन मास और मोहर्रम का त्यौहार शुरू हो गया है। इसलिए इस सौहार्द को बनाए रखना हमारी आपकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर वासियों से इस पुलिस बूथ को बनाने के लिए दिए गए सहयोग पर उनका आभार जताया। इस लोकार्पण कार्यक्रम में सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान, थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक को बुंके भेंट कर उनका स्वागत किया। आईपीएस एएसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह नया पुलिस बूथ आम जनता को पुलिस से जोड़ने का काम करेगा। यहां 24 घंटे पुलिस की मौजूदगी रहेगी। इससे असामाजिक तत्वों पर नज़र रखने में आसानी होगी। नगर के अति संवेदनशील इलाकों में कोई भी घटना होने पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी।

उन्होंने खेतासराय के थानाध्यक्ष रामाश्रय राय की खुले दिल से तारीफ की । कहा उनके आने के बाद क्षेत्र में अपराधों पर काफी हद तक कंट्रोल हुआ है। आम जनता से उनका जुड़ाव और मदद करने का तरीका सराहनीय है, और यही कारण है कि उद्घाटन कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा आम लोगों की मदद के लिए तैयार है।

# नकली दवा विक्रेताओं के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई, रजत पांडेय

- जिले में जल्द चलेगा बड़े पैमाने पर अभियान, बिना पर्चा बिल के न खरीदे दवा, और नही करें बिक्री

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

नवागत औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने कहा कि अधोमानक और नकली दवाओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर जिले में शीघ्र ही अभियान चलाया जाएगा। दवा के नाम पर आम लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ किसी भी प्रकार का कोई समझौता मान्य नहीं है।

वह शुक्रवार को केमिस्ट एंड कॉस्मेटिक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा शहर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने जिले के सभी फुटकर और थोक विक्रेताओं से अपील किया कि आप नकली दवाएं व बिना बिल की दवाए बिल्कुल न खरीदें। नारकोटिक दवाएं नियमानुसार विक्रय करें। दुकान पर फूड लाइसेंस व दुकान का लाइसेंस अनिवार्य रूप से उचित स्थान पर लगा रहना चहिए।

इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही पाई गई तो संबंधित फार्म और उसके संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने जिले के सभी केमिस्टों से विस्तार पूर्वक दवा व्यवसायियो को शासन की मंशा व नियमो के बारे में बताया। कहां प्रदेश सरकार का सख्त निर्देश है कि नारकोटिक्स से जुड़ी दावों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए। बिना बिल के कोई भी ऐसी दवा न बिक्री किया जाए।

अंत में एशोसिएशन के अध्यक्ष लल्लन यादव व महामंत्री सुभाषचंद्र मौर्य ने लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा0प्रमोद वाचस्पति ने किया।

इस मौके पर संगठन के वरिष्ठ सहयोगी वीरेंद्र मिश्र विराट राजय यादव, दिलीप गुप्ता, विद्या भूषण पांडेय, सुनील कुमार चौरसिया, भूपेंद्र सिंह, नागेंद्र पांडेय, धीरज मौर्य राजीव जौहरी, संजय मौर्य, अमित मौर्य अन्य मौजूद रहे।

# विवेकानंद के संदेश युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत : कुलपति

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें नमन कर कुलपति एवं शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। विवेकानंद केन्द्रीय पुस्तकालय में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्वामी जी के विचारों को सबसे साझा किया गया। कुलपति प्रो.वंदना सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद दर्शन के प्रभावशाली व्याख्याता थे। विश्व धर्म संसद में दिए उद्बोधन ने उन्हें वैश्विक पहचान दी। उन्होंने कहा था कि 'उठो और जागो और तब तक रुको नहीं जब तक कि तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते' और 'सारी शक्ति आपके भीतर है; आप कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं 'का सन्देश आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। आज हम उनके उच्चतम आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के प्रति संकल्पित हैं। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी जी के विचार हमें न केवल आत्मबल बढ़ाने की शिक्षा देते है, अपितु यह भी बताते है कि समाज और राष्ट्र की सेवा ही सच्चा धर्म है। उन्होंने स्वामी जी के उद्धरण को संदर्भित करते हुए कहा कि विश्व एक महान व्यायामशाला है जहां हम स्वयं को मजबूत बनाने के लिए आते हैं। हम सभी उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाकर सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा को समाज में समृद्ध कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रो.विक्रम देव शर्मा, प्रो मनोज मिश्र, प्रो.सौरभ पाल, प्रो.राजकुमार, प्रो.गिरिधर मिश्र, डॉ.राज बहादुर यादव, उप कुलसचिव बबिता, अजीत प्रताप सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह,डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. शशिकांत यादव, राजेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. इन्द्रेश गंगवार सहित लोग उपस्थित रहे

# जलभराव, सफाई और यातायात व्यवस्था को लेकर डीएम सख्त

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



मानसून के मद्देनज़र नगर क्षेत्र में संभावित जलभराव व यातायात अवरोध की समस्याओं की समय रहते रोकथाम एवं समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को नगर पालिका नवाबगंज अंतर्गत संवेदनशील मोहल्लों व प्रमुख चौराहों का स्थलीय गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मोहारी पुरवा एवं दशहरा बाग खलरिया जैसे उन क्षेत्रों का दौरा किया, जहां मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति अक्सर उत्पन्न होती है। यहां पर नगर पालिका द्वारा स्थापित 6 मीटर व्यास वाले सम्पवेल सह पंप हाउस का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश के दौरान पंप हाउस पूर्ण क्षमता के साथ लगातार संचालित रहें ताकि जल निकासी बाधित न हो। उन्होंने पंप हाउस की कार्यप्रणाली, आपातकालीन संचालन व्यवस्था तथा तकनीकी स्टाफ की उपस्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मोहल्ले में पैदल भ्रमण कर उन्होंने साफ-सफाई, नालों की स्थिति एवं नागरिक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई गलियों की स्थिति पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु को देखते हुए जहां कहीं भी खुदाई की गई है, वहां पाइप लाइन डालने के उपरांत तत्काल मरम्मत कार्य कर गलियों को चलने योग्य बनाया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ईओ नगर पालिका द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में जलभराव की दृष्टि से 23 संवेदनशील स्थलों की पहचान की जा चुकी है, जिसके लिए नगर पालिका द्वारा मोबाइल पंप सेट सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी कर ली गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी चिन्हित स्थलों की निरंतर निगरानी की जाए, और किसी भी स्थिति में जल निकासी में विलंब न हो। जिलाधिकारी ने शहर में यातायात अवरोध की समस्या की समीक्षा हेतु छाया चौराहा, कमला नेहरू पार्क, एवं आस-पास के क्षेत्रों का भी पैदल चलकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि सड़क पर नालों की सफाई के उपरांत निकले कचरे को हटाया नहीं गया है इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्थानों पर सफाई के उपरांत कचरा तत्काल हटाया जाए, ताकि सड़कों पर व्यवधान उत्पन्न न हो।उन्होंने छाया चौराहे और वेंडिंग जोन सहित आस पास के क्षेत्रों तथा कमला नेहरू पार्क के सौंदरीकरण एवं आकर्षक बनाए जाने पर बल दिया। साथ ही निर्देशित किया कि जाम प्रभावित क्षेत्रों में सड़क किनारे संचालित प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर यातायात सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस मौके पर एडीएम अरुण कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, नगर पालिका ईओ संजय शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सिरौलीगौसपुर।** ब्लाक सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अयोध्या मंडल के उप निदेशक पंचायत अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण में सतत विकास लक्ष्यों एलएसडीजी और पीडीआई पीएआई-2 विषय पर जानकारी दी गई। निदेशालय द्वारा नामित प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार पांडेय और एमएचयू अंसारी ने प्रशिक्षण दिया। जिला अमेठी के डीपीआरसी के सह प्रचार्य प्रशान्त पांडेय और सिरौलीगौसपुर के एडीओ पंचायत शम्भू नाथ पाठक ने भी प्रशिक्षण में योगदान दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में एलएसडीजी की प्रगति के आंकलन के लिए पीडीआई पीएआई संस्थागत तंत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सतीश वर्मा, राजेश कुमार रावत, सुरेश चंद्र यादव ग्राम प्रधान मरकामऊ ग्राम प्रधान रेखा गुप्ता, रामसागर यादव, दिग्विजय सिंह जितेंद्र यादव और राम बक्श यादव सहित अन्य प्रधान मौजूद रहे।

# हजरत कासिम की याद में निकला अलम का जुलूस, पुलिस रही सतर्क



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**जैदपुर।** जैदपुर कस्बे के मोहल्ला मुक्खिन में स्थित हाजी असलम के आवास से हजरत कासिम की याद अलम व मेंहदी का जुलूस बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ रात्रि दस नौ बजे निकाला गया। जिसमें ऊंट, घोड़े के साथ ढोल ताशे व लंगाड़ा बजाया जा रहा था। कई तरह की रोशनीदार लाइट जगमगा रही थी। अंजूमन में शामिल लोग हुसैन की कर्बला में हुई शहदात की याद में नौहाख्वानी व मातम कर रहे थे। सात मुहर्रम की मेंहदी का जुलूस मोहल्ला छेदाकटरा, मुक्खिन, बांध चौराहा, बाजार, छोटा इमामबाड़ा पचदरी होकर रात्रि दो बजे के करीब वापस लौटा। मोहल्ला छेदाकटरा में हाफिज मियां आमीन बाबा के घर पर कई तरह के पकवान को मेंहदी में शामिल लोगों को बांटा गया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम, मो. अफरोज अंसारी, कमरूज्जमा, दानिश सिद्दीकी, वारिस अली, महमूद, शाह आलम, जुबैर, अशफ़ाक़, नूरी,अब्दुल वहीद सलमानी सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे। मेंहदी में सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी संतोष सिंह, कस्बा इंचार्ज विनय कुमार, दीवान जलालुद्दीन, दीवान जयनारायण सिंह, पंकज सिंह राठौर, पंकज सिंह, सुनील यादव व भारी पुलिस बल के साथ पीएससी के जुलूस में साथ साथ चल रही थी।

### जुलूस में शामिल हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव

शुक्रवार दोपहर सातवी मोहर्रम पर शहर के फजलुर्रहमान पार्क से दोपहर में उठने वाला अलम का जुलूस पूरे शहर में घूमते हुए बेगमगंज सुन्नी कर्बला में शाम को पहुंचा बाद नमाज मगरिब सुन्नी कर्बला से फिर यही ऐतिहासिक अलम का जुलूस बेगमगंज, निबलेट चौराहा,धनोखर, चौराहा, घंटाघर पुलिस चौकी होते हुए देर रात फजलुर्रहमान पार्क में समाप्त हुआ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने बेगमगंज चौराहे पर पहुंच कर हुसैनी जुलूस में शामिल होकर हिन्दू मुस्लिम एकता की परम्परा को कायम रखते हुए अमन और भाईचारगी का संदेश दिया। हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और कर्बला में शहीद हुए बहत्तर शहीदों को सलाम पेश करते हुए खिराजे अकीदत पेश की। हुसैनी लश्कर में हजारों हुसैनियत के मानने वालों ने लब्बैक या हुसैन की सदाओं को बुलन्द रखते हुए इंसानियत और भाईचारे का पैगाम दिया पूरे शहर में हुसैन के चाहने वालों ने जगह जगह लंगरों के स्टाल लगाकर लोगों की भूख और प्यास बुझाई। इस जुलूस में ऊंट सैकड़ों ढोल और सैकड़ों छोटे बड़े अलम को देखने के लिए पचासों हजार का मजमा पूरी रात चलता रहा।

### हज़रत अब्बास की याद में निकला आठवीं मोहर्रम का जुलूस

शुक्रवार शाम अलमदार-ए-कर्बला हजरत अब्बास की शहादत पर आठवीं मोहर्रम का जुलूस फतेहपुर नगर के सट्टी बाजार से हजरत अब्बास की याद में अलम जुलूस निकाला गया। आठवीं मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास की शहादत से मनसूब की गई है।

इस दिन घर-घर से हजरत अब्बास के अलम उठाकर पूरी शिद्दत के साथ चबूतरे पर सजाए जाते हैं। मौलाना ने इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास के जीवन तथा उनकी शहादत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हजरत अब्बास बहादुरी व दिलेरी में अपने पिता हजरत अली से किसी भी तरह से कम नहीं थे। उनकी शहादत सदियों तक याद की जाएगी। सुरक्षा की व्यवस्था फतेहपुर कोतवाल संजीत कुमार सोनकर ने भारी पुलिस बल के साथ संभाली। इसी क्रम में कस्बा सुन्धियामऊ,मीरपुर और सूरतगंज में भी आठवीं मोहर्रम का जुलूस निकाला गया।

# उद्यमियों को समझाएं गए भारतीय मानक ब्यूरो के कायदे कानून

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), लखनऊ द्वारा उद्यमी संवाद का आयोजन कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बीआईएस और उद्योग की नियमावली पर प्रकाश डालना और भविष्य में मानकों के उत्थान पर चर्चा करना। इस दौरान उद्योग जगत, सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संवाद के दौरान अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने जनपद के मुख्य उद्योगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीआईएस द्वारा बनाए गए मानक हमारे उद्योग और उपभोक्ता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। मानक न केवल एक गुणवत्ता प्रमाण का एक परिचायक है अपितु यह हमारे जीवन को सुगम और सुरक्षित बनाने में भी योगदान देता है। कहा कि गुणवत्ता प्रमाणन हमारे उत्पाद की दक्षता एवं विशेषता को बढ़ता है साथ ही हमारे उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान और प्रमाणन देता है।

भारतीय मानक ब्यूरो के शाखा प्रमुख श्री सुधीर बिश्नोई ने कहा कि, बीआईएस, भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एक वैधानिक निकाय है। यह उपभोक्ताओं और उद्योगों दोनों के हित में कार्य करता है। गुणवत्ता मानकों को बढ़ावा देने के लिए बीआईएस उत्पाद प्रमाणन, प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन, हॉलमार्किंग और प्रयोगशाला सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। उन्होंने बताया कि बीआईएस ने हाल के वर्षों में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाया है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि बीआईएस सभी उद्यमियों को जागरूक करने के लिए जिला स्तर पर उद्यमी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी के साथ परफ्यूम इंडस्ट्री के अंतर्गत मानकों के विषय में चर्चा किया गया। संयुक्त निदेशक शरद श्रीवास्तव द्वारा परफ्यूम से संबंधित मानकों के टेक्निकल कमिटी के कार्य प्रणाली, बीआईएस लाइसेंस लेने के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया और लाइसेंस चेक करने के लिए बीआईएस केयर ऐप पर भी प्रकाश डाला साथ ही उत्पाद की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए बीआईएस के मानकों का पूरी तरह पालन करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह ने कहा कि डीआईसी एवं बीआईएस की भूमिका केवल प्रमाणन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उद्योगों और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करने में भी मदद करता है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने तय किया है। जिसने बीआईएस एवं उपायुक्त कार्यालय कार्यालय जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में उद्योग संवाद का आयोजन किया गया है। वह बीआईएस एवं डीआईसी के सम्मिलित जागरूकता अभियानों का समर्थन करते हैं।

इस मौके पर औद्योगिक सलाहकार डी0 के0 मिश्र ने मानकीकरण की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, बीआईएस और डीआईसी के मानकों का पालन मैन्युफैक्चरिंग में दक्षता बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है। हमारी उद्योग जगत में इन मानकों का सख्ती से पालन किया जाता है, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता और प्रदर्शन को सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन स्टैंडर्ड प्रमोशन अधिकारी मोहित सिंह द्वारा किया गया।

# ओयो होटल संचालक का दावा, पुलिस को हर माह देनी पड़ती है रकम

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

### विरोध के बाद ओयो होटलों की हुई थी जांच

ओयो के नाम पर समाज में फैल रही गंदगी को रोकने के लिए 4 महीने पहले विरोध हुआ था। तिर्वा के विधायक कैलाश सिंह ने भरी मीटिंग में यह शिकायत की थी जिसके बाद एडीएम आशीष कुमार सिंह के आदेश पर कुछ होटलों की जांच कराई गई थी और सख्ती के साथ अवैध होटलों को बन्द कराने का दावा किया गया था हालांकि फिर ये मामला ठंडा पड़ गया और अब फिर जगह-जगह ओयो होटल के नाम पर समाज विरोधी क्रिया कलाप कराए जा रहे है।

पुलिस के अजब-गजब कारनामे सामने आ रहे हैं। इस बार ओयो होटल चलाने वाले व्यक्ति का ग्राहक से बातचीत करते हुए वीडियो सामने आया। जिसमें वह बता रहा कि होटल का किराया इसलिए बढ़ा दिया, क्योंकि हर महीने पुलिस को 15 हजार देने पड़ते हैं।

वायरल वीडियो तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के बताया जा रहा है। जहां ओयो का बोर्ड लगाकर प्रेमी जोड़ों को आकर्षित किया जाता है। ओयो का बोर्ड देखकर प्रेमी युगल वहां पहुंचते हैं और फिर कुछ देर के लिए कमरे का किराया 800 रुपये वसूला जाता है। अब इस मामले का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें ग्राहक बनकर होटल पहुंचे युवक को होटल के रिसेप्शन में मौजूद संचालक ने 800 रुपया किराया बताया।

उसने किराया अधिक होने की बात कही तो संचालक ने बताया कि पहले किराया कम था, लेकिन कुछ महीने पहले ठठिया के एक ओयो होटल में गैंगरेप का मामला सामने के बाद सख्ती कर दी गई। अब होटल चलाने के लिए तिर्वा पुलिस को हर महीने 15 हजार रुपये देने पड़ते हैं।

युवक द्वारा कही गई इस बात का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया गया कि तिर्वा क्षेत्र में इन दिनों 13 ओयो होटल अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं। इस मामले को लेकर एसपी विनोद कुमार से सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कॉल कनेक्ट नहीं हो सकी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज। सर्व शिक्षा अभियान के बैनर तले सूरतगंज ब्लॉक इलाके के नंदऊपारा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय से प्रधानाध्यापक यशपाल सिंह की अगुवाई में शुक्रवार को स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। बच्चों ने गांव की गलियों में आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे। हर घर में एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा। हम भी स्कूल जाएंगे, पापा का मान बढ़ाएंगे जैसे अनेकों स्लोगन का उद्घोष कर ग्रामीण बच्चों और अभिभावकों को जागरूक किया। गांव की गलियों से गुजरकर यह रैली पुनः विद्यालय पहुंची जहां मौजूद अभिभावकों व बच्चों को प्रधानाध्यापक यशपाल सिंह व सहायक अध्यापक उमेश चंद्र ने माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक श्री सिंह ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा जीवन का वह हथियार है जो विपरीत परिस्थितियों में आपका साथ देता है इसलिए हर हाल में हर अभिभावक को शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। जिससे उनके बच्चे शिक्षित और योग्य हों। आगे उन्होंने कहा शिक्षा विकास की जननी है। इस दौरान सुनील सिंह, अनिल सिंह, कमलेश यादव, संदीप यादव, चुन्नी सैनी सहित अनेकों अभिभावक मौजूद रहे।

### स्कूली बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। प्राथमिक विद्यालय करौरा में स्कूल चलो अभियान के तहत शुक्रवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक संगीता तिवारी के नेतृत्व में यह रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर गांव के गली-मोहल्लों में पहुंची। रैली का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को शिक्षा से जोड़ना था, जिनका अभी तक स्कूल में नामांकन नहीं हुआ है। टीम ने ऐसे बच्चों के अभिभावकों से मुलाकात कर उन्हें स्कूल में नाम लिखवाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, पंजीकृत बच्चों के माता-पिता से नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह किया।छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर स्कूल चलो अभियान के स्लोगन लिखे हुए थे। रैली के दौरान मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ और लड़का-लड़की सभी पढ़ाओ जैसे नारे गूंजते रहे। इस अभियान में ज्योति चतुर्वेदी, अखिलेश सिंह, प्रहलाद कुमार विमल, रितेश कुमार सिंह, कामिनी और निर्मला समेत कई शिक्षक शामिल रहे। संचित, अरहान, सेजल, नेहा, प्रिंस, अनिकेत, अर्पित, अंकित, गौरी, सत्यवानी और ऋषभ जैसे छात्र-छात्राएं भी रैली का हिस्सा बने।

### डम्प कूड़ा बना नागरिकों के लिए मुसीबत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर। नगर पंचायत जैदपुर में कूड़े के निस्तारण की समस्या गंभीर होती जा रही है। शाह कटरा वार्ड में वसी नगर से मुक्खिन जाने वाले मुख्य मार्ग पर झलहे वाली पुलिया के पास कूड़ा डंप किया जा रहा है। यह स्थान जैदपुर का मुख्य बाईपास रोड है। इस मार्ग के पास एक मस्जिद है, जहां लगातार दुर्गंध आ रही है। यह रास्ता शाह कटरा, रईस कटरा और मुक्खीन वार्ड के निवासियों का प्रमुख मार्ग है। नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी इसी रास्ते से आते-जाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने जैदपुर में कूड़ा डंप करने के लिए अलग से व्यवस्था की है। स्थानीय सभासद शाह आलम और ताहिर अंसारी ने इस समस्या से नगर पंचायत के लिपिक प्रदीप बाबू और चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद को अवगत करा दिया है। बारिश के मौसम में यह समस्या और भी विकट हो जाती है। आसपास रहने वाले लोगों का जीवन दूभर हो गया है। विशेष रूप से चिंता का विषय यह है कि 10 तारीख को इसी मार्ग से ताजिया का जुलूस भी निकलता है।

### जगदीशपुर में लगी ग्राम चौपाल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। ब्लॉक सिरौलीगौसपुर के ग्राम पंचायत जगदीशपुर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। ग्राम चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सतीश चंद्र रावत ने की। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव विवेक कुमार ने किया। चौपाल के दौरान 25 परिवारों की फैमिली आईडी बनाई गई। पंचायत सचिव विवेक कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से नाली और सफाई संबंधी मौखिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने सभी शिकायतों के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सतीश चंद्र रावत ने कहा कि सभी शिकायतों को नोट कर लिया गया है। कार्यक्रम में पंचायत सहायक प्रभात रावत और सफाई कर्मी देश राज भी मौजूद रहे। ग्राम चौपाल का आयोजन पंचायत भवन जगदीशपुर में किया गया।

# परिवार नियोजन के साधनों का प्रचार प्रसार के लिए मोबाइल वैन क्षेत्र में रवाना



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**नवाबगंज।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉक में चलाई जा रही उम्मीद परियोजना के तहत शुक्रवार को परिवार नियोजन साधनों की जागरूकता के लिए चलाया जा रहे कैंपेन इतनी भी क्या जल्दी है की वैन को सीएचसी अधीक्षक ने क्षेत्र में रवाना किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा मोबिअस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से चलाया जा रहा जागरूकता अभियान इतनी भी क्या जल्दी है? का संदेश सही उम्र में शादी, पहला बच्चा देरी से दो बच्चों के जन्म में अंतर तथा आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली का सही उपयोग हैं। नवाबगंज ब्लॉक के 75 गाँव में परिवार नियोजन के प्रचार प्रसार के लिए चलाई जाने वाली मोबाइल वैन को सीएचसी से रवाना किया गया। पीएफआई के जिला प्रतिनिधि अब्दुल फारूखी ने बताया कि नवाबगंज ब्लॉक के 75 गाँव में मोबाइल वैन के द्वारा तीन माह (जुलाई से सितम्बर 2025) तक कैंपेन चलाया जाएगा। गाँव में आशाओं के माध्यम परिवार नियोजन के साधनों को वितरित करने के साथ वैन में काउंसलर द्वारा परामर्श सेवाएँ भी दी जायेंगी। इस दौरान डॉ अखिलेश विक्रम, पीएफआई कंसलटेंट कपिल श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट महेश साहू, एआरो गौरी गुप्ता, बीपीएम मलखान सिंह, बीसीपीएम संगीता, कामिनी कुशवाहा समेत अन्य मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत निकली गई जन-जागरूकता रैली



जन एक्सप्रेस। उन्नाव। खंड शिक्षाधिकारी सिकंदरपुर सरोसी, उन्नाव के तत्वावधान में दिनांक 04 जुलाई, 2025 को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत कार्यालय नगर पालिका परिषद गंगाघाट प्रांगण से संबंधित विद्यालयों के बच्चों की टोली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता और शासकीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण को बढ़ावा देकर प्रवेश हेतु प्रेरित किया जाना है। रैली में सदर विधायक के साथ खंड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गंगाघाट से स्कूल बच्चों द्वारा सर्व शिक्षा अभियान जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें गंगाघाट के कई स्कूलों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया जिसमें शिवम कन्वेंट, सरोज सरस्वती शिशु मंदिर, प्रभा विद्या मंदिर, छस्रूपब्लिक स्कूल के बच्चों ने आम जनमानस को जागरूक करने के लिए राजधानी मार्ग पर सर्व शिक्षा अभियान जागरूकता रैली निकाली गई।

# मित्र पुलिस की भूमिका में नजर आये टीएसआई

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



कोतवाली नगर अन्तर्गत मोहल्ला सरावगी निवासिनी खुषी गुप्ता बीते गुरुवार को ई-रिक्षा पर बैठ करके आनन्द भवन विद्यालय से धनोखर चौराहे आ रही थी। ई-रिक्षा पर ही उसके जरुरी कागजात छूट गये। जब इसकी जानकारी टीएसआई राम यतन यादव को हुई तो काफी प्रयास के बाद में जरुरी कागजात बरामद करके खुषी को सौंप दी। अपने कागजात पा करके खुषी को खुषी का ठिकाना नही था। उसने टीएसआई और उनके अन्य सहयोगियों की जमकर सराहना की। जानकारी के अनुसार, कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला सरावगी निवासिनी छात्रा खुशी गुप्ता बीती गुरुवार की दोपहर ई-रिक्षा पर बैठ कर आनन्द भवन विद्यालय से अपने घर आ रही थी। जब वह घर पहुंची तो उसको यह पता चला कि उसके सारे कागजात एक काली पन्नी में ही ई-रिक्षा पर ही छूट गये हैं हजारों की संख्या में चलने वाले ई-रिक्षा की कैसे पहचान हो यही सोचकर खुषी काफी परेषान थी। शुक्रवार सुबह खुषी के शुभचिंतको ने पहले सोषल मीडिया पर यह बात दौड़ायी और उसके बाद उन्होने टीएसआई राम यतन यादव को सारी बात बतायी। टीएसआई को जानकारी मिलने के बाद उन्होने अपने स्तर पर प्रयास करना शुरु किया और मात्र दो घण्टे के अन्दर ही खुषी की खोयी हुई काली पन्नी जिसमें उसके षिक्षा के कागजात व अन्य जरुरी सामान थे। टीएसआई ने फोन करके खुषी को बुलाया और उसको उसके कागजात वाली पन्नी दी। अपने खोये कागजात पा करके खुषी की खुषी का ठिकाना नही था। उसने टीएसआई और उनके सहयोगियों की जमकर सराहना की और बधाई भी दी। गौरतलब हो कि टीएसआई राम यतन यादव का यह कोई पहला सराहनीय कार्य नही है इससे पहले भी उन्होने एक महिला की ई-रिक्षा पर छूटे हुए लाखो रुपये के जेवरात वाला बैग वापस करवाया था वहीं एक युवक का कम्प्यूटर वाला बैग व एक किषोरी का बैग भी उन्होने बड़ी तत्परता से खोजकर उन लोगों को पहुंचाया था। कुल मिलाकर टीएसआई की उक्त सराहनीय कार्य की प्रषंसा हर तरफ हो रही है। नागरिकों का कहना है कि टीएसआई जैसे अगर सभी पुलिस कर्मचारी हो जाये तो वास्तव में मित्र पुलिस का स्लोग्न जो लगा है वह धरातल पर उतर आये।

# स्कूल वाहनों की चेकिंग के अभियान- 9 वाहनों का चालान, 65 हज़ार जुर्माना

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



सहायक सम्भागीय परिवहन विभाग द्वारा वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें एआरटीओ इज्या तिवारी ने ठठिया क्षेत्र में स्कूली वाहनों की फिटनेस और मानकों की जांच की। इस दौरान 4 वाहनों को बंद कर दिया गया और 9 वाहनों का चालान किया गया। अधिकांश स्कूली वाहनों में मानकों का ख्याल नहीं रखा गया। जिस वजह से उन पर कार्रवाई की गई। यहां एक ओवरलोड ट्रक भी पकड़ा गया, जिस पर 65,000 रुपये का जुर्माना एआरटीओ ने लगाया।

### मानकों का नहीं रखा ध्यान

जुलाई में स्कूल खुलते ही बना मानकों वाली मारुति वैन और ईको गाड़ियां बच्चों को स्कूल तक लाने और ले जाने के काम मे लगा दी गईं। इन वाहनों में बच्चों की सुरक्षा के न तो इंतजाम किए गए और न ही मानकों का कोई ख्याल रखा गया। जिसके खिलाफ अभियान छेड़ा गया है। चेकिंग अभियान से स्कूली वाहन चलाने वालों के माथे पर शिकन नजर आने लगी।

### विशेष अभियान चलाया जा रहा

एआरटीओ ने बताया कि यह चेकिंग अभियान उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य स्कूली वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत अनफिट और बिना पंजीकरण वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## सिंचाई के पैसों के लेनदेन में किसान की हत्या

जन एक्सप्रेस। कन्नौज। सिंचाई के पैसों के विवाद में किसान की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने पहले लात-घूसों से पीटा फिर फावड़े से हमला कर दिया। पुलिस ने किसान को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। ठठिया थाना क्षेत्र के मुन्नापुरवा गांव का पूरा मामला है। मृतक की पहचान शिवप्रकाश यादव के रूप में हुई है। शिवप्रकाश खेती-किसानी से परिवार का पालन करते थे। आज फसल की सिंचाई का हिसाब-किताब कर रहे थे। इसी दौरान उनका गांव के ही मोनू यादव, कुंवर सिंह यादव, रामकिशोर यादव, सोनू यादव उर्फ आदित्य यादव से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने पहले शिवप्रकाश को लात-घूंसों से मारा। इसके बाद फावड़े से हमला कर दिया। फावड़े से हमला करने वाला मृतक के भाई का साला मोनू है। मोनू कानपुर देहात के अकबरपुर माती का रहने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल शिवप्रकाश को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया।

# खाद की दुकानों पर उपजिलाधिकारी ने मारा छापा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सिरौलीगौसपुर।** खरीफ फसलों की रोपाई बुवाई के दृष्टिगत उर्वरकों की उपलब्धता, निर्धारित दर पर बिक्री, टैगिंग आदि की जांच हेतु उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की गठित की गयी टीम एवं दिये गये निर्देश के क्रम में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर एवं भूमि सरंक्षण अधिकारी, कुर्सी द्वारा संयुक्त रूप से तहसील सिरौलीगौसपुर के 04 उर्वरक बिक्री केन्द्र मेसर्स संजय खाद भण्डार, वर्मा ट्रेडिंग कम्पनी-महमूदाबाद, मौर्या खाद भण्डार एवं शिव फर्टिलाइजर्स बदोसराय पर छापे डालकर जांच की गयी, जांच के दौरान संजय खाद भण्डार एवं वर्मा ट्रेडिंग के अभिलेख अपूर्ण पाये जाने पर कारण बताओं नोटिस निर्गत किया गया तथा शिव फर्टिलाइजर्स बदोसराय के प्रतिष्ठान में पीओएस मशीन न चलने एवं बिक्री स्टाक रजिस्टर न उपलब्ध कराये जाने के कारण इनका उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र निलम्बित किया गया। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया कि शुक्रवार को सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला प्रबन्धक, पीसीएफ एवं इफको के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिन समितियों पर उर्वरक 05 मी. टन से कम है, वहां प्राथमिकता पर प्रेषित कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया। वर्तमान में लगभग सभी समितियों पर उर्वरक उपलब्ध है। समितिवार, समिति खुलने का रोस्टर जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया है, जिसके अनुसार सभी सचिवों को उर्वरक वितरण किये जाने के भी निर्देश दिये गये है।

समिति के सचिवों द्वारा समिति पर इसका अंकन भी किया जायेगा, कि किस दिन उनके द्वारा उर्वरक वितरित की जायेगी।

# मराठी पर गर्व करना गलत नहीं, लेकिन भाषा के आधार पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं : सीएम फडणवीस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में मराठी भाषा पर गर्व करना गलत नहीं है। लेकिन अगर कोई भाषा के नाम पर गुंडागर्दी करता है, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी के साथ भाषा के आधार पर कोई मारपीट करता है, तो इसे भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### भाषा विवाद खड़ा किया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई करेंगे

फडणवीस की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब राज्य में मराठी भाषा न बोलने को लेकर विवाद बढ़ रहा है। यह विवाद उस समय और बढ़ गया, जब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर एक गुजराती व्यक्ति को मराठी न बोलने को लेकर पीट दिया और घटना का वीडियो वायरल हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, पुलिस ने इस घटना पर प्राथमिकी दर्ज की है और कार्रवाई भी की है। अगर भविष्य में कोई इस तरह का भाषा विवाद खड़ा करता है, तो उस पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हमें अपनी मराठी भाषा पर गर्व है, लेकिन भारत की किसी भी भाषा के साथ इस तरह का अन्याय नहीं किया जा सकता, यह बात हमें ध्यान में रखनी होगी।

### 'अंग्रेजी को गले लगाते हैं, हिंदी पर विवाद खड़ा करते हैं'

फडणवीस ने आगे कहा, कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि ये लोग अंग्रेजी को तो गले लगाते हैं, लेकिन हिंदी को लेकर विवाद खड़ा करते हैं। यह किस तरह की सोच है और यह किस तरह का व्यवहार है? इसलिए जो लोग कानून अपने हाथ में लेते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मराठी बोलने के लिए नहीं कर सकते जबरदस्ती

उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई मराठी व्यक्ति असम जाकर कारोबार करता है और उसे असम की भाषा नहीं आती, तो क्या उसकी पिटाई होनी चाहिए? उन्होंने कहा, अगर मराठी को लेकर अभिमान है, तो मराठी सिखाओ, क्लास शुरू करो। मराठी पर अभिमान है तो लोगों को मराठी बोलने के लिए प्रेरित करो। मराठी पर अभिमान है तो अपने बच्चों को मराठी पढ़ाओ, उन्हें ऐसे स्थानों पर क्यों पढाते हैं, जहां मराठी तीसरी भाषा है? हम लोगों से मराठी बोलने की अपील कर सकते हैं, लेकिन जबरदस्ती नहीं कर सकते। मुझे मराठी बोलना है तो बोलूंगा लेकिन अगर नहीं आती, तो क्या मारपीट करना ठीक है क्या?

### 'शरद पवार ने कहा था जय महाराष्ट्र-जय कर्नाटक'

फडणवीस ने आगे कहा, मैं याद दिलाना चाहता हूं कि जिस समय छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण हो रहा था, उस समय शरद पवार ने जय महाराष्ट्र-जय कर्नाटक कहा था। इसका मतलब यह होता है कि शरद पवार को कर्नाटक ज्यादा प्यारा है और महाराष्ट्र प्यारा नहीं है? हम लोग जहां जाते हैं, वहां के लोगों को जो अच्छा लगता है, हम बात करते हैं, सभी नेता करते हैं। अब गुजराती समाज में जाने के बाद जय महाराष्ट्र-जय गुजरात कहा गया, तो मुझे लगता है कि इसमें इतना बवाल करने की जरूरत नहीं है।

### 'बगल के राज्यों का नहीं किया जा सकता तिरस्कार'

उन्होंने आगे कहा, हम एक भारत के लोग हैं। हम सारे लोग भारतीय हैं। हमको पहला अभिमान महाराष्ट्र पर होना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि दूसरे राज्यों के प्रति हमको कोई गुस्सा हो या उनके प्रति हमारा कोई तिरस्कार हो। पाकिस्तान के प्रति तिरस्कार समझा जा सकता है। पर बाजू के राज्यों के प्रति तिरस्कार तो नहीं हो सकता है ना। इसलिए मुझे लगता है कि कहीं भी इस वाकिये के माध्यम से शिंदे के महाराष्ट्र प्रेम पर अगर कोई प्रश्नचिह्न लगाता है तो बहुत संकुचित विचार वह रख रहा है।

# नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध मौत परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में स्थित 'बिंग ऑफ लाइफ' नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती 31 वर्षीय युवक मन्निद सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की मां रेणु पाहवा ने केंद्र संचालकों पर इलाज में लापरवाही और गंभीर अनियमितता का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। फरीदाबाद (हरियाणा) के सेक्टर-3 निवासी रेणु पाहवा ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे मन्निद सिंह को 1 जून 2025 को पावी सादकपुर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। केंद्र के कर्मचारी विकास गुप्ता ने दावा किया था कि मन्निद का उचित इलाज होगा और वह जल्द ठीक हो जाएगा। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि मन्निद को अत्यधिक मात्रा में नींद की गोलियां दी जा रही थीं, जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ती गई। रेणु ने बताया कि भर्ती के बाद कई बार शिकायतें मिलीं कि मन्निद ठीक महसूस नहीं कर रहा, लेकिन केंद्र की ओर से हर बार आश्वासन दिया गया कि इलाज सही हो रहा है। 11 जून 2025 की रात 9 बजकर 30 बजे केंद्र से परिजनों को सूचना मिली कि मन्निद की हालत गंभीर है और उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि जब वे अस्पताल पहुंचे तो केंद्र संचालक दिनेश गुप्ता और अन्य स्टाफ मन्निद की डेड बॉडी के साथ इमरजेंसी के बाहर खड़े थे। रेणु पाहवा का आरोप है कि उनके बेटे की मौत पहले ही नशा मुक्ति केंद्र में हो चुकी थी और इसे छिपाने के लिए अस्पताल ले जाने की झूठी कहानी गढ़ी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए ट्रोनिका सिटी पुलिस ने रेणु पाहवा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। केंद्र संचालक विकास गुप्ता और दिनेश गुप्ता के खिलाफ लापरवाही और जान से खिलवाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों की पुष्टि के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना गाजियाबाद में नशा मुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। पहले भी इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जहां मरीजों के साथ लापरवाही, अमानवीय व्यवहार और संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की शिकायतें दर्ज हुई हैं। इस मामले ने एक बार फिर इन केंद्रों में इलाज की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं।

# चुनाव आयोग का दावा : बिहार में 1.5 करोड़ घरों में पहुंचे बीएलओ, 87 फीसदी मतदाताओं को मिले नामांकन फॉर्म




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार में 1.5 करोड़ घरों में बूथ स्तर अधिकारियों बीएलओ की पहली यात्रा आज पूरी हो गई है और राज्य में चल रहे विशेष तीव्र पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 7,89,69,844 यानी लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से 87 प्रतिशत से अधिक नामांकन फॉर्म यानी 6,86,17,932 फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी है। आयोग ने बताया कि बाकी घर या तो बंद थे या उनमें मृत मतदाता रहते थे या वे प्रवासी हो सकते हैं या यात्रा पर गए होंगे। चूंकि, बीएलओ तीन बार घरों पर जाएंगे, इसलिए यह आंकड़ा आगे और बढ़ सकता है।

### एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग कर रहे बीएलए

इसके अलावा, विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त किए गए 1,54,977 बूथ स्तर एजेंट बीएलए भी एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। दो जुलाई तक भाजपा ने 52,689 बीएलए नियुक्त किए हैं। इसके बाद राजद ने 47,504; जेडीयू ने 34,669; कांग्रेस ने 16,500; राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने 1913, भाकपा माले लिबरेशन ने 1271, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने 1153, माकपा ने 578, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी ने 270 बीएलए नियुक्त किए हैं। इसके अलावा, बसपा 74, एनपीपी 3 और आम आदमी पार्टी 1 ने भी अपने एजेंट तैनात किए हैं। हर बीएलए एक दिन में अधिकतम 50 प्रमाणित फॉर्म जमा कर सकता है।

### बीएलओ प्राप्त कर चुके 38 लाख भरे हुए फॉर्म

चुनाव आयोग ने बताया, अब तक करीब पांच फीसदी भरे और हस्ताक्षरित फॉर्म यानी करीब 38 लाख फॉर्म बीएलओ प्राप्त कर जा चुके हैं, जो पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य पहले समावेश है, जिसे आयोग बार-बार दोहराता रहा है। एसआईआर के अनुसार, किसी भी मतदाता का नाम 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवश्यक शर्त यह है कि प्री-प्रिंटेड नामांकन फॉर्म को 25 जुलाई 2025 से पहले हस्ताक्षर करके जमा किया जाए। साथ ही, अपलोड किए गए फॉर्म का सत्यापन भी शुरू कर दिया गया है। कुछ जगहों से संदेह जताए जाने के बावजूद आयोग का मानना है कि एसआईआर के जरिए सभी पात्र लोगों का नाम शामिल किया जाएगा।

### 30 सितंबर को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

आयोग के उप निदेशक पी. पवन की ओर से जारी बयान में कहा गया, प्रत्येक प्राप्त फॉर्म के साथ लगे या न लगे दस्तावेजों के आधार पर पात्रता की जांच की जाएगी। प्रारंभिक मतदाता सूची के 1 अगस्त को प्रकाशित होने के बाद 2 अगस्त 2025 से सत्यापन का काम जोरशोर से शुरू किया जाएगा। उसी दिन से कोई भी राजनीतिक दल या आम नागरिक प्रारंभिक सूची में दावे और आपत्तियां दर्ज कर सकता है। अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी डीएम और मुख्य निर्वाचन अधिकारी सीईओ के समक्ष भी अपीलें दाखिल की जा सकेंगी।

## राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में एलान-मतदाता पुनरीक्षण का विरोध करेंगे, 9 को चक्काजाम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

13वें कार्यकाल के लिए लालू प्रसाद यादव राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष औपचारिक तौर पर बन गए हैं। परंपरा के तहत इकलौता नामांकन होने के साथ ही उनका पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना औपचारिकता थी, लेकिन अब राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शुक्रवार को पटना के एक होटल में हुई बैठक में इस कोरम को पूरा कर लिया गया। लालू यादव और राबड़ी देवी के साथ पार्टी के बाकी दिग्गजों ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की। इसमें बिहार चुनाव के दौरान वोटर लिस्ट बदलने और तेजस्वी यादव को अगला मुख्यमंत्री बनाने पर चर्चा शुरू हो गई है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध को राजद ने जमीन पर लाने का एलान भी किया। सभा में तो नहीं, लेकिन फिर फेसबुक लाइव से तेजस्वी यादव ने 9 जुलाई को चक्काजाम कर प्रदर्शन कर अपनी बात रखने का एलान किया। आज बापू सभागार में पहली पारी में राजद की राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी।

## पीएम मोदी को त्रिनिदाद-टोबैगो का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला, कहा, यह हमारे विशेष संबंधों की गहराई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पोर्ट ऑफ स्पेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को त्रिनिदाद और टोबैगो के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता, भारतीय प्रवासी समुदाय से गहरे जुड़ाव और कोविड-19 महामारी के दौरान मानवीय प्रयासों के लिए दिया गया। बता दें कि पीएम मोदी फिलहाल पांच देशों के दौरे पर हैं और त्रिनिदाद और टोबैगो की यह दो दिन की यात्रा उनका दूसरा पड़ाव है। वहीं सम्मान मिलने के बाद उन्होंने कहा, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होकर मैं गौरवान्वित हूं। मैं यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों की ओर से स्वीकार करता हूं।

### पीएम मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली यात्रा

त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर ने गुरुवार को इस सम्मान की घोषणा की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा को दोनों देशों के बीच साझा गौरव और ऐतिहासिक संबंध का प्रतीक बताया। यह प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली यात्रा है। साथ ही यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की वर्ष 1999 के बाद इस देश की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

### घाना ने भी पीएम मोदी का किया था सम्मानित

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने घाना की यात्रा की थी, जहां उन्हें द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना नाम के राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, घाना की तरफ से दिया गया सम्मान पीएम मोदी को उनके श्रेष्ठ राजनयिक नेतृत्व और प्रभावशाली वैश्विक भूमिका के लिए प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत के साथ-साथ वैश्विक मंच पर उनके नेतृत्व को और मजबूत करने वाली मानी जा रही है।

## इंटरपोल ने एमपी सरकार से मांगी अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा का नेटवर्क खंगालने में मदद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल

इंटरपोल ने अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा को पिछले साल 24 जनवरी को नेपाल सीमा के पास दार्जिलिंग से गिरफ्तार करने वाली मध्य प्रदेश सरकार से बाघों के तस्करी के नेटवर्क का खुलासा करने के लिए मदद मांगी है। फ्रांस के ल्योन स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध पुलिस नियंत्रण संगठन (इंटरपोल) मुख्यालय ने मध्यप्रदेश सरकार को पत्र लिखकर अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर को पांच साल की सजा दिलाने के लिए बधाई दी है। साथ ही इंटरपोल ने मध्य प्रदेश राज्य बाघ स्ट्राइक फोर्स (एमपीएसटीएसएफ) से ताशी शेरपा के नेटवर्क खंगालने में मदद करने के लिए भी पत्र भेजा है। एमपी एसटीएसएफ प्रदेश में बाघों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करता है और इसी संगठन ने वर्ष 2024 में ताशी शेरपा को भारत-नेपाल सीमा के पास दार्जिलिंग से गिरफ्तार किया था। 46 वर्षीय ताशी शेरपा मूलतः तिब्बत का रहने वाला है और भारत, नेपाल सहित कई देशों में बाघों के तस्करी के लिए अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क चलाता है। शिकार और वन्यजीव तस्करी के कई मामलों में वांछित शेरपा आठ साल तक फरार रहा। एमपीएसटीएसएफ द्वारा गिरफ्तारी कर उसके खिलाफ जुटाए गए साक्ष्यों के साथ कोर्ट में चालान पेश किया था। मई 2025 में नर्मदापुरम की एक सीजेएम अदालत ने ताशी शेरपा को दोषी ठहराते हुए पांच साल की सजा सुनाई है।

# ऑपरेशन सिंदूर : सेना के उप प्रमुख के बयान पर सियासत शुरू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस ने भारतीय सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास एवं स्थायित्व) लेफ्टिनेंट राहुल आर सिंह के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन ने भारतीय सैन्य संपत्तियों का लाइव डाटा पाकिस्तान के साथ साझा किया और तुर्किये ने पाकिस्तान को ड्रोन मुहैया कराए। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास और स्थायित्व) लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने आज सार्वजनिक रूप से वह बात कही है, जो ऑपरेशन सिंदूर के अचानक खत्म होने के बाद से आमतौर पर मानी जा रही थी। यह वही ऑपरेशन है, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के दखल के चलते 10 मई को रोक दिया गया था। रमेश ने कहा, लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने जो कहा, वह उसी चिंता को सार्वजनिक रूप से सामने लाता है कि हम वास्तव में पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से लड़ रहे थे। चीन, पाकिस्तान की वायु सेना को असाधारण स्तर तक नियंत्रित कर रहा था। यह खुलासा उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की ओर से सिंगापुर में किया गया था। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी लगातार यह मांग कर रही है कि संसद में चीन की ओर से हमारे सामने खड़ी की जा रही रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियों पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, चीन ने की पाकिस्तान की वायु सेना को अपने नियंत्रण में नहीं लिया है, बल्कि अब वह पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ त्रिपक्षीय बैठकें कर रहा है। हमारे व्यापार घाटे के आंकड़े रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। अब जबकि संसद का सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है और उसे चार दिनों के लिए बढ़ाया भी गया है, हमें उम्मीद है कि हमें चीन से जुड़ी राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। कांग्रेस इस बात पर जोर देती रहेगी कि चीन पर पूरी बहस होनी चाहिए और इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा दृष्टिकोण पर आम सहमति बनाई जाए।

### 'पाकिस्तान को हासिल है चीन का समर्थन'

कांग्रेस सांसद ने कहा, पाकिस्तान एक चुनौती है, जिसे चीन का समर्थन हासिल है। अमेरिका भी एक अलग तरह की चुनौती है, लेकिन वह एक अलग श्रेणी में आता है। हम लगातार यह मांग करते रहेंगे और संसद में इस विषय पर चर्चा की मांग करेंगे- चाहे वह सीडीएस जनरल चौहान के बयान हों, इंडोनेशिया में रक्षा अधिकारी के खुलासे हों या आज नई दिल्ली में लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह द्वारा कही गई बातें।

### सर्वदलीय बैठक एक औपचारिकता, कुछ नहीं होता : रमेश

संसद सत्र से पहले 19 जुलाई को होने वाली सर्वदलीय बैठक पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, सर्वदलीय बैठक एक औपचारिकता भर होती है। इनमें कुछ खास नहीं होता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री आते हैं। जेपी नड्डा राज्यसभा में नेता होने के नाते शामिल होते हैं। हम करीब डेढ़ घंटे तक एक औपचारिक और निरर्थक चर्चा करते हैं, फिर चाय पीते हैं और चले जाते हैं, क्योंकि असली एजेंडा तय करने वाले लोग (प्रधानमंत्री और गृह मंत्री) इन बैठकों में मौजूद नहीं होते। इसलिए ये बैठकें केवल एक औपचारिकता हैं। मुझे ज्यादा उम्मीद नहीं है।

### 'संसद में हो पहलगाम पर चर्चा'

उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस पार्टी इस पर जोर दे रही है कि हमें यह चर्चा जरूर करनी चाहिए कि पहलगाम के बाद क्या हुआ, क्यों हुआ और आज तक आतंकियों को सजा क्यों नहीं मिली। हम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर भी चर्चा की मांग करेंगे, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को रोकने की बात कही थी। जब तक संसद का सत्र शुरू होगा, तब तक शायद अमेरिका के साथ कोई व्यापार समझौता भी हो जाएगा। हम उस पर भी चर्चा चाहेंगे, लेकिन हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण विषय चीन ही रहेगा।

# ग्रेटर गाजियाबाद की घोषणा से जनपद के विकास को मिलेंगे नए पंख

- औद्योगिक विकास की अपार संभावना की बढ़ेगी गति

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

ग्रेटर गाजियाबाद की घोषणा, जिसमें लोनी, खोड़ा-मकनपुर, और मुरादनगर नगर पालिकाओं का गाजियाबाद नगर निगम में विलय शामिल है, उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। यह कदम गाजियाबाद को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक प्रमुख शहरी केंद्र के रूप में स्थापित करने और इन क्षेत्रों में विकास को गति देने के उद्देश्य से उठाया गया है। सुविधाओं के विस्तार के लिहाज से देखें तो ग्रेटर गाजियाबाद के गठन से लोनी, खोड़ा, और मुरादनगर जैसे क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, सड़क, सीवरेज, कूड़ा प्रबंधन में सुधार की उम्मीद जगी है । इन क्षेत्रों में नगर पालिका की सीमित संसाधन क्षमता के कारण विकास कार्य बाधित थे। नगर निगम में शामिल होने से बड़े बजट और बेहतर योजनाओं का लाभ मिलेगा। खोड़ा और लोनी सहित अन्य क्षेत्र पेयजल संकट से जूझ रहा है। इसके सुधार होने की संभावना बढ़ी है। नगर निगम का क्षेत्रफल 220 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 300 वर्ग किलोमीटर हो जाएगा। वार्डों की संख्या 100 से बढ़कर 150-214 तक हो सकती है, जिससे गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा नगर निगम बन सकता है। इससे क्षेत्र की शहरी पहचान मजबूत होगी और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी। बेहतर कनेक्टिविटी और परिवहन सुविधाओं से लोनी, खोड़ा, और मुरादनगर को मेट्रो, रैपिड बस सेवा, और चौड़ी सड़कों के नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इससे दिल्ली, नोएडा, और मेरठ तक आवागमन और आसान हो जाएगा ।

### बेहतर कनेक्टिविटी से औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा

नगर निगम के पास नगर पालिकाओं की तुलना में अधिक संसाधन और केंद्रीकृत प्रशासनिक शक्तियां होती हैं। इससे स्मार्ट सिटी, औद्योगिक विकास, और पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं को लागू करना आसान होगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा क्रिकेट स्टेडियम जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स को भी समर्थन मिलेगा। प्रशासनिक एकीकरण से कार्यालयों की प्रक्रियाएं एकीकृत होंगी, जिससे योजनाओं का कार्यान्वयन तेज और प्रभावी होगा। पेयजल और कूड़ा निस्तारण जैसी समस्याओं का समाधान आसान होगा, जैसा कि मुख्यमंत्री ने लोनी और खोड़ा की समस्याओं के संदर्भ में उल्लेख किया था। गाजियाबाद का गठन नए उद्योगों और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा का प्रयास लाया रंग

जनपद गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र से लगातार विधायक और अब वर्तमान में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यरत सुनील कुमार शर्मा का प्रयास अब रंग लाने लगा है । विधायक रहते ही सुनील कुमार शर्मा सहित लोनी भाजपा विधायक अपने अपने क्षेत्र का समुचित विकास नगर निगम द्वारा कराए जाने को लेकर बात उठाई थी। जो अब ग्रेटर गाजियाबाद के घोषणा के बाद अपना स्वरूप लेने लगा है।

## भारतीय नौसेना में पहली महिला फाइटर पायलट बनीं सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया, रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। विशाखापत्तनम

भारतीय नौसेना ने इतिहास रच दिया है। सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को आधिकारिक रूप से नौसेना के फाइटर स्ट्रीम में शामिल कर लिया गया है। वे इस स्ट्रीम में जगह पाने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। इससे महिला अधिकारियों के लिए लड़ाकू भूमिकाओं के द्वार खुल गए हैं।

### विंग्स ऑफ गोल्ड से आस्था पूनिया हुईं सम्मानित

आस्था पूनिया को विंग्स ऑफ गोल्ड सम्मान प्रदान किया गया, जो नौसेना की फाइटर पायलट बनने की पात्रता का प्रतीक है। यह सम्मान उन्हें रियर एडमिरल जनक बेवली, सहायक नौसेना स्टाफ (एयर) की तरफ से आईएनएस डेगा, विशाखापत्तनम में दिया गया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढुल को भी यह सम्मान प्राप्त हुआ। यह समारोह सेकेंड बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स की सफल समाप्ति पर आयोजित हुआ था।

### 1.05 लाख करोड़ की खरीद योजनाओं को मंजूरी



वहीं एक दिन पहले, रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने करीब 1.05 लाख करोड़ की लागत वाली 10 रक्षा खरीद योजनाओं को मंजूरी दी। यह बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार आयोजित की गई थी। इसमें कई रक्षा उपकरण शामिल हैं।

### सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें

- नौसेना पोत
- आर्मर्ड रिकवरी वाहन
- इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम
- त्रि-सेना के लिए संयुक्त इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली
- मूव्ड माइंस और माइंस से सुरक्षा के लिए विशेष जहाज़
- सुपर रैपिड गन माउंट्स
- स्वायत्त डूब सकने वाले पोत
- इन सभी उपकरणों की खरीद स्वदेशी स्रोतों से की जाएगी ताकि भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता को बढ़ावा मिल सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)